kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-135 ❑ मंगलवार, 17 जून 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



सरकार ने पिछले दो वर्षों में राहत तथा आपदा प्रबंधन से जुड़ी सभी एजेंसियों की विभिन्न कार्यशालाओं को एक ही बैठक के तहत लाकर संपूर्ण सरकार के दृष्टिकोण के साथ एक वैचारिक मंच बनाने का काम किया है। इससे कमियों को दूर करने औऱ पूरे देश को आपदा से लड़ाई के लिए तैयार करने में मदद मिलती है। अमित शाह

तटरक्षक बल के गश्त पोत 'अचल' का जलावतरण 11

श्री अकाल तख्त साहिब के स्थापना दिवस पर समारोह आयोजित 12

## संक्षेप

### मई में बेरोजगारी की दर 5.6 प्रतिशत पर

**नयी दिल्ली।** देश में मई 2025 में बेरोजगारी की दर बढ़कर 5.6 प्रतिशत हो गयी है। केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने सोमवार को यहां जारी श्रम बल सर्वेक्षण – मई 2025 में कहा कि अप्रैल 2025 में बेरोजगारी की दर 5.1 प्रतिशत रही थी जो मई में बढ़कर 5.6 प्रतिशत हो गयी है। मंत्रालय ने बताया कि संबंधित सर्वेक्षण में 15 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों को शामिल किया जाता है। मई 2025 के सर्वेक्षण के लिए 7511 गांवों और उप नगरों को शामिल किया गया। इसमें 89 हजार 372 परिवार रहे। कुल तीन लाख 79 हजार 600 लोगों से बात की गयी।

### रक्षा क्षेत्र को साइबर हमलों से बचाने के लिए 'साइबर सुरक्षा' अभ्यास

**नयी दिल्ली।** रक्षा प्रतिष्ठानों को साइबर हमलों से सुरक्षित करने के प्रयासों के अंतर्गत रक्षा साइबर एजेंसी ने सोमवार से व्यापक साइबर सुरक्षा अभ्यास 'साइबर सुरक्षा' शुरू किया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय के तत्वाधान में आयोजित दस दिन का यह बहु–चरणीय अभ्यास राष्ट्रीय स्तर पर साइबर मजबूती बढ़ाने की दिशा में एक कदम है। इसमें प्रशिक्षण सत्र, मूल्यांकन और नेतृत्व की सक्रियता बढ़ाने पर ध्यान दिया जायेगा। इसमें राष्ट्रीय स्तर की एजेंसियों और रक्षा क्षेत्रों के हितधारकों के 100 से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इस अभ्यास को वास्तविक दुनिया के साइबर खतरों, सुरक्षित परंपराओं को सुदृढ़ करने और प्रतिभागियों के विश्लेषणात्मक तथा रक्षात्मक साइबर कौशल का परीक्षण करने के लिए डिजाइन किया गया है। मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारियों (सीआईएसओ) के सम्मेलन को भी 'साइबर सुरक्षा' में शामिल किया गया है। रक्षा साइबर एजेंसी ने तत्परता की स्थिति और सभी स्तरों पर सुरक्षा को प्राथमिकता बनाए रखने के लिए नियमित आधार पर ऐसे अभ्यास आयोजित करने की योजना बनाई है।

### एयर इंडिया ड्रीमलाइनर में फिर आयी तकनीकी खराबी, हांगकांग वापस लौटा

**नयी दिल्ली।** अहमदाबाद लंदन एयर इंडिया विमान हादसे के चार दिन बाद हांगकांग से दिल्ली आ रहे एयर इंडिया के एक और बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान में उड़ान भरने के चंद मिनट बाद तकनीकी समस्या का पता लगने पर उसे वापस हांगकांग लौटना पड़ा। सूत्रों के अनुसार हांगकांग से दिल्ली आने वाली एयर इंडिया की उड़ान एआई315 बीती रात 11 बज कर 59 मिनट पर हांगकांग से रवाना हुई थी। रिकार्ड के अनुसार यह उड़ान तीन घंटे नौ मिनट के विलंब से रवाना हुई थी। उड़ान भरने के बाद पायलट को हवा में ही तकनीकी समस्या का संदेह हुआ।

## गृह मंत्रालय ने जनगणना के लिए अधिसूचना जारी की

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने देश में आगामी जनगणना कराने के लिए अधिसूचना जारी कर दी है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी अधिसूचना में कहा गया है कि जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश को छोड़कर देश भर में जनगणना की संदर्भ तिथि एक मार्च 2027 होगी जबकि बर्फबारी से प्रभावित जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश मैं संदर्भ तिथि एक अक्टूबर 2026 रहेगी। इस बार जनगणना में जाति गणना भी की जाएगी। उल्लेखनीय है कि गृह मंत्री अमित




शाह ने अधिसूचना जारी किये जाने से एक दिन पहले रविवार को केंद्रीय गृह सचिव, महापंजीयक और जनगणना आयुक्त तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आगामी जनगणना की तैयारियों की समीक्षा की थी। गृह मंत्रालय के अनुसार जनगणना दो चरणों में की जाएगी। पहले चरण यानी घरों की सूची तैयार ● शेष पेज 11 पर

## बगैर पैसे के पहलगाम हमला संभव नहीं था: एफएटीएफ

एजेंसी

नयी दिल्ली। आतंकवादी वित्तपोषण नेटवर्क को खत्म करने के उद्देश्य कार्यरत वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) ने 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए क्रूर आतंकवादी हमले पर सोमवार को गंभीर चिंता जतायी और हमले की निंदा करते हुये कहा है कि पहलगाम और अन्य हालिया हमले पैसे और आतंकवादी समर्थकों के बीच धन स्थानांतरित करने के साधनों के बिना नहीं हो सकते थे।

एफएटीएफ ने एक बयान में कहा कि आतंकवादी हमले दुनिया भर में लोगों की जान लेते हैं, उन्हें अपंग बनाते हैं और भय पैदा करते हैं। एफएटीएफ का यह बयान ऐसे समय में आया जब भारत सीमा पार आंतकी गतिविधियों में पाकिस्तान की



भूमिका को वैश्विक स्तर पर उठा रहा है। सूत्रों का कहना है कि एफएटीएफ का यह बयान पाकिस्तान को फिर से ग्रेड सूची में डालने का जोखित पैदा कर सकता है।

❑ कहा- ऐसे हमले सिर्फ बंदूक-बारूद से नहीं होते, इनके पीछे फाइनेंशियल नेटवर्क

पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने पहलगाम में हमला कर 26 पर्यटकों की हत्या कर दी थी। एफएटीएफ की 25 अगस्त 2025 को एशिया प्रशांत ग्रुप की बैठक और 20 अक्टूबर 2025 को एफटीएफ वर्किंग समूह की प्रस्तावित बैठक के मद्देनजर भारत पाकिस्तान के आतंक वित्त पोषण को लेकर विस्तृत डॉजियर सौंपने वाला है ताकि पाकिस्तान को फिर से ग्रे लिस्ट में डाला जा सके। अभी 24 देश ग्रे लिस्ट में है। इस सूची में शामिल देशों को एफएटीएफ की निगरानी में उपाय करने होते हैं। पाकिस्तान को सबसे पहले फरवरी 2008 में इस सूची में शामिल किया गया था और फिर जून 2010 में उससे बाहर हो गया था लेकिन फरवरी 2012 में यह फिर से इस सूची में आ गया और फरवरी 2015 में सूची से बाहर होने में सफल रहा। इसके बाद जून 2018 में यह फिर से ग्रे लिस्ट में आ गया और अक्टूबर 2022 तक इसमें रहा। उस समय पाकिस्तान को धन शोधन विरोधी और आतंक वित्त पोषण के विरूद्ध काम करने के लिए कहा गया था। आतंकवादी वित्तपोषण से निपटने के लिए रूपरेखा निर्धारित करने के अलावा, एफएटीएफ ने देशों द्वारा लागू किए गए उपायों की प्रभावशीलता पर अपना ध्यान केंद्रित किया है। इस तरह आपसी मूल्यांकन के माध्यम से उसने उन कमियों की पहचान की है जिन्हें संबोधित करने की आवश्यकता है। एफएटीएफ ने वैश्विक नेटवर्क में 200 ● शेष पेज 11 पर

# कुछ लोगों को केवल परिवार का विकास अच्छा लगता है : योगी

एजेंसी

अम्बेडकरनगर। समाजवादी पार्टी (सपा) और कंग्रेस का नाम लिये बगैर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन पर निशाना साधते हुये सोमवार को कहा कि कुछ लोगों को केवल परिवार का विकास अच्छा लगता है और यही लोग परिवारवाद के नाम पर जातिवाद का जहर बोते हैं।

अंबेडकरनगर के कटेहरी में आयोजित एक समारोह में जिले के सर्वांगीण विकास के लिए 1,184 करोड़ रुपये की 194 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास के मौके पर उन्होने जनप्रतिनिधियों की मांग पर विचार करते हुए कहा कि अकबरपुर बस स्टैंड का नामकरण 'श्रवणधाम बस स्टैंड' होना चाहिए। यह नामकरण श्रवण धाम की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्ता को



सम्मान देने का प्रयास है, जो मातृ-पितृ भक्ति का प्रतीक है। साथ ही, टांडा बस स्टैंड का नाम स्वर्गीय जयराम वर्मा के नाम पर 'जयराम वर्मा बस स्टैंड' करने का ऐलान किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रवण धाम को रामायण काल से पूर्व के धाम के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने शिव बाबा धाम में विधिवत दर्शन-पूजन कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की।

योगी ने कहा कि कुछ लोगों को प्रदेश का विकास अच्छा नहीं लगता, केवल अपने परिवार का विकास ही अच्छा लगता है। ऐसे लोग परिवार के नाम पर जाति को निशाना बनाते हैं। जातिवाद के नामपर सत्ता में आकर नग्न तांडव करते हैं। समाज को बांटते हैं। ● शेष पेज 11 पर

### समाज को बांटने वालों को बेनकाब करना होगा

सीएम योगी ने कहा कि कुछ लोगों को प्रदेश का विकास अच्छा नहीं लगता, केवल अपने परिवार का विकास ही अच्छा लगता है। ऐसे लोग परिवार के नाम पर जाति को निशाना बनाते हैं। जातिवाद के नामपर सत्ता में आकर नग्न तांडव करते हैं। समाज को बांटते हैं। पर्व त्योहार के उत्साह और उमंग को फीका करते हैं। उन्होंने समाज को बांटने वालों को बेनकाब करने की बात भी कही।

## ईरान पर इजराइल ने फिर एयरस्ट्राइक की



एजेंसी

तेहरान/तेल अवीव। इजराइल और ईरान के बीच 13 जून से लगातार चौथे दिन संघर्ष जारी है। इजराइल ने सोमवार शाम सेंट्रल ईरान पर फिर से एयरस्ट्राइक की। हमले में हुए नुकसान को लेकर अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

इजराइल डिफेंस फोर्स ने एक्स पर ईरान पर हमले का एक वीडियो जारी किया। कैप्शन में बताया कि आज सुबह से इजराइली एयरफोर्स ने मिसाइल लान्चर्स से लदे कई ट्रकों को निशाना बनाया, जो तेहरान की तरफ जा रहे थे। इससे पहले इजराइल ने रविवार रात ईरान के विदेश मंत्रालय पर हमला किया था। इसमें 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए। 14 जून को इजराइली सेना ने ईरानी रक्षा मंत्रालय पर भी हमला किया था। पिछले चार दिनों के दौरान ईरान में 224 लोग इजराइली हमलों से मारे गए हैं। 1,277 से ज्यादा घायल हैं। अमेरिका में स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स ग्रुप ने ईरान में 406 लोगों की मौत का दावा किया है। ईरान के हमले में आज 8 इजराइलियों की मौत ईरान भी लगातार जवाबी कार्रवाई कर रहा है। सोमवार सुबह ईरानी सेना ने सेंट्रल इजराइल में कई जगहों पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। इसमें 8 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 200 से ज्यादा लोग घायल हैं। पिछले 4 दिनों के दौरान इजराइल में ईरान का यह सबसे बड़ा हमला है। ईरानी हमलों से इजराइल ● शेष पेज 11 पर

❑ 4 दिनों में 224 ईरानियों की मौत

❑ इजरायल ने खामेनेई को मारने को लेकर अमेरिकी दावे को किया खारिज

❑ ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई परिवार के साथ बंकर में भूमिगत

### भारतीय छात्रों से संपर्क बनाए हुए हैं : विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली।** ईरान-इस्राइल तनाव के बीच विदेश मंत्रालय ने कहा कि तेहरान में भारतीय दूतावास सुरक्षा स्थिति पर नजर रखे हुए है और भारतीय छात्रों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का काम कर रहा है। मंत्रालय ने बताया कि दूतावास छात्रों से लगातार संपर्क में है। ईरान-इस्राइल संघर्ष के बीच केंद्र सरकार ने सोमवार को कहा कि तेहरान में भारतीय दूतावास लगातार सुरक्षा स्थिति की निगरानी कर रहा है और ईरान में भारतीय छात्रों से संपर्क बनाए हुए है, ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके, साथ ही कुछ मामलों में उन्हें सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया जा रहा है। विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया, 'तेहरान में भारतीय दूतावास लगातार सुरक्षा स्थिति की निगरानी कर रहा है और ईरान में भारतीय छात्रों से संपर्क बनाए हुए है, ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। बयान में आगे कहा गया, 'कुछ मामलों में, छात्रों को दूतावास की सहायता से ईरान के अंदर सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया जा रहा है।

## पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट से चार महिलाओं की मौत; नौ झुलसीं

एजेंसी

अमरोहा। अमरोहा-अतरासी मार्ग पर खेतों के बीच में संचालित एक पटाखा फैक्ट्री में आग लगी है। इस आग में चार महिलाओं की मौके पर मौत हुई है। जबकि एक पुरुष सहित नौ लोग गंभीर रूप से झुलसे हैं। तेज धमाके साथ हुए हादसे से आसपास का इलाका भी दहल गया।

मामले की जानकारी मिलने पर डीएम निधि गुप्ता वत्स व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद भी मौके पर पहुंचे और



घटनास्थल का जायजा लेकर निर्देश दिए हैं। मृतकों के स्वजन से बातचीत करते हुए झुलसने वालों का हाल भी देखा है।

यह फैक्ट्री गांव अतरासी के रहने वाले बिलाल की एक बीघा भूमि को ठेके पर लेकर हापुड़ के थाना नगर कोतवाली क्षेत्र के भंडा पट्टी निवासी सैफउर्रहमान ने लगा रखी है। फैक्ट्री में टीनशेड की छत के दो भवन बने हुए हैं। जहां शादी-बरात में छोड़े जाने वाले बारूद के गोले तैयार किए जाते हैं। फैक्ट्री का पंजीकरण भी सैफउर्रहमान के नाम ही है। इस फैक्ट्री में लगभग 15 से 20 महिलाएं काम करती हैं। फैक्ट्री का भवन पूरी तरह से धरासाई हो गया। शवों को चिथड़े भी खेतों में दूर तक पहुंच गए। ● शेष पेज 11 पर

## मेरठ से सिपाहियों को लाने पहुंचे चार ड्राइवर नशे में मिले, कार्रवाई होगी

लखनऊ। मेरठ से नवनियुक्त सिपाहियों को लखनऊ लाने के लिए चार ड्राइवर नशे में बस की स्टेयरिंग सम्भालने पहुंच गए। ब्रेथ एनालाइजर से जांच हुई तो उनके शराब पीने की पुष्टि हुई।

बस में ड्यूटी पर मौजूद सब-इंस्पेक्टर ने इसकी सूचना पुलिस मुख्यालय में दी। यातायात निदेशालय के एडीजी ने तुरन्त ही इसकी शिकायत परिवहन विभाग अफसरों से की। इसके बाद ही इन ड्राइवरों को वहां से हटा दिया गया और इनके स्थान पर नए चार ड्राइवर भेजे गए। यातायात निदेशालय ने इन ड्राइवरों के खिलाफ कार्रवाई के लिए विभाग से ● शेष पेज 11 पर

## निजीकरण को लेकर नियामक आयोग में दाखिल मसौदे पर बढ़ी रार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण मसौदे पर दाखिल अभिमत पर रार बढ़ती दिख रही है। सोमवार को राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद भी नियामक आयोग पहुंचा और मांग की कि अभिमत के पहले उसकी तरफ से दाखिल लोकमहत्व के प्रस्तावों पर सुनवाई हो। उपभोक्ता परिषद ने इसके लिए भी एक लोकमहत्व का प्रस्ताव दाखिल कर दिया है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि यह निजीकरण का मसौदा नहीं बल्कि घोटाले का पुलिंदा और औद्योगिक समूहों को लाभ देने की साजिश है। प्रस्ताव में कहा गया है कि सबसे सस्ती दरों पर खरीदी जा रही बिजली औद्योगिक समूहों को मिलेगी।

वहीं, सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनियों को महंगी बिजली खरीदने के बाद उसी दर पर उपभोक्ताओं को देनी होगी, जिस पर निजी कंपनियां देंगी। यानी, निजी घरानों को बिना कुछ किए ही लाभ होगा।

❑ राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद भी पहुंचा नियामक आयोग



इसके अलावा उन्होंने निजीकरण के मसौदे में सस्ती दरों पर बिजली कंपनियां बेचने और वितरण हानियां बढ़ाकर दिखाने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि दोनों बिजली कंपनियों की इक्विटी मात्र 6000 से 7000 रुपये रखी गई है। उपभोक्ता परिषद ने कहा कि भारतीय कंपनी अधिनियम-2013 की धारा 232 के मुताबिक कंपनियों को बेचने के पहले राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) से भी अनुमोदन लेना होगा। यह बिजली कंपनियों के मामले पर भी लागू होगा।

### आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख पर साइप्रस ने जतायी प्रतिबद्धता

# यह युग युद्ध का नहीं : प्रधानमंत्री

एजेंसी

निकोसिया( प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि उन्होंने और साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने पश्चिम एशिया और यूरोप में चल रहे संघर्षों पर 'चिंता जताई' और उन दोनों का मानना है कि ''यह युद्ध का युग नहीं है।

मोदी ने यहां क्रिस्टोडौलिडेस के साथ व्यापक वार्ता के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में अपने संबोधन में यह भी कहा कि ''बातचीत के जरिए समाधान और स्थिरता बहाल करना मानवता की मांग है। प्रधानमंत्री ने सीमा पार से होने वाले आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में साइप्रस के समर्थन के लिए भी धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, ''हम सीमा पार से होने वाले आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में साइप्रस के समर्थन के लिए आभारी हैं। प्रधानमंत्री मोदी तीन देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में अभी साइप्रस में हैं। मई में भारत द्वारा 'ऑपरेशन



सिंदूर' चलाए जाने के बाद यह उनकी पहली विदेश यात्रा है। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में, ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादियों के बुनियादी ढांचे को नष्ट कर दिया गया था। संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान अपने संबोधन में राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस ने कहा, ''हमारे बीच ऐतिहासिक मित्रता है और हमारे संबंधों में विश्वास है। उन्होंने 22 अप्रैल के भयावह पहलगाम आतंकी हमले को भी याद किया और कहा कि साइप्रस, भारत के साथ ''पूरी एकजुटता'' के साथ खड़ा है। राष्ट्रपति ने कहा कि साइप्रस आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ खड़ा है। अपने संबोधन में क्रिस्टोडौलिडेस ने अहमदाबाद में 12 जून को हुए एअर इंडिया विमान हादसे का भी जिक्र किया और कहा कि साइप्रस के लोग दुख की इस घड़ी में भारत के साथ हैं। मोदी और क्रिस्टोडौलिडेस ने भारत-साइप्रस संबंधों के सभी पहलुओं पर व्यापक चर्चा की। उन्होंने रक्षा, सुरक्षा, व्यापार, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा, नवीकरणीय ऊर्जा और जलवायु न्याय जैसे क्षेत्रों में सहयोग के बारे में बात की। उन्होंने क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की। मोदी ने कहा, ''हम दोनों ने पश्चिम एशिया और यूरोप में चल रहे संघर्षों पर चिंता व्यक्त की। उनका नकारात्मक प्रभाव केवल उन क्षेत्रों तक ही सीमित नहीं है। हम दोनों का मानना है कि यह युद्ध का युग नहीं है। बातचीत के माध्यम से समाधान और स्थिरता बहाल करना मानवता की मांग है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी यात्रा भारत-साइप्रस द्विपक्षीय संबंधों ● शेष पेज 11 पर

### मोदी को मिला साइप्रस का सर्वोच्च नागरिक अलंकरण

**निकोसिया।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सोमवार को यहां साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से अलंकृत किया गया। साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने राष्ट्रपति महल में प्रधानमंत्री श्री मोदी का स्वागत किया और द्विपक्षीय बैठक के बाद एक संक्षिप्त समारोह में साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'दि ग्रांड क्रॉस ऑफ दि ऑर्डर ऑफ मकारियोस-3' से अलंकृत किया। इस मौके पर श्री मोदी ने कहा कि यह किसी नरेन्द्र मोदी का नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है और वह भारत के नागरिकों की ओर से पूरी विनम्रता से इस सम्मान को स्वीकार कर रहे हैं। उन्होंने भारत एवं साइप्रस के बीच संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने पर भी बल दिया।

# क्षेत्रीय विधायक ने तहसील कोरांव मे वितरित किये सांकेतिक चेक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव, प्रयागराज । विधायक राजमणि कोल ने कोरांव तहसील में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान आपदा पीड़ित किसानों और गरीबों के साथ सरकार की एकजुटता दिखाई। उन्होंने कहा कि सरकार विशेष योजनाएं चलाकर इन परिवारों को लाभान्वित करने के लिए काम कर रही है। इस अवसर पर, उन्होंने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना सहायता योजना के तहत 26 लाभार्थियों को पांच लाख रुपये के सांकेतिक चेक वितरित किए। ये चेक सीधे लाभार्थियों के खातों में हस्तांतरित किए जाएंगे।




## मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना सहायता योजना

इस योजना के तहत, किसी भी दुर्घटना में मृत्यु होने पर सरकार पीड़ित परिवार को पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करती है।

## लेखपालों को चेतावनी

विधायक राजमणि कोल ने लेखपालों को चेतावनी दी कि वे जनता का कार्य ईमानदारी से करें और अपने दायित्वों का निर्वहन करें, अन्यथा उन्हें कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

## सरकारी सहायता

सरकार आपदा पीड़ितों के साथ खड़ी है और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए काम कर रही है।इस कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी कोरांव आकांक्षा सिंह, तहसीलदार विनय कुमार बरनवाल और भारतीय जनता पार्टी के कई पदाधिकारी मौजूद थे। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जनता की समस्याओं का गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करें और अपने अधिकारियों के आदेशों का पालन करें।

# दो मासूम बच्चों की मौत, मां पर बच्चों को जहर देने का आरोप

## पति ने कहा–खेत पर मिलने बुलाया, फिर दिया जहर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

उन्नाव। पुरवा कोतवाली क्षेत्र संदिग्ध परिस्थिति में ढाई साल की बच्ची और छह महीने के मासूम की मौत हो गई। पिता ने अपनी पत्नी पर बच्चों को ज़हर देने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना पुरवा थाना क्षेत्र के रम्माखेड़ गांव की है। गांव निवासी रोहित (34), जो अंडे की एक छोटी दुकान चलाता है, ने पुलिस को बताया कि करीब दस दिन पहले पत्नी नेहा से खाना बनाने को लेकर मामूली कहासुनी हो गई थी। इसके बाद नेहा अपने मायके चली गई थी। दोनों बच्चे-पुत्री सोनाक्षी (2.5 वर्ष) और पुत्र ऋतिक (6 माह) - पिता के पास गांव में ही रह गए थे।आपको बताते चलें कि सोमवार



सुबह करीब 8 बजे पड़ोसी रंजीता ने रोहित को बताया कि नेहा खेत पर बुला रही है और बच्चों से मिलने की बात कह रही है। रोहित अपनी साली निकिता को साथ लेकर बाइक से खेत पर पहुंचा। पुलिस को दिए बयान में रोहित ने बताया कि खेत में बातचीत के दौरान नेहा ने दोनों बच्चों को अपनी गोद में ले लिया। तभी अचानक कुछ जानवर खेत में घुस आए, जिन्हें भगाने रोहित आगे चला गया। जब वह लौटकर आया तो नेहा ने बच्चों को वापस करते हुए सिर्फ इतना कहा- ''मेरा काम हो गया।'' बच्चों को वापस लेने के कुछ ही मिनटों बाद छोटा बच्चा ऋतिक अचानक तड़पने लगा। घबराए रोहित ने तुरंत अपने चाचा दिलीप को सूचना दी और बच्चों को अस्पताल ले जाया गया। लेकिन अफसोस, रास्ते में ही दोनों ने दम तोड़ दिया।

## आपस में मिलजुल कर करे वादकारी के हित मे काम

**कोरांव, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आपस में मिलजुल कर करे वादकारी के हित में काम प्रयागराज के तहसील में बार और बेंच के बीच विवाद को सुलझाने के लिए आपसी बातचीत और समझौते की आवश्यकता है। एसडीएम आकांक्षा सिंह ने स्पष्ट किया है कि उनका उद्देश्य सही काम करना है और अधिवक्ताओं से कोई नाराजगी नहीं है। अधिवक्ताओं की बुद्धिजीवी और समझदार होने के नाते, वे विवाद को समाप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं और वादकारियों के हित में काम कर सकते हैं। आपसी सामंजस्य से न्यायिक कार्य और सरकारी कामकाज सुचारु रूप से चल सकते हैं

## तहसीलदार का थप्पड़ मारते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल



**आजमगढ़, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद के सदर तहसीलदार का थप्पड़ मारते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में जहां वह लेखपाल और अपने सुरक्षा कर्मियों के साथ गुमटी के दुकान पर पहुंचे और दुकानदार से बातचीत करते हुए थप्पड़ मारा, इस घटना का वीडियो सीसी टीवी में कैद हो गया। जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।आपको बता दे की आजमगढ़ जिले के सदर तहसील क्षेत्र में शहर कोतवाली के अजमतगढ़ कोडर गांव में अवैध तरीके से एक गुमटी लगाकर अपना जीवन यापन कर रहा दुकान पर सदर तहसीलदार पहुंचे। जहां वह पहले बातचीत की और थप्पड़ मारा, इस पूरी घटना का वीडियो सीसीटीवी में कैद हो गया।स्थानीय प्रशासन के अनुसार बताया गया कि कोतवाली क्षेत्र के अजमतगढ़ कोडर गांव में बना एटलस टैंक पोखरा, जो अमृत सरोवर योजना के तहत वहां पर अगल–बगल पेड़ लगाए गए थे, जहां उन पेड़ों को काटकर गुमती की दुकानें लगाई गई। जिसे स्थानीय प्रशासन ने हटाने को कहा था, लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी नहीं हटा। जब इस मामले में कार्यवाही को लेकर जिले के सदर तहसीलदार शैलेश कुमार पहुंचे। उस गुमती के दुकानदार से बातचीत के दौरान गाली देने का आरोप उन पर लगा और थप्पड़ भी मारा। जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। देखना यह होगा की तहसीलदार के ऊपर क्या कार्रवाई होती है।

## प्रेम प्रसंग में ओला चालक की निर्मम हत्या, प्रेमिका के पति और उसके बेटे पर आरोप

### रहीमाबाद पुलिस ने आरोपी पिता–पुत्र को हिरासत में लेकर शुरू की पूछताछ



**रहीमाबाद/लखनऊ।** प्रेम प्रसंग के चलते ओला चालक की बेरहमी से दौड़ा दौड़ाकर निर्मम हत्या कर दी गई। इस घटना से पूरे इलाके में दहशत फैल गई है। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रहीमाबाद के हामिद खेड़ा मजरा मवईकला निवासी संजय कुमार गौतम 35 पुत्र स्व. जंगली प्रसाद का विवाह करीब 12 वर्ष पूर्व ठाकुरगंज के बरौरा निवासी रानी से हुआ था। रानी और संजय के तीन बेटे अजीत, अनुराग और अतुल है। संजय ओला कार चलाकर अपने परिवार का जीवन यापन करता था। संजय का मीरा नामक महिला से भी प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसको लेकर संजय और उसकी पत्नी रानी के बीच अक्सर कहासुनी हुआ करती थी। क़रीब 3 वर्ष पूर्व पति के प्रेम प्रसंग से परेशान होकर रानी संजय को छोड़कर अपने एक बेटे अतुल के साथ मायके चली गयी थी। पत्नी के मायके जाने के बाद संजय शादीशुदा मीरा को साथ लेकर अलग रहने लगा था। मीरा का पति सुनील संजय के इस रिश्ते से नाराज था और कई बार उसे धमकी भी दे चुका था। मीरा का एक 18 वर्ष का लड़का भी है लेकिन संजय और मीरा नें बिना किसी की परवाह किये बग़ैर एक दूसरे का साथ नही छोड़ा और वह साथ साथ रह रहे थे। रविवार को संजय अपनी माँ के पास गांव आया था। रात्रि क़रीब 8 बजे संजय खाना खाकर सो गया था। रात्रि क़रीब 12 बजे जब दरवाजा ख़ट खटाने की आवाज़ आयी तो संजय की मां ने दरवाजा खोला तभी हमलावरों ने उनका गला पकड़ लिया। माँ की चीख पुकार की आवाज़ सुनकर जैसे ही संजय उठकर आया बदमाशो ने उसकी माँ को धक्का देकर संजय के साथ मारपीट करने लगे, इतने में उनलोगों नें घर मे रखा घास काटने वाला गड़ासा उठाकर संजय के गर्दन सहित शरीर पर ताबड़तोड़ हमला बोल दिया, लहूलुहान हालात में संजय घर से भागकर पास की नहर में फंाद गया लेकिन हमलावरों ने उसका पीछा कर मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद संजय की मां रामदुलारी ने थाना रहीमाबाद में दी गई तहरीर में संजय की हत्या की साजिश रचने का आरोप मीरा के पति सुनील व उसके लड़के दिव्यांश पर लगाया है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी सुनील सहित चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। इस दिल दहला देने वाली घटना के बाद से इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा प्रतीत हो रहा है, लेकिन अन्य पहलुओं पर भी जांच की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

## चेकिंग में चोरी की बाइक व गांजा बरामद, एक गिरफ्तार मुख्य अभियुक्त फरार

**जालौन।** माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र में भीम नगर तिराहे पर पुलिस की सघन चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर चोरी की दो बाइक, ट्रैक्टर का सूपड़ा और बड़ी मात्रा में गांजा बरामद हुआ। हालांकि, पुलिस की मौजूदगी का पता चलते ही मुख्य आरोपित मौके से फरार हो गया।बता दें कि, कोतवाल बृजेश बहादुर सिंह के नेतृत्व में सोमवार को दरोगा सदींप कुमार सिंह, सुरेंद्र सिंह, शिवकरन सिंह और पुलिस फोर्स की टीम ने भीम नगर तिराहे पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान मध्य प्रदेश की ओर से एक युवक बाइक से आता दिखाई दिया। पुलिस को देखते ही वह संदिग्ध व्यवहार करने लगा और भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसे दौड़कर पकड़ लिया।



## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृत्ति | चलने के दिन | चलने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जंक्शन | 08:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04087 | पटना जंक्शन | 10:00 | नई दिल्ली | 03:20 | | | 11.07.2025 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | शेखपुरा | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04063 | शेखपुरा | 06:00 | नई दिल्ली | 01:10 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जंक्शन | 22:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04065 | सहरसा जंक्शन | 23:55 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | त्रि–साप्ताहिक | सोमवार, बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | मंगल, गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04012 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | दरभंगा जंक्शन | 20:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04011 | दरभंगा जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 22:40 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04024 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | वाराणसी जंक्शन | 09:45 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04023 | वाराणसी जंक्शन | 18:35 | दिल्ली जंक्शन | 08:50 | | मंगल,शुक्र,रवि | 11.07.2025 तक |
| 04026 | दिल्ली जंक्शन | 23:05 | रक्सौल जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04025 | रक्सौल जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 17:45 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04018 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 04:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04017 | मुजफ्फरपुर जं | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04020 | आनंद विहार (ट) | 19:30 | बरौनी जंक्शन | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04019 | बरौनी जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 04:59 | जयनगर | 05:20 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04095 | जयनगर | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 08:10 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04098 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | सीतामढी | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04097 | सीतामढी | 03:45 | आनंद विहार (ट) | 01:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04094 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04093 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04207 | लखनऊ जंक्शन | 08:05 | नई दिल्ली | 18:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04208 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ जंक्शन | 06:35 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन | 11:45 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन | 21:50 | | | 30.06.2025 तक |
| 04219 | शाहगंज जंक्शन | 22:35 | अयोध्या धाम जंक्शन | 01:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम जंक्शन | 02:10 | शाहगंज जंक्शन | 04:40 | | | 10.07.2025 तक |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन (वंदे भारत स्पेशल) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 06 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 11.07.2025 तक |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ जंक्शन | 06:30 | | | 11.07.2025 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 18:15 | वाराणसी जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04603 | वाराणसी जंक्शन | 05:00 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:00 | | मंगलवार | 08.07.2025 तक |
| 04206 | वाराणसी जंक्शन | 14:50 | चंडीगढ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 04205 | चंडीगढ | 09:30 | वाराणसी जंक्शन | 01:20 | | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04518 | बठिण्डा जंक्शन | 20:50 | वाराणसी जंक्शन | 17:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04517 | वाराणसी जंक्शन | 20:40 | बठिण्डा जंक्शन | 17:00 | | मंगल, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04302 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 15.07.2025 तक |
| 04301 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 15:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 04610 | जम्मू तवी | 06:20 | वाराणसी जंक्शन | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 09.07.2025 तक |
| 04609 | वाराणसी जंक्शन | 09:00 | जम्मू तवी | 07:45 | | शुक्रवार | 10.07.2025 तक |
| 04304 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04303 | गोरखपुर | 09:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04602 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 15:10 | पटना जंक्शन | 18:00 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04601 | पटना जंक्शन | 20:50 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 23:55 | | गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जंक्शन | 20:10 | दरभंगा जंक्शन | 02:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04607 | दरभंगा जंक्शन | 04:00 | अमृतसर जंक्शन | 10:30 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04212 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 14:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 23.06.2025 तक |
| 04211 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 16:35 | सुल्तानपुर जंक्शन | 23:00 | | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 05559 | रक्सौल जंक्शन | 05:30 | उधना जंक्शन | 12:35 | साप्ताहिक | शनिवार | 26.07.2025 तक |
| 05560 | उधना जंक्शन | 15:35 | रक्सौल जंक्शन | 00:15 | | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 04058 | नई दिल्ली | 19:30 | सहरसा जं. | 19:50 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04057 | सहरसा जं. | 21:40 | नई दिल्ली | 23:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04072 | दिल्ली जं. | 11:00 | दरभंगा जं. | 13:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04071 | दरभंगा जं. | 15:00 | दिल्ली जं. | 18:50 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04074 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04073 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 03255 | पटना जंक्शन | 22:20 | आनंद विहार (ट) | 18:35 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, गुरु | 02.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:30 | पटना जंक्शन | 18:35 | | सोम, शुक्र | 03.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 08.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 04092 | नई दिल्ली | 19:30 | हावड़ा जंक्शन | 21:40 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनि | 19.07.2025 तक |
| 04091 | हावड़ा जंक्शन | 23:50 | नई दिल्ली | 01:00 | | गुरु, रवि | 20.07.2025 तक |
| 04216 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | साबरमती | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 04215 | साबरमती | 08:50 | सुल्तानपुर जंक्शन | 11:00 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09639 | मदार जंक्शन | 04:30 | रोहतक जंक्शन | 12:50 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 09640 | रोहतक जं | 13:20 | मदार जंक्शन | 22:35 | | | 30.06.2025 तक |
| 04504 | चंडीगढ़ | 23:35 | पटना जंक्शन | 22:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04503 | पटना जंक्शन | 22:45 | चंडीगढ़ | 23:10 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार (ट.) | 13:40 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03436 | आनंद विहार (ट.) | 15:45 | मालदा टाउन | 23:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 06597 | यशवंतपुर जं | 07:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 10:20 | साप्ताहिक | गुरुवार | 19.06.25 से 03.07.25 |
| 06598 | योग नगरी ऋषिकेश | 17:55 | यशवंतपुर जं | 19:45 | | शनिवार | 21.06.25 से 05.07.25 |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट) | 22:10 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 17.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05306 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | छपरा | 22:50 | | बुध, शनि | 19.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जंक्शन | 22:45 | दिल्ली जंक्शन | 12:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 06.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जंक्शन | 14:00 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01701 | जबलपुर | 19:40 | अयोध्या कैंट | 11:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01702 | अयोध्या कैंट | 13:30 | जबलपुर | 04:15 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जंक्शन | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 28.06.2025 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:30 | धनबाद जंक्शन | 13:00 | | बुध, रवि | 29.06.2025 तक |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट) | 08:20 | गया | 00:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 28.07.2025 तक |
| 03697 | गया | 14:15 | दिल्ली जंक्शन | 07:45 | सप्ताह में 6 दिन | रवि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जंक्शन | 08:55 | गया | 00:30 | | सोम को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 05577 | सहरसा जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | सप्ताह में 5 दिन | गुरु, शनि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 05578 | आनंद विहार (ट) | 05:15 | सहरसा जंक्शन | 10:30 | | शनि, सोम को छोड़कर | 02.07.2025 तक |
| 02393 | राजेंद्र नगर (ट) | 19:45 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 18:30 | राजेंद्र नगर (ट) | 10:00 | | शुक्र को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 02877 | रांची | 23:55 | नई दिल्ली | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 02878 | नई दिल्ली | 04:00 | रांची | 05:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जंक्शन | 21:00 | अमृतसर जंक्शन | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 05735 | अमृतसर जंक्शन | 13:25 | कटिहार जंक्शन | 23:45 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | वाराणसी जंक्शन | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09184 | वाराणसी जंक्शन | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 06:05 | हरिद्वार जंक्शन | 06:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03224 | हरिद्वार जंक्शन | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03222 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 03:15 | राजगीर | 15:00 | | बुधवार | 02.07.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13:40 | अयोध्या कैंट | 09:30 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05741 | अयोध्या कैंट | 11:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03311 | धनबाद जंक्शन | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जंक्शन | 09:00 | | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 05113 | छपरा | 15:45 | आनंद विहार (ट.) | 14:25 | साप्ताहिक | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 05114 | आनंद विहार (ट.) | 16:00 | छपरा | 14:00 | | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05301 | मऊ जंक्शन | 04:00 | अंबाला कैंट | 00:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जंक्शन | 22:00 | | शुक्रवार | 18.07.2025 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 14.07.2025 तक |
| 05194 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 00:10 | छपरा | 08:00 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 07363 | हुब्बल्ली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्ली जंक्शन | 06:30 | | गुरुवार | 27.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09101 | वडोदरा जंक्शन | 16:45 | हरिद्वार जंक्शन | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09102 | हरिद्वार जंक्शन | 16:45 | वडोदरा जंक्शन | 12:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 07621 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 08:45 | हजरत निजामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | 21:40 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 00:35 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जंक्शन | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जंक्शन | 21:00 | | शनि, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जंक्शन | 10:00 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 09004 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | मुंबई सेंट्रल | 13:30 | | बुध, शनि | 28.06.2025 तक |
| 09425 | साबरमती | 17:20 | हरिद्वार जंक्शन | 17:00 | द्वि–साप्ताहिक | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जंक्शन | 21:00 | साबरमती | 22:30 | | शुक्र, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:35 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 01705 | जबलपुर | 15:45 | हरिद्वार जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01706 | हरिद्वार जंक्शन | 17:40 | जबलपुर | 17:50 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 04050 | नई दिल्ली | 21:35 | ऐशबाग | 12:35 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 13.07.2025 तक |
| 04049 | ऐशबाग | 18:45 | नई दिल्ली | 11:00 | | शनि, सोम | 14.07.2025 तक |
| 04525 | सहारनपुर जं. | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | | 15.07.2025 तक |
| 04526 | अम्बाला कैंट | 20:20 | सहारनपुर जं. | 22:30 | | | 15.07.2025 तक |
| 04068 | नई दिल्ली | 14:00 | भागलपुर | 13:30 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, बुध | 09.07.2025 तक |
| 04067 | भागलपुर | 14:30 | नई दिल्ली | 14:30 | | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04030 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 08.07.2025 तक |
| 04029 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | बुध, रवि | 09.07.2025 तक |
| 04618 | अमृतसर | 20:10 | सहरसा जं. | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, मंगल | 08.07.2025 तक |
| 04617 | सहरसा जं. | 04:40 | अमृतसर | 14:00 | | बुध, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं. | 13:30 | आनंद विहार (ट) | 10:00 | साप्ताहिक | शनि | 19.07.2025 तक |
| 05220 | आनंद विहार (ट) | 12:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 09:45 | | रवि | 20.07.2025 तक |
| 05447 | पीलीभीत जं. | 12:10 | शाहजहाँपुर | 13:50 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 05448 | शाहजहाँपुर | 14:35 | पीलीभीत जं. | 16:30 | | | 30.06.2025 तक |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:30 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 05284 | आनंद विहार (ट) | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:50 | | शनि | 28.06.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:20 | सप्ताह में 6 दिन | शुक्र को छोड़कर | 03.08.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | 03.08.2025 तक |
| 04606 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:30 | गुवाहाटी | 19:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04605 | गुवाहाटी | 23:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 20:45 | | सोम | 14.07.2025 तक |
| 07077 | चर्लापल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लापल्ली | 22:30 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत

# 14 आश्रित परिवारों को वितरित किए गए 5-5 लाख रुपये के चेक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज तहसील सभागार में सोमवार को एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत मृतक कृषकों के आश्रित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। कार्यक्रम का आयोजन तहसील सभागार हॉल में किया गया, जहां मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक अमरेश कुमार रावत ने सहभागिता की।इस मौके पर उपजिलाधिकारी अंकित शुक्ला, तहसीलदार रामेश्वर प्रसाद, नायब तहसीलदार वधुन्धरा सिंह व शैव्या मिश्रा भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम के दौरान 14 मृतक कृषकों के आश्रित परिवारों को 5-5 लाख रुपये की अनुदान राशि के चेक



वितरित किए गए।विधायक अमरेश रावत ने चेक वितरण के बाद सभी आश्रित परिवारों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य में किसान हितैषी योजनाएं प्रभावी ढंग से लागू की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि कृषकों की किसी भी दुर्घटना में हुई मृत्यु पर उनके परिजनों को आर्थिक संकट से उबरने हेतु सरकार हर संभव सहायता कर रही है।

विधायक ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत राज्य भर में अब तक 11,690 आश्रित परिवारों को 561.86 करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान की जा चुकी है, जो इस योजना की व्यापकता और प्रभावशीलता को दर्शाता है।कार्यक्रम के अंत में प्रशासनिक अधिकारियों ने आश्रित परिवारों को भरोसा दिलाया कि सरकार और प्रशासन हर कदम पर उनके साथ है और भविष्य में भी किसी भी आवश्यकता पर तत्परता से सहयोग किया जाएगा।

# एसीपी कार्यालय के सामने हुई मारपीट मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज।लखनऊ,मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के कल्ली पूरब गाँव में रविवार को दरवाजा लगाने को लेकर शुरू हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। ग्राम प्रधान रामखेलावन और किसान राम जियावन के बीच शुरू हुई यह कहासुनी देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। विवाद की सूचना पर ग्राम प्रधान जब थाने पहुँचे और मामले की शिकायत कर रहे थे, तभी किसान पक्ष के लोगों ने थाने पर ही प्रधान पक्ष के लोगों पर हमला कर दिया।

इस हमले में ग्राम प्रधान के साथ मौजूद कई लोग घायल हो गए। थाने पर हुई इस घटना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मौके से मारपीट में शामिल नौ लोगों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि अन्य लोग मौके से फरार हो गए। थाने के सिपाही विकास जायसवाल की




तहरीर पर पुलिस ने हमले में शामिल चौदह नामजद और 25 से 30 अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार सभी आरोपियों पर शांति भंग करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने, हमला करने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसी धाराएँ लगाई गई हैं।इस मामले में सोमवार को एसीपी रजनीश वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए गाँव के पास से विशाल, राहुल और सतगुरु नाम के तीन और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि फरार अन्य अभियुक्तों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है और जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।घटना के बाद से कल्ली पूरब गाँव में तनाव का माहौल है। किसी भी अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए गाँव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों से शांति बनाए रखने की अपील की है।यह मामला अब राजनीतिक रंग भी लेने लगा है, क्योंकि ग्राम प्रधान और किसान दोनों ही अपने-अपने पक्ष में समर्थकों को लामबंद कर रहे हैं। प्रशासन की नजर पूरे घटनाक्रम पर बनी हुई है, और स्थिति सामान्य बनाए रखने के लिए उच्चाधिकारी लगातार निगरानी कर रहे हैं।

# 25 हजार के इनामी जालसाज़ को लखनऊ पुलिस और एसटीएफ ने किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में ज़मीन के नाम पर सेना व अर्द्धसैनिक बलों के जवानों सहित सौ से अधिक लोगों से धोखाधड़ी करने वाला शातिर जालसाज़ आखिरकार कानून के शिकंजे में आ गया। पुलिस कमिश्नर लखनऊ अमरेन्द्र सिंह सेंगर के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराधियों के विरुद्ध अभियान के तहत मोहनलालगंज थाना पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने आरोपी प्रमोद कुमार उपाध्याय को गिरफ्तार किया। उसके विरुद्ध पहले से ही ?25,000 का इनाम घोषित था।प्रमोद उपाध्याय ने खुद को एक प्रतिष्ठित रियल एस्टेट कंपनी का प्रतिनिधि बताते हुए कई भोले-भाले लोगों को सस्ते प्लॉट देने का लालच देकर ठगा। सेना और अर्द्धसैनिक बलों के उन कर्मियों को विशेष रूप से निशाना बनाया गया जो अपनी ड्यूटी के कारण पूरी तरह से भूमि की जांच नहीं कर पाते थे। अभियुक्त आकर्षक ऑफर




देकर प्लॉट की रजिस्ट्री करवा देता था लेकिन बाद में पीड़ितों को न तो ज़मीन का कब्ज़ा मिलता था और न ही किसी प्रकार का वैध स्वामित्व प्रमाण।इस मामले की शुरुआत तब हुई जब महाराष्ट्र की रहने वाली लक्ष्मी देवी कुकरेती ने 30 मार्च 2025 को थाना मोहनलालगंज में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उन्होंने वर्ष 2021 में ग्राम मऊ स्थित भूमि को लखनऊ की एक कंपनी सीएचके इन्फ्राविजन प्राइवेट लिमिटेड से खरीदा था, लेकिन रजिस्ट्री होने के बावजूद कब्जा नहीं मिला। पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी इसी प्रकार की ठगी कई बार दोहरा चुका है।पुलिस को जांच में यह भी पता चला कि आरोपी के खिलाफ मोहनलालगंज, सरोजनीनगर, आशियाना, कैंट और पीजीआई थानों में धोखाधड़ी, धमकी, आपराधिक साजिश और एससी/एसटी एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं में 30 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी के समय पुलिस ने उसके पास से उसकी फर्जी कंपनी से जुड़े दो ब्रोशर और चार मोहरें भी बरामद की हैं।अभियुक्त को 15 जून को मोहनलालगंज क्षेत्र स्थित कान्हा उपवन के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी की कार्रवाई थाना मोहनलालगंज और एसटीएफ की संयुक्त टीम द्वारा की गई।लखनऊ पुलिस ने इस कार्रवाई को ठगी के नेटवर्क पर करारा प्रहार बताया है। पुलिस का कहना है कि अन्य पीड़ितों की शिकायतों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है और मामले की जांच विस्तृत स्तर पर जारी है।

# लखनऊ के घंटाघर पार्क को मिलेगी नई सज्जा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। नगर निगम ने शहर के ऐतिहासिक अमीनाबाद घंटाघर पार्क को स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सोमवार को अपर नगर आयुक्त ललित कुमार ने पार्क का निरीक्षण कर सफाई और सौंदर्यीकरण कार्यों को गति प्रदान की। यह निरीक्षण उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री और लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना के शनिवार को दिए गए निर्देशों के बाद किया गया, जिसमें उन्होंने पार्क की स्थिति सुधारने के लिए त्वरित कार्रवाई के आदेश दिए थे। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पार्क में कूड़ा और निर्माण सामग्री का ढेर जमा था। इसके तुरंत बाद नगर निगम की टीम ने सफाई अभियान शुरू कर दिया। पार्क के चारों ओर गहन सफाई कार्य चल रहा है, साथ ही सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मुख्य प्रवेश द्वारों पर लोहे के गेट लगाए जा रहे हैं और गार्ड की तैनाती की जाएगी। पार्क



की बाउंड्री को ऊंचा करने का काम भी तेजी से चल रहा है ताकि बाहरी गंदगी और असामाजिक तत्वों को रोका जा सके। अपर नगर आयुक्त ललित कुमार ने बताया कि पार्क को हरा-भरा और आकर्षक बनाने के लिए पौधारोपण, बेहतर प्रकाश व्यवस्था और बैठने की उचित व्यवस्था की जाएगी। यह कदम न केवल पार्क की सुंदरता बढ़ाएंगे, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा देंगे। निरीक्षण के दौरान स्थानीय पार्षद शफीकुर्रहमान, जोन-1 के अधिशासी अभियंता किशोरी लाल और स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने पार्क को जल्द से जल्द व्यवस्थित करने का संकल्प दोहराया।लखनऊ वासियों के लिए यह पहल न केवल घंटाघर पार्क को नया जीवन देगी, बल्कि शहर के अन्य सार्वजनिक स्थलों के लिए भी एक मिसाल कायम करेगी। मेरा शहर मेरी शान के संदेश को साकार करते हुए नगर निगम का यह प्रयास शहर की सुंदरता और स्वच्छता को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

# नगर निगम की शहर को स्वच्छ बनाने की मुहिम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सोमवार को नगर निगम ने महापौर सुषमा खर्कवाल के निर्देश पर शहर में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। विभिन्न जोनों में जोनल अधिकारियों, प्रवर्तन दलों और पुलिस के सहयोग से अवैध निर्माण और अस्थायी कब्जे हटाए गए। जोन-3 में जोनल अधिकारी अमरजीत यादव के नेतृत्व में हजारी लाल स्कूल से एस.बी.आई. कॉलोनी तक नाले पर बने 20 झुग्गियों और 15 टीनशेड निर्माण ध्वस्त किए गए। जोन-5 में जोनल अधिकारी नन्द किशोर के नेतृत्व में नादरगंज और अमौसी क्षेत्र में ठेले, गुमटी और काउंटर हटाए गए। कानपुर मार्ग पर अवैध आम मंडी हटाई गई। यहाँ चन्दर नगर मार्केट का भी निरीक्षण कर अतिक्रमण हटवाया गया। इसके अलावा जोन-6 में जोनल अधिकारी मनोज यादव ने दौलतगंज में मेहताब बाग से एलडीए कॉलोनी तक कई






ठेले, गुमटीयां और कई अस्थायी दुकानें हटवाईं। अभियान चला रहे अधिकारीयों द्वारा अतिक्रमणकर्ताओं को चेतावनी दी गई और थानाध्यक्ष को पत्र लिखकर दोबारा अतिक्रमण रोकने का अनुरोध किया गया। नगर निगम ने स्वच्छ और सुरक्षित सार्वजनिक मार्ग सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान चलाया। भविष्य में भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। लखनऊ वासियों ने इस पहल का स्वागत किया और नियमित अभियानों की उम्मीद जताई।

# ओम साईं सिटी समेत दो कॉलोनियां ध्वस्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। एलडीए ने सोमवार को गोमती नगर विस्तार में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर प्रवर्तन जोन-1 की टीम ने चंदियामऊ में दो अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया। इनमें ओम साईं सिटी और दूसरी कॉलोनी शामिल हैं, जो करीब 50 बीघा जमीन पर बिना अनुमति विकसित की जा रही थीं। जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि विष्णु तिवारी, शैलेंद्र मोहन श्रीवास्तव और अन्य लोग न्यू ऐरा एकेडमी के सामने 20 बीघा में ओम साईं सिटी नाम से अवैध कॉलोनी बना रहे थे। वहीं सी.बी. सिंह पम्मी और अन्य द्वारा शालीमार वन वर्ल्ड के पास 30 बीघा में दूसरी अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। दोनों कॉलोनियों में सड़क,



नाली, बाउंड्रीवॉल, साइट ऑफिस और बिजली के खंभे बनाए गए थे, जिन्हें प्रवर्तन दस्ते ने बुलडोजर से तोड़ दिया। एलडीए ने बिना ले-आउट स्वीकृति के बन रही इन कॉलोनियों के खिलाफ एलडीए कोर्ट में मामला दायर किया था, जिसके आदेश पर पुलिस बल की मदद से यह कार्रवाई की गई।

# जातीय जनगणना अधिसूचना स्वागतयोग्य, यह फैसला दबाव और देरी का नतीजा : अनीस मंसूरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी ने केंद्र सरकार द्वारा जनगणना अधिसूचना जारी किए जाने को स्वागतयोग्य कदम बताया है, लेकिन साथ ही इसे देरी से लिया गया फैसला और दबाव की उपज बताया है। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना की माँग वर्षों से उठती रही है, लेकिन भाजपा सरकार ने अब तक इसे नजरअंदाज़ किया।

अनीस मंसूरी ने कहा कि भाजपा सरकार सामाजिक न्याय की बातें तो करती है लेकिन उसकी नीयत और नीति में भारी अंतर है। उन्होंने कहा कि पसमांदा मुसलमानों की सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक स्थिति को समझे बिना कोई भी योजना न्यायपूर्ण नहीं हो सकती।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ही एकमात्र ऐसी ताक़त है जिसने पसमांदा, पिछड़े और वंचित तबकों को सही मायनों में आवाज़ दी और हिस्सेदारी की लड़ाई लड़ी। नेताजी मुलायम सिंह यादव से



लेकर अखिलेश यादव तक ने हमेशा जातीय जनगणना को जनहित का मुद्दा बनाया।

पूर्व मंत्री मंसूरी ने सवाल उठाया कि क्या यह जनगणना पसमांदा मुस्लिम समाज की सच्ची तस्वीर सामने लाएगी, या फिर इसे भी चुनावी स्टंट बनाकर अधूरा छोड़ दिया जाएगा? उन्होंने कहा कि सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी जातियों और वर्गों की निष्पक्ष और वैज्ञानिक गिनती हो, ताकि नीतियों का लाभ वाकई ज़रूरतमंदों तक पहुँचे। उन्होंने दो टूक कहा, ''गिनती के बिना हिस्सेदारी की बात महज़ धोखा है। पसमांदा समाज अब जाग चुका है, और वह केवल वादों से नहीं, हक़ की ठोस गारंटी से संतुष्ट होगा।

# सत्यम मिश्रा हत्याकांड : गिरफ्तारी न होने के पर आम आदमी पार्टी ने किया विधानसभा का घेराव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बाराबंकी की दरियाबाद विधानसभा के सत्यम मिश्रा हत्याकांड में पुलिस का उदासीन रवैया और दोषियों के गिरफ्तारी न होने पर सोमवार को आम आदमी पार्टी ने किया विधानसभा का घेराव किया। सत्यम मिश्रा को न्याय दिलाने के लिए, आम आदमी के हक के लिए अपनी आवाज बुलंद करने वाली आम आदमी पार्टी बौद्ध प्रांत के प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक प्रताप सिंह की अगवाई में जीपीओ हजरतगंज से विधानसभा भवन मार्ग तक प्रदर्शन कर विधानसभा का घेराव किया।

बता दें कि बाराबंकी विधानसभा दरियाबाद के सत्यम मिश्रा, जो बीजेपी का मंडल मंत्री था और बीजेपी का सदस्य कार्यकर्ता था, उसकी हत्या करके उसको फंासी पर लटका दिया गया था। जिसके बाद योगी आदित्यनाथ की पुलिस, न्याय की गुहार लगाते पीड़ित परिवार की एफआईआर भी नहीं लिख रही थी। ऐसे में पीड़ित परिवार को न्याय



दिलाने के लिए आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक प्रताप सिंह ने लाश के साथ धरना प्रदर्शन किया। जिसके बाद पुलिस द्वारा एफआईआर लिखी गई थी। इस मामले में पुलिस प्रशासन द्वारा आश्वासन दिया गया था कि 36 घंटे में दोषियों की गिरफ्तारी होगी, लेकिन 15 दिन बीत जाने के बाद भी गिरफ्तारी नहीं हुई। तो वंचित और शोषितों के लिए खड़ी होने वाली आम आदमी पार्टी ने दोषियों पर कार्रवाई करने के लिए प्रशासन को 3 दिन का समय दिया। 3 दिन से लगभग 8 दिन बीत गए प्रशासन ने कोई कार्यवाही नहीं की। ऐसे में सत्यम मिश्रा को न्याय दिलाने के लिए आम आदमी पार्टी ने सड़क पर संघर्ष करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक प्रताप सिंह की अगवाई में विधानसभा का घेराव किया। इस दौरान, आम आदमी पार्टी के तमाम कार्यकर्ताओं और नेताओं को, पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रा) की प्रदेश स्तरीय बैठक हुई संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर । अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रा) की उत्तर प्रदेश कमेटी की समीक्षा बैठक लखनऊ के तेलीबाग स्थित एपीएस लॉन सेनानी बिहार रायबरेली रोड में संपन्न हुई । कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित राजेंद्र नाथ त्रिपाठी

**सुदेव पांडेय को सर्वसम्मति से चुना गया प्रदेश का नया अध्यक्ष**

द्वारा की गई । कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक की शिव प्रकाश मिश्रा सेनानी जी की उपस्थिति में संगठन के बिस्तर पर विचार विमर्श व समीक्षा की गई इसके उपरांत संगठन में कुछ नए पदाधिकारी को सर्वसम्मत से चयनित किया गया जिसमें उत्तर प्रदेश से श्री सुदेव पांडेय जी को उत्तर प्रदेश का कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया। प्रदेश संगठन मंत्री के रूप में नवनीत ओझा वह जिला अध्यक्ष अमेठी तथा प्रदेश सचिव मानव सेवा प्रकोष्ठ राजेश अग्रहरि अनिल द्विवेदी जी को जिला अध्यक्ष लखनऊ चतुर्वेदी जिला उपाध्यक्ष अमेठी प्रसून्न दीक्षित जिला सचिव परशुराम सेना लखनऊ आशुतोष तिवारी विजय परशुराम सेवा के उत्तर प्रदेश प्रभारी वह योगिनी नीलम शर्मा जी को उत्तर प्रदेश के महिला प्रकोष्ठ की संयोजक के रूप में सर्वसम्मत से चुना गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित राजेंद्र नाथ त्रिपाठी न्यू उपस्थित लोगों को एकजुट होकर तन मन धन से एक दूसरे की मदद करने हेतु प्रेरित किया उन्होंने कहा कि आज हर जगह है संगठित लोगों को ही हर प्रकार का लाभ मिल रहा है प्रदेश व देश में जिनकी संख्या मात्र 2-4 प्रतिशत है वह आज शासन व सत्ता में मलाई काट रहे हैं जबकि उत्तर प्रदेश में लगभग 100 के आसपास सीटों पर ब्राह्मण बहुल्यता है इसके बाद भी हम आज भी शासन व सत्ता से दूर होते जा रहे हैं और कोई पूछने वाला नहीं है इसलिए समय रहते हम सभी को एकजुट दिखाते हुए सभी ब्राह्मण बाहुल्य सीटों पर अपने स्वजनों को जिताकर सदन भेजने का कार्य करें जिससे सदन में हमारी आवाज उठाने वालों की संख्या बढ़े और हम अपने हक के लिए सदन से लेकर सड़क तक लड़ सकें । उपस्थित सभी पदाधिकारी द्वारा भी अपने-अपने सुझाव लोगों के समक्ष प्रस्तुत किए गए । इस मौके पर पंडित विशंभर नारायण तिवारी राष्ट्रीय सचिव पंडित शिव प्रकाश मिश्रा सेनानी राष्ट्रीय संरक्षक पंडित ए पी मिश्रा पूर्व पुलिस उपाधीक्षक व उत्तर प्रदेश सलाहकार विनय तिवारी प्रदेश अध्यक्ष परशुराम सेना विजेंद्र शर्मा प्रदेश अध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश हरि शरण मिश्र पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संघ अविनाश शर्मा प्रदेश सचिव तथा सोनू पाठक प्रदेश उपाध्यक्ष सहित सैकड़ो की संख्या में ब्राह्मण बंधु उपस्थित रहे ।

# धौरहरा में किसानों को मिला संबल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

धौरहरा, खीरी । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार सोमवार को धौरहरा तहसील सभागार में कृषक

**कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत 54 लाभार्थियों को आर्थिक सहायता**

दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत आर्थिक सहायता वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 54 लाभार्थियों को सहायता राशि के चेक प्रदान किए गए।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक श्री विनोद शंकर अवस्थी, उपजिलाधिकारी श्री राजेश कुमार, तथा तहसीलदार श्री आदित्य विशाल ने दुर्घटना में मृत अथवा घायल कृषकों के परिजनों को ?5,00,000 एवं ?2,50,000 के चेक सौंपे।

विधायक अवस्थी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि, ''उत्तर प्रदेश सरकार किसानों के साथ हर संकट में खड़ी है।'' उन्होंने इस योजना को सरकार की संवेदनशीलता और किसानों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया।

उपजिलाधिकारी राजेश कुमार ने जानकारी दी कि धौरहरा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत 54 लाभार्थियों को योजना का लाभ प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि यह योजना उन किसानों और उनके परिवारों के लिए एक बड़ी राहत है, जो कृषि कार्य के दौरान किसी अनहोनी का शिकार हो जाते हैं। तहसीलदार आदित्य विशाल ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की और कहा कि इस प्रकार की योजनाएं किसानों को सुरक्षा और सम्मान का भाव देती हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित लाभार्थियों और उनके परिजनों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय किसान, जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण और नागरिक उपस्थित रहे।

## आकाशीय बिजली से मेंढक मंदिर को नुकसान



लखीमपुर-खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश – जिले के ओयल कस्बे में स्थित ऐतिहासिक और प्राचीन नर्मदेश्वर मंदिर (लोकप्रिय रूप से मेंढक मंदिर) के प्रवेश द्वार पर आज सुबह लगभग 5:30 बजे आकाशीय बिजली गिरने की घटना सामने आई। इस दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में मंदिर की संरचना को आंशिक क्षति पहुँची है। बिजली गिरने से मंदिर के अंदर स्थापित कलश और फर्श को नुकसान पहुँचा है। साथ ही, मंदिर के पश्चिमोत्तर दिशा में स्थित गुम्बद का छज्जा भी टूट गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, घटना के समय मंदिर परिसर में कोई श्रद्धालु मौजूद नहीं था, जिससे किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। प्रशासन और मंदिर समिति द्वारा क्षति का आकलन किया जा रहा है और मरम्मत कार्य जल्द शुरू होने की संभावना है। नर्मदेश्वर मंदिर, अपनी अनूठी वास्तुकला और मेंढक के आकार में निर्मित संरचना के कारण पर्यटकों और श्रद्धालुओं के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रहा है। मंदिर में इस तरह की प्राकृतिक आपदा से हुई क्षति ने लोगों को चिंतित कर दिया है। स्थानीय प्रशासन ने बिजली गिरने की घटना के कारणों की जाँच शुरू कर दी है और सुरक्षा उपायों को लेकर समीक्षा की जा रही है।

## प्रधान सचिव मेट रोजगार सेवक सहित जिम्मेदारों की कामधेनु बना मनरेगा

बेहटा,सीतापुर । साहब एक नजर इधर भी क्या शासन का आया कोई नया फरमान जो मनरेगा कार्य में अब 4 बजे के बजाय 6 से 7 के लगभग किया जा रहा मस्टर रोल अटेंडेंस अपलोड वैसे तो देहाती भाषा में एक कहावत है कि कुत्ता भौंकते रहेंगे ,चोर चोरी करते रहेंगे वाली कहावत ब्लॉक बेहटा की ग्राम पंचायतों में स्टीक लागू होती देखी जा रही है जहां पर किसी न किसी पेपर से आए दिन खबरें प्रकाशित होने के बावजूद भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना जिम्मेदारों के लिए पत्थर की लीक साबित होना जैसा लगता है जहां पर एक ही फ़ेश से दर्जनों मस्टर रोल जारी करना 4 बजे तक चंद पंचायतों में काम होते पाया जाना वही पर सूर्य का प्रकाश ढलने के साथ साथ आधा सैकड़ा के लगभग पंचायतों में काम होना दिखा दिया जाता है बेहटा ब्लॉक की दर्जनों पंचायतों में आपको यही नजारा देखने को मिलेगा बावजूद जिम्मेदारों को कार्यवाही न करना एक प्रश्न चिन्ह बना हुआ है यही तक नहीं जहां पर मनरेगा में काम का समय सुबह 8 से लेकर शाम 4 बजे तक रहता है दिन के 4 बजे तक ब्लॉक की अल्प संख्या में काम होना पाया जाता है वहीं पर 6 बजने के लगभग काम होने वाली ग्राम पंचायतों में काफी इजाफा होना शुरू हो जाता है और यह संख्या आधा सैकड़ा के लगभग हो जाती है जिसका मकसद सिर्फ न हो सके भौतिक सत्यापन आखिर इन पर नियंत्रण करने वाले तकनीकी सहायक सहित क्या बिना कोई भौतिक सत्यापन किए व मस्टर रोल का बिना कोई मिलॉन मनमाने तरीके से एम,बी कर देते हैं जो सरासर शासकीय धन का दुरूपयोग है उदाहरणार्थ पंचायतों में हुए काम की 10/6/2025 4,30 घ्ध्र पर 26 गांवों के सापेक्ष 6,29 पर 41 गांव 8/6/2025 , 4,57 पर 21 गांवों के सापेक्ष, 5,45 पर 30 गांव व 5/62025 3,14 पर 18 गांवों के सापेक्ष 7,20 पर 54 गांवों में काम होना दिखाया गया जो सरकार की महत्वकांक्षी महात्मा गांधी मनरेगा गारंटी योजना व जीरो टॉलरेंस नीति पर घातक प्रहार है जो मनरेगा बेबसाइड अवलोकन करने पर मनरेगा में की जाने वाली सच्चाई का खुद ब खुद होगा पर्दाफाश और पंचायत से लेकर ब्लॉक तक तमाम ईमानदारी की चादर ओढ़ने वाले होगे वे नकाब ।

## पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त वीरेन्द्र कुमार पुत्र अशर्फीलाल को गिरफ्तार किया गया

लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता । पुलिस अधीक्षक खीरी, संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी धौरहरा के कुशल मार्गदर्शन में एवं प्रभारी निरीक्षक थाना फूलबेहड़ के नेतृत्व में थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त वीरेन्द्र कुमार पुत्र अशर्फीलाल निवासी ग्राम खमरिया मजरा सिसौरा थाना फूलबेहड जनपद खीरी उम्र करीब 25 वर्ष (सम्बन्धित मु0सं0 1205/234 धारा 128 दं0प्र0सं0) को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा वारण्टी अभियुक्त उपरोक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही हेतु सम्बन्धित माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा गया। गिरफ्तारी में शामिल पुलिस टीम उ0नि0 अशोक कुमार यादव थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी । हे0का0 राजेश पाण्डेय थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी।

## निघासन ब्लॉक में 17 जून को लगेगा निशुल्क जन्म प्रमाण-पत्र शिविर

लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले की निघासन तहसील के अंतर्गत आने वाले ब्लॉक निघासन के क्षेत्रवासियों के लिए खुशखबरी है। ब्लॉक परिसर में मंगलवार, 17 जून को निशुल्क जन्म प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए एक विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में पात्र नागरिकों को मौके पर ही जन्म प्रमाण-पत्र जारी किए जाएंगे। ब्लॉक विकास अधिकारी (बीडीओ) जयेश कुमार सिंह ने ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने पंचायत क्षेत्रों के पात्र लाभार्थियों को शिविर स्थल पर समय से उपस्थित कराएं। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि लाभार्थी सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित हों, ताकि प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न आए।

## बिना जन्म प्रमाणपत्र अटके थे बच्चों के आधार, अब कैंप में मिलेगा समाधान

लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले में परिषदीय विद्यालयों के करीब 16 हजार बच्चों का आधार कार्ड सिर्फ इसलिए नहीं बन पा रहा है क्योंकि उनके पास जन्म प्रमाण पत्र नहीं है। इस बड़ी चुनौती को देखते हुए सीडीओ अभिषेक कुमार ने एक मानवीय पहल करते हुए ब्लॉक स्तर पर विशेष कैंप आयोजित कराने का निर्णय लिया है। ये शिविर 17 जून से 20 जून तक जिले के सभी विकास खंडों में आयोजित किए जाएंगे। इन कैंपों की सबसे बड़ी खासियत यह होगी कि प्रत्येक गांव का सचिव मौके पर मौजूद रहेगा, जो अभिभावकों से आवेदन लेकर तुरंत प्रक्रिया शुरू करेगा। साथ ही, तहसील स्तर से नामित नायब तहसीलदार दस्तावेजों की जांच और सत्यापन का कार्य मौके पर ही करेंगे। जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए नाममात्र शुल्क पर शपथ पत्र की सुविधा भी कैंप स्थल पर उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि ग्रामीणों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इन कैंपों में प्राप्त आवेदनों पर तत्काल जांच रिपोर्ट तैयार कर जन्म प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया भी की जाएगी। जिससे बच्चों का आधार कार्ड बिना किसी देरी के बन सके। सीडीओ अभिषेक कुमार ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य है कि कोई भी बच्चा सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। यूनिफॉर्म, जूते, बैग जैसी छात्र हितकारी योजनाएं तभी प्रभावी होंगी जब बच्चों के पास आधार कार्ड हो।

# पुलिस ने वांछित 02 नफर अभियुक्तगण किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी । संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल मार्गदर्शन में एवं प्रभारी निरीक्षक थाना शारदानगर के नेतृत्व में थाना शारदानगर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 162/2025 धारा 109(1)/351(2) /352 बीएनएस के 02 नफर वांछित अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा गया है। गिरफ्तार अभियुक्त दीनदयाल पुत्र छेद्दू निवासी दाउद्पुर महेवा थाना शारदानगर खीरी छोटेलाल पुत्र दीनदयाल निवासी दाउद्पुर महेवा थाना शारदानगर खीरी अभियुक्तगण के विरुद्ध पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 162/2025 धारा 109(1)/351(2)/352 अभियुक्तगण से एक अदद हंसिया दीनदयाल से बरामद किया गया । गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 संजय कुमार सिंह थाना शारदानगर खीरी,.हे0का0 शाहिद खां थाना शारदानगर खीरी, का0 नौबतराम राजपूत थाना शारदानगर खीरी, का0 शिवम मिश्रा थाना शारदानगर खीरी ।

# संदिग्ध हादसा या सोची-समझी साज़िश? दोस्त के साथ निकले युवक की रहस्यमयी मौत, पुलिस जांच में जुटी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी (पलिया) । पलिया थाना क्षेत्र के छेदनी पुरवा गांव में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने रहस्य और चिंता दोनों को गहरा कर दिया है। मृतक की पहचान 22 वर्षीय निर्मल मौर्य के रूप में हुई है, जिसे सोमवार रात उसका पड़ोसी सचिन घर से बाहर लेकर गया था। कुछ घंटे बाद परिवार को सूचना दी गई कि निर्मल की मौत एक 'हादसे' में हो गई है। सचिन का कहना है कि रास्ते में एक सांड ने हमला कर दिया, जिससे निर्मल की जान चली गई। लेकिन परिजनों को यह कहानी हजम नहीं हो रही। उनका आरोप है कि यह पूरी तरह से सुनियोजित हत्या है। शव की जांच में निर्मल के सीने पर गहरा घाव पाया गया है, जो हादसे की बजाय किसी हिंसक वार की ओर इशारा करता है।



पुलिस ने आरोपी सचिन को हिरासत में ले लिया है, जो पहले भी हत्या के एक मामले में आरोपी रह चुका है।थाना प्रभारी पंकज त्रिपाठी ने बताया कि, ''पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का खुलासा हो सकेगा। प्रथम दृष्टया यह मामला सांड की सींग से टकराने का प्रतीत हो रहा है, लेकिन जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। परिजनों की मांग है कि घटना की निष्पक्ष जांच की जाए और यदि यह हत्या है तो दोषी को सख्त सजा मिले।

# सीडीओ की पहल, गांवों तक पहुंचेंगे दिव्यांगजन उपकरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । जिले में दिव्यांगजन सशक्तिकरण को लेकर प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। एल्मिको के तत्वावधान में धौरहरा, मोहम्मदी और मितौली में क्रमशः 19, 21 और 23 जून को दिव्यांगजन उपकरण वितरण शिविर आयोजित होंगे। खास बात यह है कि इस बार उपकरण सिर्फ शिविर स्थल पर ही नहीं, बल्कि लाभार्थियों के गांव तक पहुंचाए जाएंगे। धौरहरा में 19 जून को आयोजित होने वाले शिविर में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री बीएल वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस शिविर में धौरहरा, ईसानगर व रमियाबेहड़ ब्लॉक के लाभार्थियों को उपकरण वितरित किए जाएंगे। मोहम्मदी और मितौली शिविरों में क्रमशः मोहम्मदी, पसगवां, मितौली व बेहजम ब्लॉकों के दिव्यांगजन को लाभ मिलेगा। सीडीओ की अभिनव पहल : गांव तक डीसीएम से भेजे जाएंगे उपकरण

इस आयोजन को सफल और दिव्यांगजन अनुकूल बनाने के लिए मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने अंतरविभागीय समन्वय बैठक कर अधिकारियों को ज़िम्मेदारियां सौंपीं। सबसे खास पहल यह रही कि दिव्यांगजनों को अब भारी उपकरणों को स्वयं नहीं ढोना होगा। प्रशासन डीसीएम के माध्यम से उपकरणों को उनके गांव तक पहुंचाएगा। साथ ही, दिव्यांगजन और उनके एक सहयोगी के शिविर स्थल तक आने-जाने के लिए ग्राम पंचायत स्तर से बसों की व्यवस्था की गई है, जिसकी ज़िम्मेदारी संबंधित ग्राम सचिवों और पंचायत कर्मियों को दी गई है। शिविर स्थल पर भोजन की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। इस बैठक में एल्मिको के अधिकारी,परियोजना निदेशक एसएन चौरसिया, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, संबंधित ब्लॉकों के बीडीओ, तहसील के नायब तहसीलदार और परिवहन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## पुलिस ने मोबाईल लूटने वाले गैंग के 04 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी, संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी गोला के कुशल मार्गदर्शन में एवं थानाध्यक्ष हैदराबाद के नेतृत्व में आज दिनांक- 16.06.2025 को थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान रोशनगर ऽ ममरी मार्ग से अभियुक्तगण . रेहान पुत्र इरफान खान निवासी मो0 निची फूड वार्ड न0 25 थाना गोला जनपद खीरी उम्र 20 वर्ष अंश तिवारी उर्फ वासु पुत्र राज किशोर तिवारी निवासी मो0 सर्वोद्य नगर थाना गोला खीरी उम्र करीब 20 वर्ष . देव अवस्थी उर्फ देवा पुत्र करुणा शंकर अवस्थी उम्र करीब 20 वर्ष निवासी कुम्हारन टोला वार्ड न0 08 थाना गोला जनपद खीरी अनुराग विश्वास उर्फ बंगाली पुत्र स्व. अमलेन्द्र विश्वास निवासी मो0 कुम्हारन टोला खुटार रोड थाना गोला जनपद खीरी उम्र करीब 19 वर्ष सम्बन्धित को लूट के कुल 06 अदद मोबाईल के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही हेतु मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा गया ।

# एस. ए. पॉलीक्लीनिक पर जल्द होगी कार्यवाही : सूत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर/खैराबाद । लंबे समय से चर्चाओं में रहे एस. ए. पॉलीक्लीनिक हुसैनपुरघाट पर अब जल्द ही प्रशासन की गाज गिर सकती है। अवैध रूप से संचालित इस क्लीनिक की गतिविधियों की खबरे प्रकाशित होने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने गंभीर रुख अपनाते हुए जांच शुरू कर दी है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, क्लीनिक में बिना पंजीकरण के इलाज बिना योग्य चिकित्सकों की मौजूदगी की पुष्ट जानकारी प्राप्त हुई है। इसके अतिरिक्त, मरीजों के साथ गलत इलाज और जीवन के साथ खिलवाड़ के गंभीर आरोप सामने आए हैं। स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जल्द ही स्थल पर छापेमारी की संभावना जताई जा रही है। स्थानीय अधिकारियों ने भी




**बिना रजिस्ट्रेशन व बिना डॉक्टर के संचालित हो रहा है क्लीनिक**

संकेत दिए हैं कि ''किसी भी अवैध संस्थान को बख्शा नहीं जाएगा। अब देखने वाली बात होगी कि कार्रवाई कब और कितनी सख्त होती है, ताकि आमजन का विश्वास स्वास्थ्य व्यवस्था पर बना रहे।

# तालाब बना आंगनबाड़ी केंद्र: जलभराव से बच्चों की पढ़ाई ठप, बीमारी का खतरा बढ़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। बच्चों को पोषण और शिक्षा देने के उद्देश्य से बनाए गए आंगनबाड़ी केंद्र पहली बरसात जल भराव से बीमारियों का घर बनते जा रहे हैं। ब्लॉक कुंभी के ग्राम छिछोना स्थित आंगनबाड़ी केंद्र की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि वहां तालाब जैसा जलभराव हो गया है। भवन के सामने बने गढ्ढों के कारण हल्की बारिश में ही पूरा परिसर जलमग्न हो जाता है। आंगनबाड़ी केंद्र के आसपास गंदगी और गंदे पानी का जमाव न केवल बच्चों को आने से रोक रहा है, बल्कि संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई।



गांव वालों का कहना है कि इस केंद्र पर न सिर्फ बच्चों के लिए सुविधाएं नदारद हैं, बल्कि यहां गाय-भैंस बांधने और डंलप खड़ा करने जैसी अव्यवस्थाएं भी हैं। वहीं, सरकार और बाल विकास विभाग की ओर से चलाई जा रही योजनाएं भी इस जलभराव और गंदगी के चलते प्रभावहीन हो रही हैं। डीएम की ओर से पहले ही डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों को रोकने के लिए जल निकासी के निर्देश दिए जा चुके हैं, लेकिन ज़मीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से एक बार फिर गुहार लगाई है कि जलनिकासी की व्यवस्था जल्द से जल्द कराई जाए, ताकि बच्चों को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण मिल सके। ग्रामीणों की मांग है कि– जलनिकासी की व्यवस्था की जाए गंदगी की सफाई कराई जाए आंगनबाड़ी भवन की मरम्मत कराई जाए पशुओं को परिसर से हटाया जाए ।

# पहली ही बारिश में सड़क बनी सरोवर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां (सीतापुर)। आखिर वही हुआ जिसका ग्रामीणों को इंतजार था। पहली ही बारिश में पूरा रास्ता सरोवर में बदल गया। पूरे रास्ते पर बारिश पानी ही पानी भरा हुआ है। घरों के सामने पानी भर गया है। लोगों को एक बार फिर इसी पानी में होकर निकलना मजबूरी बन गया है। अब यहां बाशिंदों के सब्र का बांध टूट गया है।वह किसी भी दिन परिवारों सहित इसी गंदे में खड़े होकर सत्याग्रह के मूड में दिख रहे हैं। लोगों का यह कहना भी था कि ग्राम पंचायत सिर्फ बरसात होने का इंतजार कर रही है। जैसे ही बरसात होगी वह बरसात का बहाना लेकर फिर इस परेशानी को धता बता देंगे और हुआ भी कुछ ऐसा ही। सोमवार सुबह हुई पहली बारिश में ही पूरा रास्ता जलमग्न हो गया।अगर समय रहते इस समस्या का कोई ठोस समाधान नहीं किया गया तो किसी भी दिन स्थित बड़ी भयावह हो सकती है। मामला है बिसवां विकास खण्ड की ग्राम पंचायत जहांगीराबाद का जहां पोस्ट आफिस व ममता क्लीनिक के बीच होता हुआ एक इंटरलॉकिंग खड़ञ्जा रास्ता लगभग 400 मी0 तक अनुसूचित जाति के लोगों के मुहल्ले तक गया हुआ है। इसी रास्ते पर वरिष्ठ चिकित्सक डा0 खान की क्लिनिक? व मकान भी है। इसी रास्ते पर दरी फैक्ट्री का कार्यालय है तथा इसी रास्ते पर होकर लोग मस्जिद में नमाज भी पढ़ने जाते हैं। सैकड़ों लोगों का इस रास्ते पर होकर दिन-रात आवागमन बना रहता है। यह ग्रामीणों का मुख्य रास्ता है। इस पर पानी भरे रहने से लोगों को अपने घरों को जाने के लिए इसी गंदे पानी में होकर जाना मजबूरी बन जाता है। मुहल्ले वासियों का कहना है कि कई वर्षों से इस समस्या से जूझ रहे हैं ग्राम प्रधान से लेकर खण्ड विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी तथा जिलाधिकारी व मुख्यमंत्री सहित स्थानीय जन प्रतिनिधियों से इस सम्बन्ध में गुहार लगाई गई लेकिन किसी ने भी? ध्यान नहीं दिया।अगर बारिश और हुई तो घरों में पानी भर जायेगा। इस सम्बन्ध में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मुनीर अहमद अंसारी ने बताया कि बारिश के बाद मैं मौके पर गया था। जल्द से जल्द पानी निकासी की व्यवस्था करके रास्ते की मरम्मत करा दी जायेगी।

# उद्यान मंत्री, सदर विधायक व डीएम ने लाभार्थियों को वितरित किया चेक

## जनपद में 232 लाभार्थी को मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजनान्तर्गत 10.94 करोड़ के वितरित किये गये चेक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रायबरेली। मुख्यमंत्री उप्र योगी आदित्यनाथ द्वारा जनपद अम्बेडकर नगर से मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अन्तर्गत उप्र के 11690 आश्रित परिवारों को रू0 561.86 करोड़ की सहायता राशि का वितरण किया गया।उक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश के सभी जनपदों व तहसीलों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया व लाभार्थियों को डमी चेक वितरित किये गये। इसी क्रम में जनपद रायबरेली में राजकीय इण्टर कॉलेज के सभागार में तहसील सदर के कार्यक्रम का जनपदस्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के मा0 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात दिनेश प्रताप सिंह, सदर विधायक अदिति सिंह, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने तहसील सदर के 107 लाभार्थियों को कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अन्तर्गत सहायता राशि के डमी चेक वितरित किये गये, जनपद की सभी तहसीलों में जिसमें सदर 107, महराजगंज 25, लालगंज 42, सलोन 20, ऊँचाहार 23, डलमऊ 15 कुल 232 लाभार्थियों को 10.94 करोड़ रूपये के चेक वितरित किये गये। इस अवसर पर मंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि उप्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की श्रंखला में आयोजित इस कार्यक्रम में जनपद रायबरेली के लाभार्थियों को लाभान्वित करने के लिये मैं जनपद रायबरेली के परिवारों की तरफ से मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में इस योजना का शुभारम्भ हुआ है। मुख्यमंत्री ने विकास और विरासत के मूल मंत्र के साथ प्रदेश का विकास कर निरन्तर आगे बढ़ाने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री जिस संवेदनशीलता के साथ लोगों की सेवा करते है। उसी का परिणाम है कि सरकार की योजनाओं की सरहाना कर लोगों का जनसमर्थन लगातार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि आज इस मंच से 10 करोड़ 94 लाख रूपये की धनराशि सहयोग व सेवा भाव से लोगों को देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इसके लिये मैं रायबरेली जिला प्रशासन की प्रशंसा करता हूँ कि उनकी मेहनत की वजह से अधिक से अधिक लाभार्थी आज इस योजना से लाभान्वित हुए है।

### जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक वर्ग के पात्र लाभार्थियों को मिल: अदिति सिंह

रायबरेली । सदर विधायक अदिति सिंह ने कहा कि आज के इस कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के 232 लाभार्थियों में से 107 लाभार्थी सदर तहसील के है जो लाभान्वित हुए है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते मेरा यह प्रयास रहता है कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग के पात्र लाभार्थियों को मिले, इसके लिये हम निरंतर प्रयासरत रहते है, यदि किसी भी लाभार्थी को सरकार की योजना का लाभ लेने में किसी प्रकार की कोई समस्या आ रही है तो वह हमसे सम्पर्क कर अपनी समस्या से अवगत करा सकता है, हम उसकी समस्या का समाधान कराकर उसको योजना का लाभ दिलायेंगे। मैं उप्र सरकार व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करती हूँ कि उन्होंने पीड़ितों के आश्रितों की मदद कर उनके जीवन को सुगम व खुशहाल बनाने का कार्य किया है।

## चंदापुर पुलिस ने दो चोरी की बाइक किया बरामद



**महराजगंज, रायबरेली।** चंदापुर थाने की पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है, पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है, जो बाइकें चोरी करता था, पुलिस ने उसके कब्जे से दो चोरी की बाइकें भी बरामद कर ली इसके आलावा एक मोबाइल फोन भी मिला है।शनिवार की रात गांव पूरे ओली मजरे समरहदा के रहने वाले इसकार पुत्र रमजान की बाइक चोरी हो गई थी जिसके बाद पीड़ित ने चंदापुर थाने में पहुंचकर तहरीर देकर अज्ञात के विरुद्ध चोरी का केस दर्ज कराया था जिसके बाद से ही चंदापुर थाने की पुलिस सक्रिय थी। नतीजतन चौबीस घंटे के अंदर ही चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की दो बाइकें पुलिस ने बरामद कर ली उसके पास एक चोरी का मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है, वहीं दूसरी बाइक मिल एरिया थाना क्षेत्र से चोरी हुई थी।थानाध्यक्ष प्रशांत द्विवेदी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आरोपी मुकेश पासी पुत्र छोटे लाल को गिरफ्तार किया गया है, जो कि चंदापुर थाना क्षेत्र के समरहदा गांव का ही रहने वाला है, पूछताछ के दौरान उसने मोटरसाइकिल चोरी करने की बात कबूल की आरोपी द्वारा मिल एरिया थाना क्षेत्र से भी एक मोटर साइकिल चोरी की गई उसके पास से चोरी की दोनों मोटरसाइकिलें बरामदगी के आलावा चोरी का मोबाइल फोन भी मिला है, आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया है।

## उप्र विधान सभा याचिका समिति की उप समिति की बैठक सम्पन्न

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश विधानसभा की याचिका समिति (2024-25) की उप समिति ने जनपद भ्रमण अध्यन कार्यक्रम के दौरान कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में सभापति संजय कुमार शर्मा की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुयी, बैठक में समिति के सदस्य प्रभु नारायण सिंह यादव, विवेक कुमार वर्मा, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल यादव, समिति के उप सचिव नीरज कुमार सचान, समिति सहायक कमल कुमार, भाष्कर मणी त्रिपाठी, सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें। बैठक के पश्चात सभापति ने मीडिया को सम्बोधित करते कहा कि समिति एक प्रकरण को लेकर जनपद रायबरेली आयी है, शिकायतकर्ता श्रीमती नीलम पाण्डेय ने शिकायत की है कि जनपद रायबरेली की तहसील सदर के ग्राम कठवारा में स्थित भूमि का भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा भूमि का अधिगृहण गलत तरीके से किया गया है उनकी भूमि वाणिज्य भूमि थी, उसका अधिगृहण एन.एच.ए.आई. व राजस्व विभाग द्वारा कृषि भूमि दिखाकर गलत तरीके से किया गया है। जमीन अधिगृहण किये जाने की उसको किसी प्रकार की कोई सूचना नही दी गयी। प्रकरण वर्ष 2012 से वर्ष 2014 के मध्य का है। समिति की जांच में यह निष्कर्ष निकला है कि जमीन का अधिगृहण करते समय एन.एच.ए.आई व राजस्व की टीम द्वारा भौतिक सत्यापन नही किया गया, और न ही जमीन के मालिक को कोई जानकारी दी गयी है और उसका पूरा प्रतिकर भी नही दिया गया है।

## एसपी ने कार्यो में लापरवाही बरतने पर थाना प्रभारी को लाइन हाजिर

**बछरावां,रायबरेली।** स्थानीय थाने में थाना प्रभारी के रूप में तैनात पंकज कुमार त्यागी के ऊपर सोमवार को पुलिस अधीक्षक रायबरेली डॉक्टर यशवीर सिंह ने कड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें लाइन हाजिर कर दिया है। इस कार्यवाही के संबंध में अधिक जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक रायबरेली डॉक्टर यशवीर सिंह ने बताया कि बछरावा थाना प्रभारी पंकज कुमार त्यागी की लापरवाही एवं कार्यों के प्रति सिथिलिता की लगातार कई शिकायतें प्राप्त हुई थी। जिसके पश्चात इन्ही शिकायतों को दृष्टिगत रखते हुए गुप्त रूप से मौके पर स्थलीय जांच भी कराई गई थी। जिसमें थाने की बाउंड्री वॉल के सामने मौजूद अतिक्रमण, थाने के सामने खड़ी हो रही गाड़ियां, मुख्य चौराहे पर फैला अतिक्रमण, हाईवे मार्ग पर सज रही फलों की मंडी एवं अनेकों समस्याएं सामने आई थी। जिसका निदान करने में उनके द्वारा लापरवाही एवम शिथिलता बरती जा रही थी। इन्हीं बिंदुओं को दृष्टिगत रखते हुए उनके ऊपर यह कार्यवाही की गई है। फिलहाल बछरावां थाने में उनके स्थान पर अभी कोई नवीन तैनाती नहीं की गई।

## अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी, जांच में जुटी पुलिस

**हमीरपुर ।** सोमवार को सुमेरपुर कस्बे के पैलानी तिराहे के पास होंडा एजेंसी के बगल में उस समय सनसनी फैल गई जब एक अज्ञात युवक का शव मृत अवस्था में पड़ा मिला। घटना की सूचना सुबह करीब 9,30 बजे पीआरवी सुमेरपुर को प्राप्त हुई, जिसके बाद थाना पुलिस के साथ मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की गई।मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष प्रतीत हो रही है। आसपास के लोगों से पूछताछ में जानकारी मिली कि उक्त युवक को रविवार शाम को अत्यधिक शराब के नशे में देखा गया था। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया में उसकी मौत अत्यधिक शराब के सेवन और गर्मी के कारण हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी हाउस भिजवा दिया है।

## आलू व्यवसायी से 70 हजार की लुट, जांच में जुटी पुलिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता




महराजगंज,रायबरेली। महराजगंज कस्बा के वार्ड नंबर 10 जाकिर हुसैन नगर निवासी मोहम्मद शमीम पुत्र मोहम्मद नसीम अपनी गाड़ी पिकअप से कानपुर आलू खरीदने जा रहा था तभी महराजगंज से बछरावां रोड स्थित सात किलोमीटर की दूर बरहुआ गांव के पास एक अज्ञात काली चार पहिया वाहन से अज्ञात चार लोगों ने 70 हजार रुपए व मोबाइल फोन लूट लिया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस के हाथ पैर फूल गये। वहीं आनन-फानन कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव मौके पर पहुंचे वही घटना के बारे में जानकारी मिलने पर जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह भी मौके पर पहुंचे व मौका मोयना किया और कोतवाली पुलिस को चेतावनी दी कि, घटना का जल्द ही खुलासा किया जाना चाहिए अन्यथा लापरवाही करने वाले बक्से नहीं जाएंगे। जबकि पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को लिखित शिकायती पत्र दिया है। वादी मोहम्मद शमीम, पुत्र मोहम्मद नसीम वार्ड नंबर 10 निवासी, जाकिर हुसैन नगर पंचायत महराजगंज ने कहा कि आज सुबह करीब 5 बजे मैं अपने ड्राइवर के साथ पिकअप से कानपुर आलू लाने जा रहा था तभी सलेथू नहर से कुछ ही दूरी बरहुआ मोड के पास पहुंचा तो एक काली कार पर सवार चार अज्ञात व्यक्तियों ने मुझे रोका मैं रुक गया और कहा कि, मैं महराजगंज पुलिस स्टेशन से आ रहा हूं आप इतनी तेजी से क्यों गाड़ी चला रहे हैं तभी मुझसे डी एल मांगा और मैंने उन्हें दे दिया, फिर बाद में मुझे कट्टा लगा दिया और मेरी जेब में रखें 70,000 रुपये लूट लिये और मेरा मोबाइल भी छीन लिया और जान से मारने की ऐलानियां धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए मैं किसी तरह अपनी जान बचाकर कोतवाली महराजगंज पहुंचा और कोतवाली पुलिस को लिखित शिकायती पत्र दिया।

मामले में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव ने कहा कि, पीड़िता ने शिकायत पत्र पर चार अज्ञात लुटेरों को घटना के बारे में सूचित किया है। घटना की सूचना मिल गई है। पीड़िता की शिकायत पर चार अज्ञात लुटेरों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है और जल्द ही इस मामले का खुलासा किया जाएगा।

## एसपी ने आपराधिक गोवध गैंग से सम्बन्धित 3 सदस्यों को किया सूचीबद्ध

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना द्वारा गोवध गैंग से सम्बन्धित 01 गैंग पंजीकरण कराया गया। जिसमें गोवध गैंग से 03 अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु उपरोक्त गैंग को जनपद स्तर पर सूचीबद्ध किया गया है। पंजीकृत गैंग पहला थाना फूलपुर अभियुक्त नसीम पुत्र अंसार निवासी अंजान शहीद(डारीडीह) थाना फूलपुर जनपद आजमगढ़, उम्र-52 वर्ष जो वर्तमान समय में जनपद आजमगढ़ में एक संगठित गैंग बनाकर व स्वयं गैंग का लीडर बनकर आर्थिक, भौतिक व दुनियाबी लाभ के लिए एक गोवध करने जैसे अपराध कारित कर रहा है। इनकी गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु गैंग को जनपद स्तर पर सूचीब (गोवध गैंग) किया गया है। जिसका सदस्य 01. फूलेश अली पुत्र समशेर अली निवासी इसहाकपुर थाना बरदह जनपद आजमगढ़ हाल पता अंजान शहीद(डारीडीह) थाना फूलपुर जनपद आजमगढ़, उम्र 37 वर्ष 02. अबुकैश पुत्र सहाबुद्दीन निवासी पोटरिया थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर हाल पता अंजान शहीद(डारीडीह) थाना फूलपुर जनपद आजमगढ़, उम्र 27 वर्ष है। इसका कोड नं0- डी- 262 होगा।

## डीएम ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत आश्रित परिवारों को वितरित की आर्थिक सहायता राशि

### योजना के अंतर्गत जनपद के 528 आश्रित परिवारों को रु0 10.90 करोड़ की सहायता राशि का वितरण किया गया-जिलाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत जनपद के समस्त तहसीलो में 528 आश्रित परिवारों को रु0 10.90 करोड़ की सहायता राशि का वितरण किया गया। इसी क्रम में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने मुख्यमंत्री कृषक कल्याण योजना के अंतर्गत 22 आश्रित परिवारों को प्रतीकात्मक रूप से डेमो चेक का वितरण किया गया। इसके साथ ही जनपद अंबेडकर नगर में आयोजित मा0मुख्यमंत्री जी के वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। जिलाधिकारी ने बताया कृषक की मृत्यु अथवा पूर्ण शारीरिक अक्षमता पर शत प्रतिशत ( रु0 5 लाख), दोनों हाथ, दोनों पैर अथवा दोनों आंख की क्षति पर शत प्रतिशत (रु0 05 लाख), एक हाथ एक पैर के क्षतिग्रस्त होने पर शत प्रतिशत (रु0 05 लाख), एक हाथ, एक पैर अथवा एक आंख की क्षति पर 50 प्रतिशत (रु0 2.5 लाख), स्थायी दिव्यांगता 50 प्रतिशत से 100 प्रतिशत के बीच होने पर 50 प्रतिशत (रु0 2.5 लाख) तथा स्थायी दिव्यांगता 25 प्रतिशत के बीच होने पर 25 प्रतिशत (रु0 1.25 लाख) की आर्थिक सहायता दिए जाने का प्रावधान है। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने आश्रित परिवारों से संवाद भी किया। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी श्री संजीव ओझा, लेखपाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला वृक्षारोपण समिति संग जिला गंगा समिति तथा पर्यावरण समिति की बैठक संपन्न

### मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में हुई बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रायबरेली। मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय के अध्यक्षता में जिला गंगा समिति, जिला वृक्षारोपण समिति और पर्यावरण समिति की बैठक बचत भवन स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में वृक्षारोपण समिति के अंतर्गत वर्षाकाल 2025 में रोपण हेतु 5165300 लक्ष्य के सापेक्ष अग्रिम मृदा कार्य प्रगति, प्रधान मंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को दो-दो सहजन के पौध वितरण,2025 के लक्ष्यों का पुनः आवंटन तथा वीआईपी स्थान चयन की समीक्षा हुई। डीएफओ आशुतोष जायसवाल ने समस्त कार्यदाई विभागों को वृक्षारोपण कार्य समय से पूर्ण कराने के लिए पौध का उठान का समय से कराने के लिए कहा गया। बैठक में जिला पर्यावरण समिति की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने नगर पालिका, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जेल रोड पर वाहनों के चलने से उड़ने वाली धूल को कम करने के उपायों, एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग और रायबरेली को नॉन एटेनमेंट सिटी से बाहर करने के लिए की जा रही कार्रवाई पर भी चर्चा की। साथ ही समस्त नगर पंचायत एवं नगर पालिकाओं के सभी वार्डो से निकलने वाले अपशिष्ट का पृथक्करण समय-समय पर किए जाने के निर्देश दिए। अपशिष्ट प्लास्टिक के सुरक्षित निस्तारण कराने की कार्रवाई की भी समीक्षा बैठक में की गई। जैविक चिकित्सा अपशिष्ट के निस्तारण की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा चिकित्सा अपशिष्ट के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरती जाए। सिंगल यूज़ प्लास्टिक बैन पर कार्यवाही की भी समीक्षा बैठक में हुई। जिला गंगा समिति की बैठक में वर्किंग ग्रुप के गठन एवं जिला गंगा योजना तैयार कर उसे धरातल पर लागू करने की दिशा निर्देश दिए गए। पब्लिक आउटरेज कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र/ गंगा गांवों/स्कूलों/नगर पालिका परिषद पंचायत में जन जागरूकता हेतु दीवार/ लेखन /डस्टबिन अन्य गतिविधियों एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर चर्चा कर इसे लागू करने के निर्देश दिए गए। नमामि गंगे के अंतर्गत जैविक व प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने हेतु जन जागरूकता पर जोर दिया गया। बैठक में एसडीओ रायबरेली मयंक अग्रवाल, एसडीओ लालगंज अविनाश पांडेय, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव सिंह, उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य तथा वन विभाग के कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## जुआ खेलते13 अभियुक्त गिरफ्तार,15 मोबाइल फोन बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता




आजमगढ़। मुखबिर से सूचना मिली की ग्राम सरायमंदराज में हरैया के तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते के किनारे गली में स्थित सुरेन्द्र चौहान के मकान में हार जीत की बाजी लगाकर बड़े पैमानें पर कई लोग जुआँ खेल रहे हैं। यदि जल्दी किया जाये तो पकड़े जा सकते है। प्राप्त सूचना के आधार पर प्र0नि0 शशि मौलि पाण्डेय, उ0नि0 राजेन्द्र प्रसादज पटेल,उ0नि0 उमेशचन्द यादव, उ0नि0 रामकिशोर शर्मा, उ0नि0 यश सिंह पटेल, उ0नि0 राज नारायण पाण्डेय, कां0 अप्पू कुमार वर्मा, कां0 राजन कुमार, कां0 हीरालाल,कां0 सद्दाम, कां0 अखिलेश यादव, हे0कां0 सर्वेश विक्रम, कां0 बसन्तलाल, कां0 रणवीर, कां0 विनय प्रसाद थाना कोतवाली आजमगढ़ द्वारा मौके से अभियुक्तगण 1.सुरेन्द्र चौहान पुत्र दामोदर चौहान निवासी एटलस टैंक कोडर अजमतपुर थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़ उम्र करीब 29 वर्ष , 2. पवन कुमार पुत्र सुदर्शन राम निवासी हीरापट्टी थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़ उम्र करीब 27 वर्ष , 3.दीपक गौड पुत्र त्रिभुवन राम निवासी कुण्डीगढ थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़ उम्र करीब 28 वर्ष , 4. विशाल जायसवाल पुत्र राजेश जायसवाल निवासी चांदपट्टी थाना रौनापार जनपद आजमगढ़ उम्र करीब 32 वर्ष, 5. नीरज प्रजापति पुत्र मुन्नीलाल प्रजापति निवासी कुण्डीगढ थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़ उम्र करीब 28 वर्ष , 6. शोभनाथ सैनी पुत्र कमलेश सौनी निवासी एटलस टैंक अजमतपुर कोडर थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़ उम्र 24 वर्ष , 7. राजकुमार प्रजापति पुत्र विनोद प्रजापति निवासी बदरका थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़ उम्र 28 वर्ष , 8. इमरान पुत्र मुन्नू कुरैशी निवासी बदरका थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़ उम्र करीब 28 वर्ष , 9. राशिद पुत्र इस्लाम निवासी बदरका थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़ उम्र करीब 32 वर्ष , 10. मोहम्मद युसूफ पुत्र मोहम्मद शफीक निवासी गुलामी का पुरा थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़ उम्र करीब 24 वर्ष , 11. खुशीचन्द पुत्र शिवकुमार निवासी हरैया थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़ उम्र 30 वर्ष , 12. अमित मौर्या पुत्र रामबचन मौर्या निवासी कोडर अजमतपुर थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़ उम्र करीब 41 वर्ष , 13. विष्णू कुमार पुत्र शंकर राम निवासी हीरापट्टी थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़ उम्र करीब 29 वर्ष को समय 18.30 बजे सुरेन्द्र चौहान के मकान ग्राम सराय मंदराज से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से कब्जे से 13,170 रूपया मालफड़, 820 रू. जामातलाशी, 02 तास की गड्डी, 14 अदद स्मार्ट फोन, 1 अदद की-पैड मोबाईल बरामद किया गया। उपरोक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0 276/25 धारा 3/ 4 सार्वजनिक द्यूत अधिनियम पंजीकृत किया गया व इनके वाहनों का चालान एम वी एक्ट में किया गया। अन्य अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

## हरैया ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक के दौरान विवाद का मामला आया सामन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। जनपद के सगड़ी तहसील अंतर्गत हरैया ब्लॉक सभागार में सोमवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक के दौरान विवाद का मामला सामने आया है । जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है वही इस घटना के बाद पुलिस महकमें में भी हड़कंप की स्थिति मच गई है । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार खंड विकास अधिकारी के साथ मारपीट भी की गई है जो एक जांच का विषय है । वही हरैया ब्लॉक प्रमुख के नेतृत्व में कार्यालय के सामने खंड विकास अधिकारी की कार्यशैली से नाराज होकर धरना भी शुरू किया गया है । धरने पर बैठे लोगों का आरोप है कि निर्धारित समय अनुसार क्षेत्र पंचायत की बैठक हरैया ब्लाक सभागार में सोमवार सुबह लगभग 11 बजे सुचारू से शुरू हुई और चल रही थी । लेकिन बैठक में खंड विकास अधिकारी हरैया रवि कुमार उपस्थित नहीं हुए । कुछ देर बाद कुछ जनप्रतिनिधि क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान खंड विकास अधिकारी से मिलने गए तो उनके द्वारा कहा गया कि इस बैठक में अधिकतर प्रतिनिधि आए हैं इसलिए यह मीटिंग नहीं होनी है । बैठक जन प्रतिनिधियों संग होगी और प्रतिनिधि इस बैठक में नहीं रहेंगे । इसी बात को लेकर विवाद हो गया । मामला इतना बढ़ गया कि देखते ही देखते मौके पर पुलिस फोर्स भी आ गई और पुलिस कस्टडी में खंड विकास अधिकारी कार्यालय से बाहर आए अब अंदर क्या हुआ यह एक जांच का विषय है । ब्लॉक प्रमुख संदीप पटेल व प्रमुख प्रतिनिधि संतोष सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्राम प्रधान कार्यालय के सामने सोमवार दोपहर खंड विकास अधिकारी की कार्यशैली से नाराज होकर और मांगों को लेकर धरने पर बैठ गए । इस अवसर पर नीरज राय, सुभाष पटेल, नीरज सिंह, सूर्यनाथ, तहसीम रिजवान, राजमन यादव, अमीर चन्द्र यादव, राम सिंगार यादव, रामदास, जशवंत सिंह, अमित सिंह, झिनक सिंह, संतोष पटेल आदि लोग मौजूद थे ।

# यह कैसी व्यवस्था : सालों से एक ही जगह तैनाती, चंद चेहरों के हवाले पुलिस का नेटवर्क

**आखिर कैसे सुधरेगी जिले की कानून व्यवस्था, पोस्टिंग का खेल**

**पुलिस मुख्यालय का आदेश तो है लेकिन लागू सिर्फ चंद पुलिसकर्मियों पर**

**थाने बदलने के बाद चले जाते हैं छुट्टी पर, लगाते हैं वापसी के लिए जोर**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। जले के पुलिस के थाने चंद चेहरे चला रहे हैं।सुनने में थोड़ा अजीब लगेगा,लेकिन हकीकत तो यही है।क्योंकि जिले के थानों में कई पुलिस कर्मी ऐसे हैं,जो सालों से एक ही जगह तैनात हैं। कभी किसी शिकायत के बाद इनके थाने बदले या फिर इन्हें लाइन भेजा गया,लेकिन लौटकर उन्हीं थानों में पहुंच गए,जहां पूरा सिस्टम इनके मन मा फिक चलता है।इनके थाने बदल दिए जाएं तो दूस रे थाने में नौकरी करने की बजाय या तो छुट्टी पर जाते हैं या फिर एढ़ी-चोटी का जोर अपनी वापसी में लगाते हैं।कमाल की बात है- कलम की सख्ती दिखाने वाले अफसर भी दबे-छिपे इनकी वापसी वहीं कर देते हैं,जहां यह चाहते हैं।सालों तक एक ही थाने में तैनाती का यह सिस्टम पुलिसिंग पर भा री पड़ रहा है।सालों से जमे पुलिसकर्मी अपने हि साब से नेटवर्क का उपयोग करते हैं और नए पुलि स कर्मियों को टिकने नहीं देते।नतीजतन- थाने के अंदर की आपसी खींचतान में अपराध,सट्टा,जुआ, अवैध शराब,अवैध हथियार,मादक पदार्थों का नेट वर्क फलता-फूलता है।कई पुलिसकर्मी तो ऐसे हैं, जहां सिपाही रहे वहीं बाद में प्रधान आरक्षक, एए सआइ तक बनकर पहुंच गए।कुछ पुलिसकर्मी चु निंदा थानों में ही अदला-बदली करते रहते हैं।

### पुलिस मुख्यालय का आदेश

किसी भी एक थाने में किसी कर्मचारी को एक पद पर पदस्थापना तीन वर्ष से अधिक नहीं दी जाएगी । किसी भी अधिकारी,कर्मचारी को यह अवधि पूर्ण होने पर पुनःउसी थाने में पदस्थ नहीं किया जाएगा। कैनविज टाइम्स टीम ने जिले के कुछ थानों की पड़ताल की। जिसमें हकीकत सामने आई कि कुछ पुलिसकर्मियों को तो एक ही थाने में चार साल से भी अधिक समय हो चुका है।कुछ जगह हालात य ह हैं कि थाना प्रभारी से ज्यादा सालों से जमे सिपा ही,हवलदारों ने अपनी जड़ें जमा रखी हैं।सूत्र बता ते हैं- थाना प्रभारी अगर इन्हें हटाने के लिए लिख भी दें तो यह दोबारा उसी थाने के आदेश करा ला ते हैं।कैनविज टाइम्स की टीम ने पुलिस ऑफिस क्राइम ब्रांच सहित जिले के दस थानों की पड़ताल की,जिसमें सामने आया कि यहां कुछ पुलिस कर्मि यों की अधिकांश नौकरी एक ही थाने में गुजर रही है।

## निजी स्कूलों की मनमानी को लेकर राष्ट्रीय छात्र पंचायत के प्रतिनिधिमंडल ने डीएम से की भेंट



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। प्राइवेट स्कूलों की मनमानी फीस को लेकर राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी नेहा शर्मा से मिल कर प्राइवेट स्कूलों की फीस की मनमानी को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल मि ला इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम् पाण्डेय ने जिलाधिकारी से वार्ता करते हुए बताया कि जन पद में 38 दिनों से गाँव गाँव जाकर चौपाल लगा कार हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है जिसमें क़रीब तीस, हज़ार लोगों ने समर्थन में हस्ताक्षर कि या है वह सबने ये बताया है कि प्राइवेट स्कूलों के द्वारा किताब के नाम पर, ड्रेस के नाम पर स्कूल किट,क्रीड़ा शुल्क के नाम पर आदि के नाम पर हर वर्ष धन की उगाही की जा रही है लेकिन इन पर अंकुश लगाने वाला कोई नहीं हैं व जनपद में तय दुकान से ही किताब व ड्रेस ले सकते हैं इसके प श्चात जिलाधिकारी ने यह आश्वासन दिया है की एक कमेटी गठित कर के स्कूलों की जाँच करवाई जाएगी व स्कूलों की एक साथ मीटिंग बुलाकर इस में कार्रवाई की जाएगी और इसका नए सत्र से छा त्रों को ऊपर प्रभाव नहीं पड़ेगा पड़ेगा इस प्रतिनि धि मंडल में जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र शुक्ल,रंजीत पांडेय, शैलू सिंह,आदित्य प्रताप सिंह, राजन सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# तेज बारिश में आकाशीय बिजली गिरने से दो युवकों की मौत,परिवार में मचा कोहराम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले में रविवार की आधी रात से बारिश का सिलसिला शुरू हो गया।कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी तो कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई। इसी दौरान सोमवार को तेज हवाओं के साथ हो रही बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।नगर कोतवाली क्षेत्र के दत्त नगर बिसेन गांव का रहने वाला कुणाल शर्मा 18 वर्ष सोमवार की सुबह घर के बाहर लगे नल पर मंजन कर रहा था।इसी दौरान तेज मेघ गर्जन के साथ नल के पास में लगे पताका पर आकाशीय बिजली गिरी।उस समय वह नल चला रहा था।अचानक उसकी चपेट में आने से वहीं पर गिरकर उसकी दर्दनाक मौत हो गई। वहीं देहात कोतवाली क्षेत्र के काजीदेवर गांव के सैदवापुर के रहने वाले रामदेव यादव 45 वर्ष सोम वार की सुबह आकाशीय बिजली की चपेट में आ गये उनकी भी मौत हो गयी।सूचना पर पहुंची पुलि स ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### पीड़ित परिवार को मिलेगी सहायता

डीएम नेहा शर्मा ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि आकाशीय बिजली गिरने से सदर तहसी ल में दो लोगों की मौत हुई है।शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।पीडित परिवारों को आपदा प्रबंधन कोष से सहायता देने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं।वही इस तरह की घट नाओं से बचाव के लिए प्रशासन लगातार लोगों को जागरुक कर रहा है।समय समय पर चेतावनी भी जारी की जाती है।इस तरीके की घटना पर अंकुश लगे इसके लिए लोगों को जागरुक करने का प्रसास किया जा रहा है।

# तेरह किलो 500 ग्राम अवैध गांजे के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार




कैनविज टाइम्स संवाददाता

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र पुलिस द्वारा दो अभियुक्तो को तेरह अ किलो से अधिक अवैध गांजे के साथ एक स्कार्पियो बरामद कर गिरफ्तार किया गया। प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह अपने पुलिस बल के साथ संदिग्ध वाहनों चैकिंग दौरान मुखबिर द्बारा सूचना मिली कि.अर्जुनलाल पुत्र स्व0 जुराखन नि0 कुरारी खुर्द थाना अचलगंज जिला उन्नाव तथा. सुमित पुत्र उमाशंकर नि0 कोरारी खुर्द थाना अचलंगज एक सफ़ेद रंग की स्कार्पियो में किलो 13 किलो 500 ग्रा0 अवैध गांजा बरामद कर जवाहर खेडा मोड से गिरफ्तार किया गया तथा एक सफ़ेद रंग की स्कार्पियो को 207 ख्रठ्ठ एक्ट में सीज किया गया तथा अभियुक्तो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया

## जनपद में 10 क्रय केन्द्रों के माध्यम से हो रही है मक्का की खरीद समर्थन मूल्य रू. 2,225 प्रति कुण्टल निर्धारित

बहराइच । अपर जिलाधिकारी/जिला खरीद अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 (रबी फसल) में न्यूनतम मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत जनपद में 15 जून 2025 से मक्का खरीद प्रारम्भ हो गयी है जो 31 जुलाई 2025 तक संचालित रहेगी। इस वर्ष मक्का का समर्थन मूल्य रू.2,225=00 प्रति कुण्टल निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि मक्का खरीद हेतु कृषि उत्पादन मण्डी समिति बहराइच, नानपारा व रिसिया में 03-03 तथा मिहींपुरवा में 01 कुल 10 क्रय केन्द्र स्थापित किये गये हैं। कृषकों द्वारा वर्ष 2024-25 (रबी फसल) में सरकारी केन्द्रों पर मक्का विक्रय हेतु विभाग के पोर्टल एफसीएस डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन पर ऑनलाइन पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से आधार लिंक/एन.पी.सी.आई. मैप्ड खाते के माध्यम से ही भुगतान होना है इसलिए पंजीकरण करते समय कृषक इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखें कि जो नाम खतौनी बैंक खाते में हो, वही नाम रजिस्ट्रेशन में भी होना चाहिये। श्री रंजन ने बताया कि सरकार की मंशा किसानों को उनकी उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ प्राप्त कराये जाने की है। इसलिए सभी कृषक बन्धु अपने ग्राम के नजदीकी सरकारी मक्का क्रय केन्द्रों पर मक्का विक्रय कर अपनी उपज का शतप्रतिशत समर्थन मूल्य का लाभ प्राप्त करें।

## जिला समाज कल्याण अधिकारी ने कार्यभार किया ग्रहण किया



**गोण्डा।** जिले के नवागत जिला समाज कल्याण अ धिकारी सत्य प्रकाश सिंह ने अपना कार्यभार ग्रह ण कर लिया है। उन्होंने कार्यालय के मातहतों संग बैठक कर विभागीय योजनाओं की समीक्षा की औ र जल्द ही विभाग में बदलाव लाने का आश्वासन दिया है।बैठक में उन्होंने पारिवारिक लाभ योजना, वृद्धावस्था पेंशन, छात्रवृत्ति,सामूहिक विवाह योज ना और भरण पोषण अधिकरण योजना की समी क्षा की है। उन्होंने संबंधित पटल कर्मियों को योज नाओं से संबंधित रजिस्टर बनाने और शिकायतों के निराकरण का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि पात्रता के आधार पर विभागीय योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जाएगा।जिससे समाज में खड़े अन्तिम पायदान के व्यक्ति को सरकार की यो जनाओं का लाभ दिलाया जा सके।उन्होंने जनपद वासियों से अपील किया है कि अधिक से अधिक संख्या में विभाग की योजनाओं का लाभ उठाएं।

## अवैध मिट्टी खनन और तीन मौतों के दोषी सुनील चैन पर मुकदमा दर्ज

**मथुरा ।** शहर के गोविंद नगर क्षेत्र में कॉलोनी बसाने के लिए 60 फीट ऊंचे टीले से अवैध रूप से मिट्टी खनन करने के मामले में चांदी कारोबारी सुनील गुप्ता उर्फ सुनील चैन और उसके साथियों के विरुद्ध पुलिस ने सोमवार गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना के बाद से ही फरार सुनील चैन पर एसएसपी ने 25 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया है। उसके अन्य साथियों के बारे में भी पुलिस जानकारी जुटा रही है।वहीं सोमवार को समूचे विवादास्पद परिसर को पुलिस ने अपनी अभिरक्षा में ले लिया है। कई बार आक्रोशित स्थानीय लोगों ने जाम लगाने की कोशिश की जिनको पुलिस ने खदेड़ दिया। करीब ढाई हजार गज भूमि पर कॉलोनी काटने के साथ ही सुनील चैन यहां वर्षों पुराने टीले की मिट्टी का भी खनन करा रहा था।

# पहली बारिश ने खोल दी गोंडा नगरपालिका परिषद के दावों की पोल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। भीषण गर्मी से राहत मिलते ही पहली बारिश नहीं ही गोंडा नगर पालिका परिषद और प्रशासन के सारे दावों की पोल खोलकर रख दी है गोंडा के निचले इलाकों में सड़कें तालाब बन गई और थोड़ा से दुखहरण से जाने वाली ईदगाह रोड पर सड़कें तालाब बनी दिखाई दे रही हैं।मोटरसाइकिल और कार के पहिया डूबती नजर आए और लोग कैसे तरीके से अपनी जान को हाथ में लेकर आते जाते दिखाई पड़े तो वही गोंडा मेडिकल कॉलेज जिला चिकित्सालय के निदान के सामने जलभराव होने के चलते अल्ट्रासाउंड एक्सरे कराने वाले मरीज जलभराव में आने जाने को मजबूर हैं जब जिला अस्पताल के क्षेत्रीय निदान के सामने पूरा परिसर तालाब में तब्दील है,एंबुलेंस वाह चार पहिया वाहन और पैदल लोग जलभराव वाले पानी में आने जाने को मजबूर है।गोंडा जिला अस्पताल सहित शहर के कई इलाकों में पानी भरा हुआ है जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. जिला अस्पताल में एक्सरे और अल्ट्रासाउंड कराने आए मरीज झमाझम भरे पानी के बीच चलकर अ ल्ट्रासाउंड और जांच कराने जा रहे हैं।जिससे मरी जों को काफी दिक्कतों का सामना भी करना पड़ रहा है।वहीं शहर के ईदगाह,जानकी,नगर सिविल लाइन,सहित शहर के कई निचले इलाकों में पानी सड़क पर भरा हुआ है।पहली ही बरसात होते ही नगरपालिका की पोल खुलती हुई सामने आ रही है जिस तरीके से गोंडा शहर के कई निचले इलाकों में बरसात होने के बाद पानी भरा गया है।जिला प्र शासन द्वारा और नगर पालिका परिषद द्वारा कोई भी इंतजाम न किए जाने के कारण लोगों को दि क्कतों का सामना करना पड़ रहा है शहर में जिस जगह पर पानी भरा है वहां पानी निकालने की को ई व्यवस्था अभी तक गोंडा नगर पालिका परिषद या जिला प्रशासन द्वारा नहीं किया गया है।पहली ही बरसात से शहर के जिला अस्पताल सहित कई निचले इलाकों में पानी भर गया है।

# चयपुरवा में फर्जी मस्टररोल पर एक दिन में काम कर रहे 70 श्रमिक

**मनरेगा योजना को लगाया जा रहा पलीता,धरातल पर एक ही लोगो की फोटो हो रही अपलोड**

**फर्जी मस्टर रोल तैयार कर की जा रही सरकारी धन बंदरबांट**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिले के कटरा बाजार ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना में लूट मची हुई है।यहां की ग्राम पंचायत चयपुरवा में तो प्रधान रसूख और पद के नशे के चलते केंद्र सरकार की इस अति महत्वाकांक्षी योजना का बंटाधार किया जा रहा है।एक दिन में 70 श्रमिकों का मस्टर रोल तैयार कर सरकारी धन की न सिर्फ बंदरबांट की जा रही है,बल्कि योगी सरकार की मंशा पर भी पानी फ़ेरा जा रहा है।सूत्र बता रहें है कि जिले के कटरा बाजार ब्लॉक की ग्राम पंचायत का प्रधान खुद को समाजवादी पार्टी का नेता व पूर्व विधायक का करीबी और डीसी मनरेगा का करीबी बताता है।जिससे वह अपना दबदबा प्रदर्शित कर क्षेत्र के लोगों के साथ ही अधिकारियों पर भी दबाव बनाने का काम करता है।यही वजह है कि उक्त ग्राम पंचा यत में फर्जी मस्टर रोल तैयार कर मनरेगा योजना के तहत मिट्टी पटाई का काम दिखाकर धन की बंदरबांट की जा रही है।हद तो यह है कि यहां एक दिन में 70 श्रमिकों की हाजिरी लगाई जा रही है, जबकि सूत्र बताते हैं कि धरातल पर सिर्फ नाम मात्र श्रमिक काम करते हैं। इस कारनामे को अंजा म देने के लिए सिर्फ प्रधान ही जिम्मेदार नहीं है, बल्कि ब्लॉक के जिम्मेदार अफसर की भी इसमें बराबर की हिस्सेदारी है,जो कमीशन के चक्कर में अपना ईमान तक बेच देते हैं।फर्जी मस्टर रोल भर कर सरकारी धन की जमकर बंदरबाट की जा रही है।प्रधान ने गांव में सिर्फ कागजों में विकास की गं गा बहा दी है।बेरोजगारों को रोजगार देने के लिएचयपुरवा प्रधान ने ऐसा जाल बुना कि जिले के विकास भवन में बैठे साहब भी भांप नहीं पाए।आरोप है कि ब्लॉक के बीडीओ ने मातहतों को लूट करने की खुली छूट दे रखी है।ब्लॉक के जिम्मे दार अधिकारी व कर्मचारी भी अपनी नौकरी को दांव पर लगा कर इस लूट में शामिल बताए जाते हैं।

### क्या कहते हैं देवीपाटन मंडलायुक्त

इस संबंध में देवीपाटन मंडलायुक्त शशि भूषण लाल ने बताया कि मामला गंभीर है।मनरेगा यो जना के तहत कराए जा रहेकार्यों की जांच कराई जाएगी।जांचोपरांत सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को लेकर सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति पर प्रशासन काम कर रहा है।

## सिपाही से मोबाईल छीना ले गए लुटेरे, एक गिरफ्तार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र में पीएसी के एक सिपाही के साथ मोबाइल लूट की वारदात को लुटेरों ने अंजाम दिया है। बाइक सवार तीन लुटेरे सिपाही का मोबाइल लूटकर फरार हो गए। घटना की सूचना जैसे ही सदर कोतवाली पुलिस को मिली। पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की। वहीं लुटेरों के पकड़ने के लिए ट्वग्क को भी लगाया गया है । फिलहाल इस मामले में पुलिस का बयान आया है कि एक अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई है। आपको बता दें की उन्नाव सदर कोतवाली क्षेत्र के सिविल लाइंस क्षेत्र में घ्इए-38 बटालियन अलीगढ़ में तैनात सिपाही अमन चौधरी और पंकज उन्नाव के फतेहपुर चौरासी स्थित पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में फिजिकल ट्रेनिंग करने जा रहे था । बताया जा रहा है की दोनों सिपाही ट्रेन से उतरने के बाद हरदोई पुल के पास खड़े थे। बताया जा रहा है की दोनों सिपाही प्रकाश गेस्ट हाउस के पास बस के इंतजार में खड़े थे। तभी सिपाही अमन चौधरी मोबाइल चला रहा था, तभी बाइक सवार तीन लुटेरे सिपाही का मोबाइल लूटकर फरार हो गए। घटना की सूचना सिपाही ने तत्काल पुलिस को दी। जिसके बाद उन्नाव सदर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पीड़ित सिपाही से घटना की जानकारी ली । वहीं लुटेरों की तलाश के लिए एसओजी टीम को लगाया गया है। सीओ सिटी सोनम सिंह ने बताया कि इस मामले में एक अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई है।

# समर इस्लामिक क्लासेज के बच्चों के लिए आयोजित हुई प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन सेरेमनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नानपारा, बहराइच । जून की गर्मी के बीच कुछ ऐसा हुआ जिसने इल्म की एक ठंडी हवा चला दी। इस्लामिक यूथ फ़ेडरेशन, सर्किल नानपारा की ओर से मोहल्ला तोपखाना स्थित सैंपलिंग पब्लिक स्कूल में 1 जून से 5 जून तक समर इस्लामिक क्लासेस का सफल आयोजन किया गया। ये महज़ क्लासेस नहीं थीं बल्कि ये उस कोशिश का नाम था जो नई नस्ल को दीनी तालीम और दुनियावी समझ दोनों से जोड़ने के लिए की गई थी।पाँच दिन तक चले इस कार्यक्रम में 55 से अधिक छात्रों ने शिरकत की। कक्षाओं का रंग कुछ ऐसा था कि बच्चों ने किताबों से ज़्यादा, ज़िंदगी से सीखा। कहीं तौहीद की बुनियादें रखी जा रही थीं, तो कहीं सीरत-ए-नबवी के ज़रिए अख़लाक़ के मायने समझाए जा रहे थे। आखिरत, जन्नत और जहन्नम जैसे गहरे विषय भी बच्चों की ज़बान पर आसान बनकर उतरते दिखे। इसके साथ ही हज़रत इब्राहीम (अ.स.) की ज़िंदगी के वाक़ियात, मुस्लिम साइंटिस्ट्स की खोजें, मोबाइल और करियर जैसे आधुनिक मसले भी उतनी ही संजीदगी से पढ़ाए गए। क्लासेस का असर बस इतना नहीं था कि बच्चे रोज़ स्कूल आ रहे थे, वो सवाल कर रहे थे, समझ रहे थे, और सोच रहे थे। यही तो तालीम का असल मक़सद होता है। रविवार को महक पैलेस, नानपारा में एक ख़ूबसूरत समापन समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर उन बच्चों को सम्मानित किया गया जिन्होंने न सिर्फ पढ़ा बल्कि कुछ नया समझने की कोशिश की। कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों में प्रथम स्थान पर अहमद बिलाल हुसैन, द्वितीय स्थान पर इरफान अली एवं तृतीय स्थान पर मोहम्मद आमिल रहे वही कक्षा 9 से इंटरमीडिएट के बच्चों में प्रथम स्थान पर मोहम्मद फरहान, द्वितीय स्थान पर माबूद अली एवं तृतीय स्थान पर अली हस्सान रहे जिन्हें मेडल पहनाकर उन्हें पुरुस्कृत किया गया। इसके अलावा जिन बच्चों ने अच्छा प्रदर्शन किया, उन्हें सांत्वना पुरस्कार देकर उनकी हौसला अफजाई की गई। इस बेहतरीन कार्यक्रम के पीछे जो टीम थी, उसकी मेहनत को नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता। आई वाई एफ नानपारा टीम के मोहम्मद फैजान अब्बासी, गुड्डू मारिया, ओसामा जाफरी और मास्टर शमीम ने हर दिन इस बात का ध्यान रखा कि तालीम सिर्फ लफ़्ज़ों का नहीं, असर का हो। आई वाई एफ की यह पहल सिर्फ एक हफ़्ते की क्लासेस नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए रौशनी का वह दीया है, जिसकी लौ उम्मीद है और ज़िम्मेदारी भी। इस मौके पर सैंपलिंग पब्लिक स्कूल के प्रबंधक रईस बेग, परवेज़ अख्तर उर्फ सद्दू, मास्टर मुहम्मद असलम, खान मोहम्मद शोएब, शारिक़ मोईन, मास्टर आवेश आदि लोगो मौजूद रहे।

## एक ऊर्जावान योग मैराथन स्वस्थ समाज की ओर बढ़ते कदम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कानपुर । चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर ''एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य'' के लिए सोमवार को समाज के सभी वर्गों को एक साथ जोड़ने के लिए ''एक ऊर्जावान योग मैराथन स्वस्थ समाज की ओर बढ़ते कदम'' का आयोजन किया गया। यह जानकारी सोमवार को सीएसए के मीडिया प्रभारी डॉ. खलील खान ने दीं।मीडिया प्रभारी ने बताया कि कृषि विश्वविद्यालय कानपुर में विकसित की गई योग वाटिका से अटल घाट गंगा बैराज तक मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया।

## रुपये दोगुना करने का झांसा देकर दो लाख ठगे, मुकदमा दर्ज

हमीरपुर । सोमवार को रुपये दोगुना करने का लालच देकर महिला से दो लाख रुपये ठगने के मामले में पुलिस ने दो लोगों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।मौदहा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मंकराव निवासी रामप्यारी पत्नी ओम बाबू ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि साल 2018 में उसके परिचित बांदा निवासी इंद्रपाल वर्मा और रामसेवक आए और म्यूचुअल बेनिफिट कम्पनी में पांच साल में रुपये दोगुना करने की बात कहकर उसे और उसके पति से बातें कर झांसे में ले लिया। जिसके चलते उन्होंने दो लाख रुपये जमा कर दिए। लेकिन समय पूरा होने के बाद भी उक्त दोनों लोग रुपये नहीं लौटा रहे हैं।पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दोनों के विरुद्ध धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# तहसील प्रशासन की मिलीभगत से संचालित हो रहे जन सेवा केंद्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। कलीनगर तहसील परिसर में मानकों को दरकिनार कर संचालित जनसभा केंद्र नहीं हटाए

### एसडीएम ने तहसीलदार को हटाने के दिए थे निर्देश

जा रहे हैं। उप जिलाधिकारी महिपाल सिंह ने तहसीलदार वीरेंद कुमार को हटाने के निर्देश दिए थे। लेकिन तहसीलदार की लापरवाही से अभी तक जन सेवा केंद्र संचालित हो रहे हैं। जन सेवा केंद्र प्रभारी द्वारा अबैध कब्जा करने से अधिवक्ताओं और वादकारियों को भी काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा हैं।कलीनगर एसडीएम ने बताया तहसील परिसर में जनसेवा केंद्र नही संचालित होने दिए जाएंगे।करोड़ों की लागत से बने तहसील परिसर में अभी अधिवक्ताओं के बैठने की कोई सामुचित व्यवस्था नहीं है। इसके बावजूद यहां आधा दर्जन से अधिक लोग अधिवक्ताओ के बैठने के स्थान पर जन सेवा केंद्र का संचालन कर रहे थे। इसमें अधिकांश जन सेवा केंद्र अन्य गांव के लिए आवंटित है। तहसील परिसर में ही अधिकांश जन सेवा केंद्र संचालक चोरी की बिजली भी फूंक रहे थे। अवैध रूप से कब्जा होने से यहां अधिवक्ताओं और बादकारियों को काफी दिक्कत हो रही है। कई बार अधिवक्ताओं के विरोध करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। समस्या को देखते हुए। एसडीएम महिपाल सिंह ने तहसीलदार वीरेंद्र कुमार को जनसेवा केंद्र हटाने के निर्देश दिए थे। लेकिन लगभग 5 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक जन सेवा केंद्र तहसील परिसर में ही संचालित हो रहे हैं।




# डीएम ने विकासखंड अमरिया में योग सप्ताह के अंतर्गत किया योगाभ्यास, उपस्थित रहे ब्लॉक प्रमुख व एसडीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में प्रातः 6:00 बजे ब्लॉक अमरिया पहुंचकर योग सप्ताह के अंतर्गत योगाभ्यास का किया गया। योग सप्ताह 15 जून से 21 जून तक विभिन्न योगाभ्यास कार्यक्रम किए जाएंगे। योग सप्ताह के अंतर्गत जनपद स्तर से लेकर तहसीलों,ब्लॉकों,ग्रामों योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे। दिनांक 21 जून 2025 को 11 वॉ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन गांधी स्टेडियम में किया जाएगा। उन्होंने योगभ्यास के दौरान सभी से अपील करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर अधिक से अधिक संख्या में लोग प्रतिभा करें और अपना योगदान दें। उक्त कार्यक्रम में निशान सिंह ब्लॉक प्रमुख अमरिया, मयक गोस्वामी उप जिलाधिकारी अमरिया, खंड विकास अधिकारी, नायब तहसीलदार सहित अधिकारियों सहित अन्य के द्वारा योगाभ्यास कार्यक्रम में प्रतिभा किया हैं।

### यूपीआई की तरह फर्जी ऐप बनाकर दुकानदारों को लगाया चूना

पीलीभीत। फर्जी ऐप के जरिए दुकानदारों से ठगी करते पकड़ा गया युवक चकमा देकर फरार हो गया युवक 'फोनपे' की तरह हूबहू दिखने वाला एक नकली ऐप बनाकर दुकानों से सामान खरीदते और पेमेंट के नाम पर ठगी करता था वे सामान खरीदने के बाद दुकानदार के ड्ट कोड को स्कैन करते और नकली ऐप से पेमेंट दिखाता था दुकानदार को लगता था कि भुगतान हो गया है, लेकिन वास्तव में कोई ट्रांजेक्शन नहीं होता था इस फर्जीवाड़े का खुलासा तब हुआ पीलीभीत में एक आईटीआई छात्र को डिजिटल ठगी करते हुए व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने पकड़ा। जहानाबाद थाना क्षेत्र के शाही गांव निवासी मनोज कुमार फर्स्ट ईयर का छात्र है।व्यापार मंडल के युवा जिला मंत्री अभिषेक शर्मा के प्रतिष्ठान पर आरोपी ने एप से फर्जी भुगतान का प्रयास किया। वह फोन पर असली यूपीआई एप जैसी दिखने वाली एप से भुगतान का फर्जी मैसेज दिखाता था। इससे पीड़ित को पेमेंट का मैसेज आ जाता था, लेकिन पैसा ट्रांसफर नहीं होता था इसी दौरान एक समाजवादी पार्टी की नेत्री के पति और रिश्तेदार वहां पहुंच गए।

# नहर चौराहे पर अतिक्रमण होने से राहगीर परेशान, आए दिन होती है दुर्घटना

कैनविज टाइम्स संवाददात

सुल्तानपुर। बल्दीराय तहसील मुख्यालय स्थित नहर चौराहा पर दुकानदारों द्वारा नहर की पटरी पर अतिक्रमण कर लिया गया है जिससे आने जाने वाले राहगीर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। इसकी शिकायत भी स्थानीय लोगों द्वारा कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों से की थी लेकिन कार्यवाही नहीं हो पाई। बता दे कि बल्दीराय तहसील मुख्यालय पर स्थित चौराहा शारदा सहायक नहर खंड 16 की पटरी पर स्थानीय दुकानदारों द्वारा मार्ग पर ही अतिक्रमण कर लिया है जिससे आने जाने वाले नागरिकों को परेशानी उत्पन्न हो रही है कई बार चौराहे पर दुर्घटना भी हो चुकी है फिर भी विभाग मौन है। कई लोगों ने बताया कि इसकी शिकायत भी संबंधित विभाग के अधिकारियों से की गई थी लेकिन कुछ दिन तक दुकानदारों को अपनी दुकान न

### विभाग के अधिकारी उदासीन

लगाने की हिदायत देकर विभाग मौन हो गया। इधर मौका पाते ही दुकानदार पुनः अपनी दुकान चौराहे पर ही लगाने लगे जिससे दुकानों पर भीड़ इकट्ठा होने के साथ-साथ ग्राहकों की मोटरसाइकिल व साइकिल भी मार्ग पर ही खड़ी की जाती है जिससे हलियापुर की ओर जाने वाले वह उधर से आने वाले राहगीरों के समक्ष दुर्घटना का भय बना रहता है। लोगों ने इस की शिकायत शारदा सहायक खंड 16 के अधिकारियों से करते हुए तत्काल अतिक्रमण हटाए जाने की मांग की है।

### दो ट्रकों की आपस भिड़ंत में एक खलासी की मौत

सुल्तानपुर। टांडा-बांदा हाईवे पर दो ट्रकों की आपस में भिड़ंत हो गई। हादसे में एक ट्रक खलासी की मौत हो गई। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य करते शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं, घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मचा है। घटना रविवार रात 11 बजे की है। टांडा-बांदा हाईवे पर सेमरी मोड़ कटका के पास यह हादसा हुआ है। यहां ट्रक नंबर यूपी 71 वीटी 3186 और एचआर 73 वी 8584 की आमने सामने भिड़ंत हुई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक नंबर एचआर 73 वी 8584 के खलासी को गंभीर चोटे आई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा शव पुलिस ने तत्काल खलासी को राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान सनी प्रजापति (18) पुत्र शीतला प्रजापति के रूप में हुई है। वो लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के समहुत कला का निवासी है। मृतक चार भाइयों में दूसरे नंबर पर था।

# मृतक आश्रितों को मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना का चेक किया वितरित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बल्दीराय/सुल्तानपुर। बल्दीराय तहसील सभागार कक्ष में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत 31 लाभार्थियों को 1 करोड़ 55 लाख रुपये का प्रतीकात्मक चेक वितरण किया गया।

सरकार की अति महत्वपूर्ण मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत उपजिलाधिकारी बल्दीराय मंजुला मयंक की अध्यक्षता में तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांवों में सड़क दुर्घटना में मृतक हुए 31 मुखिया के आश्रितों को तहसील सभागार में डिजिटल तरीके से एलसीडी पर मुख्यमंत्री के ऑन लाइन चलचित्र कार्यक्रम का प्रसारण के साथ ही एसडीएम बल्दीराय ने निधि, कलावती, उमा, सुनीता, कंचन, उर्मिला, शांति देवी, रमावती, अनिता, रेनू कुमारी, अनीता पांडेय सहित 27 अन्य आश्रितों को चेक वितरित किया गया। जो 4 लाभार्थी नही आये उनके बारे में उपजिलाधिकारी ने बताया कि उनका प्रतीकात्मक चेक हल्का लेखपाल के माध्यम से उपलब्ध करवा दिया जाएगा। इस मौके पर तहसीलदार देवानंद तिवारी, नायब तहसीलदार गुलाब सिंह सहित राजस्व निरीक्षक व हल्का लेखपाल उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को दिया गया चेक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अन्तर्गत 11690 आश्रित परिवारों को रू. 561.86 करोड़ सहायता धनराशि का वितरण जनपद अम्बेडकर नगर से किया हैं। जिसका सजीव लाइव प्रसारण कलेक्टेट स्थित गांधी सभागार पीलीभीत तथा समस्त तहसीलों में उपस्थित जनप्रतिनिधियों सहित अन्य लोगों ने देखा।इसी क्रम में जनपद में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह,मंत्री संजय सिंह गंगवार,ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने संयुक्त रूप से पीलीभीत सदर के दर्जनों लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप में धनराशि का चेक प्रदान किया गया हैं।साथ ही जिलाधिकारी की अध्यक्षता एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रतीकात्मक रूप से धनराशि का चेक प्रदान किया गया। इस दौरान गन्ना राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार,जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, अपर जिला अधिकारी ऋतु पुनिया, मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा,उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता,ब्लॉक प्रमुख ललौरी खेड़ा अजय सिंह गंगवार सहित कई जनप्रतिनिधि राजस्व अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे हैं।

# मंत्री एवं ब्लॉक प्रमुख ने कलेक्ट्रेट सभागार में किया पौधारोपण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा एवं मंत्री संजय सिंह गंगवार सहित अधिकारियों ने रोपे पौधे पीलीभीत। एक पेड़ मां के नाम को समर्पित पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ अभियान के तहत कलेक्ट्रेट में स्थित गांधी सभागार के परिसर में वृहद पौधारोपण।अभियान के तहत पौधों का रोपण किया गया। वहीं पर्यावरण संरक्षण को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया है। पौधारोपण कार्यक्रम में मुख्य रूप से गन्ना मंत्री संजय सिंह गंगवार, अपर जिलाधिकारी ऋतु पुनिया, मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे हैं।

### बेखौफ चोरों ने दिनदहाड़े व्यवसायी की बाइक उड़ाई

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना कमरौली क्षेत्र के रोड नम्बर से एक व्यवसायी की बाइक दिनदहाड़े बेखौफ चोरों द्वारा पार कर दिये जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने व्यवसायी की तहरीर पर अभियोग दर्जकर मामले की छानबीन शुरु कर दी है लेकिन सोमवार की देर शाम तक पुलिस के हाथ कामयाबी नही लग सकी है। थाना क्षेत्र के रोड नम्बर चार औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर निवासी राहुल गुप्ता पुत्र स्वर्गीय उदय चन्द गुप्ता रोड नम्बर चार पर मोबाइल की दुकान चलाते है।प्रतिदिन की भति वह अपनी बाइक अपाची नम्बर यूपी 33 ए के 1490 अपनी दुकान के बगल में विजय शुक्ला के सामने खड़ी कर देते थे लेकिन शनिवार लगभग चार बजे जब वह अपनी के लिये वहां पहुंचे तो उक्त बाइक वहां पर मौजूद नही थी तो उसके पैरों तले से जमीन खिसक गई और वाहन स्वामी ने इधर उधर बहुत तलाश किया लेकिन कहीं नजर नही आई तो पीड़ित वाहन स्वामी ने स्थानीय पुलिस को आपबीती सुनाई। पुलिस ने काफी टाल मटोल के बाद मुकदमा तो दर्जकर लिया है लेकिन चोरी गई बाइक का सुराग नही लग सका है।

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस18 जून को होगा संपन्न

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के प्रत्येक तृतीय बुद्धवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया जाता है। माह जून 2025 का किसान दिवस दिनांक 18-06-2025 को समय 12 बजे से 02 बजे अपरान्ह तक गांधी सभागारए कलेक्टेट कम्पाउन्ड कचेहरी में आयोजित किया जायेगा। किसान दिवस में किसानों की समस्या के निदान हेतु बैठक में उपस्थित अधिकारियोंध्विशेषज्ञों द्वारा अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओंए कार्यक्रमों की जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी तथा कृषकों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्वक समाधान किया जायेगा। किसान भाईयों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में उक्त किसान दिवस में उपस्थित रहे हैं।

### भारत बैट्री की दुकान के सामने लगा नल, हुआ चोरी वीडियो वायरल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारत बैट्री की दुकान के सामने लगा नल को तोड़कर ले गया चोर, चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सोमवार की सुबह लगभग 5:01 मिनट पर एक चोर ठेली लेकर पहुंचा इस दौरान उसने अपनी ठेली से फावड़ा उठाया और नल पर मारकर उसको तोड़कर अपनी ठेली में रखकर लेकर फरार हो गया। सुबह जब दुकाने खुलने का टाइम हुआ तो दुकानदारों ने देखा की नल गायब है और सीसीटीवी कैमरा चेक किया तो उसमें देखा जा रहा है कि एक सफाई कर्मी नल को तोड़कर ले जा रहा है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

### समस्याओं को लेकर मार्च निकालकर धरना प्रदर्शन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने सोमवार को जनसमस्याओं को लेकर तहसील कोतवाली रोड पर मार्च निकाला उसके बाद तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित 12 सूत्रीय ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा है। ज्ञापन में प्रधानमंत्री आवास योजना का पात्रों को लाभ न मिलना, राशन कार्ड संबंधित समस्या, आवारा पशु किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। बेरोजगार युवाओं को रोजगार नही मिल रहा है। किसानों की खतौनी में आ रही समस्या,देश में विभिन्न विभागों में खाली पड़े पदों पर सरकारी भर्ती की मांग, पूरनपुर ब्लाक रोड से मुजफ्फरनगर तक सड़क निर्माण कार्य, सरकारी विभागों के नीजी करण पर रोक लगाने व बढती हुई महंगाई पर रोक लगाने सहित 12 सूत्रीय ज्ञापन राष्ट्रपति को संबोधित एसडीएम को सौंपा है।

### बल्दीराय में अवैध पैथालॉजी और नर्सिंग होम का बोलबाला

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बल्दीराय तहसील क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित हो रही पैथालॉजी व नर्सिंग होम की भरमार पर स्वास्थ्य विभाग आंखें मूंदे बैठा है। समाचार पत्रों में कई बार खबरें प्रकाशित होने के बावजूद अब तक न तो जांच हुई और न ही किसी पर कार्रवाई। बल्दीराय क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता रंजीत सिंह ने इस गंभीर मामले को लेकर सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुल्तानपुर से चार बिंदुओं पर जानकारी मांगी है। रंजीत सिंह ने बताया कि बल्दीराय में बड़ी संख्या में बिना रजिस्ट्रेशन व बिना लाइसेंस के नर्सिंग होम व पैथालॉजी संचालित हो रही हैं। इन संस्थानों द्वारा मरीजों से भारी भरकम शुल्क वसूला जा रहा है, जिससे आमजन का आर्थिक व मानसिक शोषण हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि समय पर जानकारी नहीं दी गई या कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन व कानूनी कदम उठाने को बाध्य होंगे।

# किसानों के चेहरे पर लौटी मुस्कान मुख्यमंत्री ने दी 561.86 करोड़ की सौगात

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।''किसान का दुःख प्रदेश का दुःख है'' इसी संकल्प को साकार करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत 11,690 कृषक आश्रित परिवारों को 561.86 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता सीधे उनके खातों में प्रेषित की। जनपद अंबेडकर नगर से आयोजित इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जनपद पीलीभीत सहित पूरे प्रदेश में किया गया। जनपद के गांधी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें यूपी शासन संजय सिंह गंगवार,जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुरूभाग सिंह,ब्लाक प्रमुख मरौरी सभ्यता वर्मा,ब्लाक प्रमुख ललौरीखेड़ा,जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह,अपर जिलाधिकारी ऋतु पूनिया, उप जिलाधिकारी, तहसीलदार सदर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों,कृषकगण द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग कर मुख्यमंत्री के सजीव लाइव प्रसारण को देखा एवं सुना गया।इस अवसर पर जनपद के 130 लाभार्थी कृषक परिवारों को रूपये 06 करोड़ 07 लाख 50 हजार की

### पीलीभीत के 130 परिवारों को मिला सहारा

डमी चेक वितरित किये। राज्यमंत्री सहित अन्य जनप्रतितिनधियों ने कृषकों को वितरित किए डमी चेक। वास्तविक सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे पात्रों के बैंक खातों में भेजी गई। यह योजना उन किसानों और उनके परिवारों के लिए आशा की किरण है, जिन्होंने अकाल दुर्घटनाओं में अपनों को खोया है।मंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा, ्ल्यह योजना न केवल आर्थिक सहारा है, बल्कि प्रदेश सरकार का उन किसानों के प्रति कर्तव्यबोध है, जिनका जीवन खेतों से जुड़ा है।्ङ्क जनपद की सभी तहसीलों में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें संबंधित उपजिलाधिकारी, तहसीलदार व सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे। प्रत्येक स्थान पर लाभार्थियों को योजना के बारे में जानकारी दी गई और शासन की संवेदनशीलता का एहसास कराया गया।कार्यक्रम के अन्त में राज्यमंत्री, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा गांधी सभागार परिसर में पौधा रोपण किया है।

# मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के तहत पीड़ित परिवारों के आश्रितों को दी गई सहायता राशि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जनपद की समस्त तहसीलों में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का किया गया सजीव प्रसारण

अमेठी ।प्रदेश सरकार द्वारा कृषकों की दुर्घटनावश मृत्यु दिव्यांग होने की स्थिति में उनके परिवार को सामाजिक व आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना संचालित की गई है। इस योजना के अंतर्गत कृषक की दुर्घटनावश मृत्यु/दिव्यांगता की दशा में अधिकतम पांच लाख रुपया तक की सहायता राशि उनके आश्रितों को दी जाती है।इसी क्रम में आज जनपद अमेठी के अस्सी किसानों के आश्रितों को तीन करोड़ सत सतहत्तर लाख दस हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। तहसील गौरीगंज में एनआईसी सहित जनपद की अन्य सभी तहसीलों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने पीड़ित परिवारों के आश्रितों को सहायता राशि का प्रतीकात्मक चेक वितरित किया। इससे पूर्व सभी जगह मुख्यमंत्री के उदबोधन कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया। तहसील गौरीगंज के एनआईसी में जिलाधिकारी संजय चौहान, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, गौरीगंज के ब्लाक उमेश प्रताप सिंह द्वारा डेढ़ दर्जन लाभार्थियों को सहायता राशि का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया गया। इसी प्रकार तहसील तिलोई में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह एवं उप जिलाधिकारी अमित सिंह द्वारा उन्नीस लाभार्थियों को, तहसील अमेठी में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी व उपजिलाधिकारी अमेठी आशीष सिंह द्वारा इक्कीस लाभार्थियों को तथा तहसील मुसाफिरखाना में विधायक सुरेश पासी एवं उपजिलाधिकारी अभिनव कनौजिया द्वारा बाइस लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक दिया गया।बताते चले की मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना योजना के अंतर्गत दुर्घटनावश मृत्यु अथवा दिव्यांता होने की दशा में प्रदेश सरकार द्वारा अधिकतम पांच लाख रुपये की सहायता राशि पीड़ित परिवारों के आश्रितों को प्रदान की जाती है, जिसमें दुर्घटना के कारण मृत्यु दिव्यांगता की स्थिति में पांच लाख रुपया,एक हाथ या एक पैर या एक आंख की छती होने पर ढाई लाख रुपया, स्थाई दिव्यांगता पच्चीस फीसदी से अधिक होने पर किंतु पचास प्रतिशत से कम होने पर एक लाख पच्चीस हजार रुपये की सहायता राशि दी जाती है।

## सीखने की अपरिहार्य यात्रा

जागरूक प्राणियों के रूप में, हमारे पास पांच इंद्रिय अंग हैं जिन्हें ज्ञान का द्वार भी कहा जाता है। इसलिए यह एक गलत बयान नहीं होगा कि, हमारे स्वभाव के कारण, हम बिना सीखे नहीं रह सकते। जैसे, हमारे कान हमेशा खुले रहते हैं, इसलिए हम लगातार सुन रहे हैं। जो शब्द हमारे कानों से हमारे दिमाग तक जाते हैं, वे उन पाठों की तरह होते हैं जिन्हें हम लगातार प्राप्त करते हैं। इसी तरह, हम अपनी आंखों के माध्यम से पूरी दुनिया को देखते हैं जिसके परिणामस्वरूप अच्छी चीजें सीखने के साथ-साथ बुरी चीजें भी होती हैं। विद्युत आवेग जो हम अपनी त्वचा या स्वाद कलियों के माध्यम से प्राप्त करते हैं, हमारे मस्तिष्क तक पहुंचते हैं जो हमारे लिए एक प्रकार का सीखने वाला भी है। हालांकि किसी को इस तथ्य को समझना चाहिए कि सीखने की उपरोक्त सभी प्रक्रियाएं जागरूकता या चेतना द्वारा होती हैं जो हमारे मस्तिष्क में मौजूद होती हैं जिसके बिना सीखना असंभव के बगल में होता है। इस संदर्भ में, हमें पता होना चाहिए कि हमारे इंद्रिय-अंग केवल दरवाजे हैं, सीखना एक प्रक्रिया है जो चेतना से गुजरती है। इसे संयुक्त 'मन-बुद्धि-स्मृति-भावना' कहा जा सकता है या हम इसे केवल 'आत्मा' कह सकते हैं। इसलिए, सभी जानकारी या सभी संदेश जो हमें प्राप्त होते हैं, आत्मा को प्रभावित करते हैं। और वे आत्मा को अच्छे या बुरे अनुभव देते हैं। इसके अलावा, हमें पता होना चाहिए कि हमारे द्वारा प्राप्त जानकारी या ज्ञान दो प्रकार के होते हैं। एक भौतिक चीजों का ज्ञान है; दूसरा आत्मा, कर्म, सर्वोच्च आदि के बारे में है। बाद का ज्ञान, जब कार्रवाई में डाला जाता है, तो कुछ संस्कारों का परिणाम होता है या जैसा कि हम इसे व्यक्तित्व लक्षण कहते हैं। हमारे अधिकांश कार्यों ने एक संस्कार के प्रभाव में बार-बार प्रदर्शन किया, जिसके परिणामस्वरूप सुख या दुःख का अनुभव हुआ। जीवन की अपनी यात्रा के दौरान, हम लगातार कुछ ऐसे सबक सीखते हैं जिसके परिणामस्वरूप हमारे कर्म के अनुसार संस्कार बनते हैं। इसलिए, यदि हम स्पष्ट रूप से जानते हैं कि सीखना अपरिहार्य है और हम हमेशा अच्छी या बुरी चीजें सीख रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप अच्छे या बुरे संस्कार होते हैं जो सुख या दुःख की ओर ले जाते हैं, तो हम करेंगे यह कभी न कहें कि हमें सीखने में कोई समय या कोई दिलचस्पी नहीं है। इसी तरह, अगर हम जानते हैं कि हमारे संस्कार जीवन के बाद हमारे जीवन के साथ चलते हैं, तो हम अच्छी चीजों को सीखने और बुरी चीजों को छोड़ने में अधिक सावधान रहेंगे क्योंकि शिक्षा एक अमृत प्रतीत होती है जो हमें एक स्वस्थ दिमाग और शरीर के साथ ला सकती है एक स्थायी फलदायी जीवन। हम सभी इस तथ्य को अच्छी तरह से जानते हैं कि वर्तमान जीवन में, जहां तक अच्छाई और गुणों का संबंध है, कोई भी परिपूर्ण नहीं है। इसलिए, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि हम सभी को प्रबुद्ध होने की आवश्यकता है और हमें अपने विचारों, भाषण और कार्यों की गुणवत्ता में सुधार करने की तत्काल आवश्यकता है। चूँकि हम सीखने से बच नहीं सकते, भले ही हम चाहें, फिर हम, नैतिक मूल्यों, गुणों या अच्छे गुणों को विकसित करना क्यों नहीं सीखते ताकि हम पूर्णता की दिशा में प्रगति कर सकें? हम अपने सिर पर बकवास का भारी भार क्यों उठाना चाहते हैं? हम अपने लक्ष्य की ओर अपने मार्च में देरी क्यों करना चाहते हैं? लंगड़ा बहाना बनाकर हम क्या हासिल करते हैं, यह कहते हुए कि हमारे पास कोई समय नहीं है या हमें कोई दिलचस्पी नहीं है? ऐसा क्या है जिसमें हम रुचि रखते हैं? क्या हम अपने पतन, क्षय या कयामत में रुचि रखते हैं? डूबने और डूबने में गहराई से विकारों, बुराइयों और कीचड़ के दलदल में? याद है ! जितना अधिक हम देरी करेंगे, हमारी स्थिति उतनी ही बदतर होगी और हमारे तरीकों को सुधारना उतना ही कठिन होगा। सीखने की प्रक्रिया, जैसा कि पहले कहा गया था, निरंतर और निरंतर है और इसलिए किसी ने सही कहा है कि हम हर रोज सीखते हैं और अहंकार और उस धारणा को बहाते हैं जिसे मैं सब कुछ जानता हूं। इसलिए हम इसे रोक नहीं सकते, भले ही हम अपनी पूरी कोशिश करें, इसमें अपनी सारी ताकत लगा दें।

# उपजाऊ भूमि को मरुस्थल होने से बचाना होगा

**स्वस्थ भूमि संपन्न अर्थव्यवस्थाओं का आधार है, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का आधा से अधिक हिस्सा प्रकृति पर निर्भर है। फिर भी हम इस प्राकृतिक पूंजी को खतरनाक दर से नष्ट कर रहे हैं– हर मिनट, भूमि क्षरण के कारण चार फुटबॉल मैदानों के बराबर भूमि नष्ट हो जाती है। इससे जैव विविधता का नुकसान होता है, सूखे का खतरा बढ़ता है और समुदाय विस्थापित होते हैं। इसके प्रभाव वैश्विक हैं–खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों से लेकर अस्थिरता और पलायन तक। मरुस्थलीकरण, भूमि क्षरण और सूखा हमारे समय की सबसे गंभीर पर्यावरणीय चुनौतियों में से हैं तथा विश्वभर में 40 प्रतिशत भूमि क्षेत्र पहले से ही क्षरित माना जाता है। संयुक्त राष्ट्र के पारिस्थितिकी तंत्र बहाली दशक 2021–2030 के आधे पड़ाव पर पहुंचने के साथ ही, हमें भूमि क्षरण की लहर को बड़े पैमाने पर बहाली में बदलने के प्रयासों में तेजी लानी चाहिए। यदि मौजूदा रुझान जारी रहे, तो हमें 2030 तक 1.5 बिलियन हेक्टेयर भूमि को बहाल करना होगा और एक ट्रिलियन डॉलर की भूमि बहाली अर्थव्यवस्था को गति देनी होगी। भूमि को पुनःस्थापित करें, अवसरों को खोलें थीम के अंतर्गत, इस बात पर प्रकाश डालता है कि प्रकृति की नींव–भूमि–को पुनःस्थापित करने से किस प्रकार रोजगार सृजित हो सकते हैं, खाद्य और जल सुरक्षा को बढ़ावा मिल सकता है, जलवायु कार्रवाई का समर्थन किया जा सकता है और आर्थिक लचीलापन निर्मित किया जा सकता है। यह विशेष रूप से उन शुष्क, अर्द्ध–शुष्क और शुष्क उप–आर्द्र क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करता है, जिन्हें शुष्क भूमि के रूप में जाना जाता है, इन स्थानों पर सबसे कमज़ोर पारिस्थितिक तंत्र पाए जाते हैं। यह दिवस अंतरराष्ट्रीय सहयोग से उपजाऊ भूमि को मरुस्थल होने से बचाता, बंजर और सूखे के प्रभाव का मुकाबला करने में सक्षम बनाता है।**

मानव एवं जीव-जंतुओं का जीवन भूमि पर निर्भर है। फिर भी, पूरी दुनिया में प्रदूषण, भूमि का दोहन, जलवायु अराजकता और जैव विविधता विनाश का एक जहरीला मिश्रण स्वस्थ भूमि को रेगिस्तान में बदल रहा है और संपन्न पारिस्थितिकी तंत्र मृत क्षेत्रों में बदल रहा है। 'हमारी भूमि' नारे के तहत भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखा निवारण आज की जलवायु समस्याओं का सटीक समाधान हो सकता है, इसी को ध्यान में रखते हुए विश्व मरुस्थलीकरण एवं सूखा निवारण दिवस 17 जून को मनाया जाता है। यह दिन मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने के लिए जागरूकता बढ़ाने और लोगों को एकजुट करने के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम है 'भूमि के लिए एकजुट। हमारी विरासत। हमारा भविष्य' है, संयुक्त राष्ट्र के अनुसार यह दिवस पर भूमि के महत्व और इसे भावी पीढ़ियों के लिए संरक्षित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है। कोलंबिया गणराज्य इस वर्ष 17 जून को मरुस्थलीकरण और सूखा दिवस के वैश्विक आयोजन की मेजबानी करेगा, जो प्रकृति-आधारित समाधानों के माध्यम से भूमि क्षरण को संबोधित करने की अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। बोगोटा में आयोजित यह कार्यक्रम स्थिरता, शांति और समावेशी विकास के उत्प्रेरक के रूप में भूमि बहाली एवं सूखा निवारण की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डालेगा, साथ ही भोजन, पानी, रोजगार और सुरक्षा सुनिश्चित करने में स्वस्थ भूमि की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देगा। स्वस्थ भूमि संपन्न अर्थव्यवस्थाओं का आधार है, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का आधा से अधिक हिस्सा प्रकृति पर निर्भर है। फिर भी हम इस प्राकृतिक पूंजी को खतरनाक दर से नष्ट कर रहे हैं- हर मिनट, भूमि क्षरण के कारण चार फुटबॉल मैदानों के बराबर भूमि नष्ट हो जाती है। इससे जैव विविधता का नुकसान होता है, सूखे का खतरा बढ़ता है और समुदाय विस्थापित होते हैं। इसके प्रभाव वैश्विक हैं-खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों से लेकर अस्थिरता और पलायन तक। मरुस्थलीकरण, भूमि क्षरण और सूखा हमारे समय की सबसे गंभीर पर्यावरणीय चुनौतियों में से हैं तथा विश्वभर में 40 प्रतिशत भूमि क्षेत्र पहले से ही क्षरित माना जाता है। संयुक्त राष्ट्र के पारिस्थितिकी तंत्र बहाली दशक 2021-2030 के आधे पड़ाव पर पहुंचने के साथ ही, हमें भूमि क्षरण की लहर को बड़े पैमाने पर बहाली में बदलने के प्रयासों में तेजी लानी चाहिए। यदि मौजूदा रुझान जारी रहे, तो हमें 2030 तक 1.5 बिलियन हेक्टेयर भूमि को बहाल करना होगा और एक ट्रिलियन डॉलर की भूमि बहाली अर्थव्यवस्था को गति देनी होगी। भूमि को पुनःस्थापित करें, अवसरों को खोलें थीम के अंतर्गत, इस बात पर प्रकाश डालता है कि प्रकृति की नींव-भूमि-को पुनःस्थापित करने से किस प्रकार रोजगार सृजित हो सकते हैं, खाद्य और जल सुरक्षा को बढ़ावा मिल सकता है, जलवायु कार्रवाई का समर्थन किया जा सकता है और आर्थिक लचीलापन निर्मित किया जा सकता है। यह विशेष रूप से उन शुष्क, अर्द्ध-शुष्क और शुष्क उप-आर्द्र क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करता है, जिन्हें शुष्क भूमि के रूप में जाना जाता है, इन स्थानों पर सबसे कमज़ोर पारिस्थितिक तंत्र पाए जाते हैं। यह दिवस अंतरराष्ट्रीय सहयोग से उपजाऊ भूमि को मरुस्थल होने से बचाता, बंजर और सूखे के प्रभाव का मुकाबला करने में सक्षम बनाता है। वर्ष 1994 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अपने एक प्रस्ताव में बंजर और सूखे से जुड़े मुद्दे पर जन जागृति का माहौल निर्मित करने के लिये इस दिवस की घोषणा की। बढ़ते मरुस्थल के प्रति सचेत होना इसलिये जरूरी है कि दुनिया हर साल 24 अरब टन उपजाऊ भूमि खो देती है। मरुस्थलीकरण से बचाव के लिए जल संसाधनों का संरक्षण तथा समुचित मात्र में विवेकपूर्ण उपयोग काफी कारगर भूमिका अदा कर सकती है। मरुस्थलीकरण एक तरह से भूमि क्षरण का वह प्रकार है, जब शुष्क भूमि क्षेत्र निरंतर बंजर होता है और नम भूमि भी कम हो जाती है। साथ ही साथ, वन्य जीव व वनस्पति भी खत्म होती जाती है। इसकी कई वजह होती हैं, इसमें जलवायु परिवर्तन और इंसानी गतिविधियां प्रमुख हैं। इसे रेगिस्तान भी कहा जाता है। संयुक्त राष्ट्र के अनुमान के मुताबिक 2025 तक दुनिया के दो-तिहाई लोग जल संकट की परिस्थितियों में रहने को मजबूर होंगे। उन्हें कुछ ऐसे दिनों का भी सामना करना पड़ेगा जब जल की मांग और आपूर्ति में भारी अंतर होगा। ऐसे में मरुस्थलीकरण के परिणामस्वरूप विस्थापन बढ़ने की संभावना है और 2045 तक करीब 13 करोड़ से ज्यादा लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ सकता है। विश्व में जमीन का मरुस्थल में परिवर्तन होना गंभीर समस्या एवं चिन्ता का विषय है। भारत में भी यह चिंता लगातार बढ़ रही है। इसकी वजह यह है कि भारत की करीब 30 फीसदी जमीन मरुस्थल में बदल चुकी है। इसमें से 82 प्रतिशत हिस्सा केवल आठ राज्यों राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात, जम्मू एवं कश्मीर, कर्नाटक, झारखंड, ओडिशा, मध्य प्रदेश और तेलंगाना में है। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट (सीएसई) द्वारा जारी ख्स्टेट ऑफ एनवायरमेंट इन फिगर्स 2019ङ्क की रिपोर्ट के मुताबिक 2003-05 से 2011-13 के बीच भारत में मरुस्थलीकरण 18.7 लाख हेक्टेयर बढ़ चुका है। सूखा प्रभावित 78 में से 21 जिले ऐसे हैं, जिनका 50 फीसदी से अधिक क्षेत्र मरुस्थलीकरण में बदल चुका है। भारत में लगातार बढ़ रहे रेगिस्तान की गंभीर चिन्ताजनक स्थिति पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जागरूक है और अपनी तीसरी पारी में अब प्रकृति- पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण-मुक्ति के साथ बढ़ते रेगिस्तान को रोकने के लिये उल्लेखनीय कदम उठाये हैं। बंजर जमीन को उपजाऊ बनाने एवं पर्यावरण की रक्षा को लेकर प्रधानमंत्री का संकल्प एक शुभ संकेत है, नये भारत के अभ्युदय का प्रतीक है। उम्मीद करें कि आजादी के अमृतकाल में सरकार की नीतियों में जल, जंगल, जमीन एवं जीवन की उन्नत संभावनाएं और भी प्रखर रूप में झलकेगी और धरती के मरुस्थलीकरण के विस्तार होते जाने की स्थितियों पर काबू पाने में सफलता मिलेगी। सरकार द्वारा मरुस्थलीकरण समस्या के समाधान के लिए भूमि और पारिस्थितिकी प्रबंधन क्षेत्र में नवाचार के जरिए टिकाऊ ग्रामीण आजीविका सुरक्षा हासिल करने के लिए भी कार्य किया जा रहा है। उदाहरण के लिए उत्तराखण्ड सरकार ने आजीविका स्तर सुधारने के लिए भूमि, जल और जैव विविधता का संरक्षण और प्रबंधन किया। सरकार के इन्हीं प्रयासों के तहत अहमदाबाद स्थित स्पेस एप्लीकेशंस सेंटर (एसएसी) ने 19 अन्य राष्ट्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर मरुस्थलीकरण और भूमि की गुणवत्ता के गिरते स्तर पर देश का पहला एटलस बनाया है तथा दूरसंवेदी उपग्रहों के जरिये जमीन की निगरानी की जा रही है। मरुभूमि की लवणता व क्षारीयता को कम करने में वैज्ञानिक उपाय को महत्व दिया जाना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वतः उत्पन्न होने वाली अनियोजित वनस्पति के कटाई को नियंत्रित करने के साथ ही पशु चरागाहों पर उचित मानवीय नियंत्रण स्थापित करना चाहिए। उपजाऊ जमीनों का मरुस्थल में बदलना निश्चय ही पूरी दुनिया के लिए भारी चिंता का विषय है। इसे अब एक धीमी प्राकृतिक आपदा के रूप में देखा जाने लगा है। अगर प्रकृति के साथ इस प्रकार से खिलवाड़ होता रहा तो वह दिन दूर नहीं होगा, जब हमें शुद्ध पानी, शुद्ध हवा, उपजाऊ भूमि, शुद्ध वातावरण एवं शुद्ध वनस्पतियाँ नहीं मिल सकेंगी। इन सबके बिना हमारा जीवन जीना मुश्किल हो जायेगा। आज आवश्यकता है कि प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की ओर विशेष ध्यान दिया जाए, जिसमें मुख्यतः धूप, खनिज, वनस्पति, हवा, पानी, वातावरण, भूमि तथा जानवर आदि शामिल हैं। इन संसाधनों का अंधाधुंध दुरुपयोग किया जा रहा है, जिसके कारण ये संसाधन धीरे-धीरे समाप्त होने की कगार पर हैं। इस जटिल होती समस्या की ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विभिन्न वैश्विक मंचों के कार्यक्रमों कुछ सार्थक कदम उठाने के लिये पहल करना मरुस्थल को उपजाऊ भूमि में बदलने की नयी संभावनाओं को उजागर करता है। इस तरह के समाधान से जहाँ भूमि संरक्षण और उसकी गुणवत्ता बहाल होगी, वहीं विस्थापन में कमी आयेगी, खाद्य सुरक्षा सुधरेगी और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलने के साथ वैश्विक जलवायु परिवर्तन से संबंधित समस्याओं से निजात मिल सकेगा। इस संदर्भ में देखा जाए तो संयुक्त राष्ट्र संघ व भारत सरकार के प्रयास सराहनीय हैं, लेकिन फिर भी उपलब्धियाँ नाकाफी रही हैं। **–ललित गर्ग**

## कबीर की वाणी से लिखी गई हरियाणा के विकास की नयी कहानी

**मनोहर लाल**

12 जून 2022 को मैंने बतौर मुख्यमंत्री हरियाणा के सीएम आवास का नाम बदलकर संत कबीर कुटीर रखने का ऐलान किया था। वह मेरे जीवन का गौरवशाली पल था। मैंने अपने जीवन में कबीरदास जी से जो सीखा, समझा, जाना और जितना उन्हें अपने कार्यों में उतार पाया उसकी संपूर्ण झलक हरियाणा सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों में आज भी स्पष्ट तौर पर नजर आ रही है। इसका ही यह परिणाम है देश में हरियाणा को विकास के नए मॉडल के तौर पर भी अलग से पहचान मिल चुकी है। सबसे पहले संत कबीरदास जी के विचारों से प्रेरित होकर हमारी सरकार ने 'हरियाणा एक-हरियाणवी एक' के संकल्प को जन जन तक पहुंचाया। उसके बाद अंत्योदय भावना के साथ जाति-पाति से ऊपर उठकर हर वर्ग के कल्याण के लिए अनेक योजनाओं पर काम शुरू किया। इसमें समाज के अंतिम व्यक्ति की उपेक्षा व पीड़ा को प्राथमिकता के साथ सबसे आगे रखा गया ताकि समाज में समानता, समरसता की संस्कृति का जुडाव मजबूत हो जाए। 26 अक्तूबर, 2014 को प्रदेश के शासन की बागडोर जब पहली बार सम्भाली थी तो उस समय प्रदेश में निराशा, अविश्वास, कुण्ठा, अवसाद और आक्रोश का माहौल था। भाई-भतीजावाद, क्षेत्रवाद का बोलबाला था। भ्रष्टाचार का नासूर प्रशासन के हर स्तर पर फैला हुआ था। ऐसी परिस्थितियों में कबीरदासजी के सिद्धांतों ने ही हमारी कार्यप्रणाली को नयी राह दिखाई। जिस पर चलते हुए भाजपा सरकार ने क्रांतिकारी कदम उठाते हुए घर बैठे सभी परिवारों के परिवार पहचान पत्र बनाकर 397 योजनाओं व सेवाओं का लाभ प्रदान करने की प्रक्रिया को बेहद आसान बना दिया। आज अनेक राज्य हमारी परिवार पहचान पत्र योजना का अनुसरण कर रहे हैं। हमने बीपीएल की वार्षिक आय सीमा 1.20 लाख रुपये से बढ़ाकर 1.80 लाख रुपये कर अधिक से अधिक परिवारों को योजनाओं के लाभ के दायरे में लाने का काम किया। कबीरदास जी महज एक नाम नही वह मानवता की एक पूरी कहानी है। इसलिए वे अपनी वाणी में समाज में जिस अंतिम व्यक्ति की चिंता करते थे। उसी को ध्यान में रखते हुए चिरायुध्आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रदेश के जरूरतमंद परिवारों को पांच लाख रुपये तक का सालाना मुफ्त इलाज की सुविधा को शुरू किया गया। मानवता को मानवता की ओर ले जाने वाले कबीरदास जी के विचारों का ही प्रभाव रहा की हमारी सरकार ने सामाजिक सुरक्षा की वार्षिक आय, बेटियों की शादी पर शगुन राशि तथा बीपीएल परिवारों को मकान मरम्मत के लिए सहायता राशि को दो से तीन गुणा कर दिया। सुशासन में नयी पहल की प्रेरणा भी इस महान संत की वाणियों से मिलती रही जिसकी बदौलत प्रदेश के नागरिकों में यह विश्वास पैदा किया है कि सरकार उनकी है और वे सरकार के हैं। हमने अंत्योदय सरल पोर्टल के माध्यम से 54 विभागों की 675 योजनाएं और सेवाओं को ऑनलाइन किया। इसी तरह मेरे उपरांत वर्तमान में मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार भी इसी महान संत के विचारों को आत्मसात कर जातिवाद, क्षेत्रवाद और भाई-भतीजावाद से ऊपर उठकर अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं पर तेजी से काम कर रही है। कबीर जी की वाणी ने हमेशा सभी इंसानों को एक समान मानते हुए उन्हें समानता का आचरण करने पर बल दिया। जात-पात का विरोध करते हुए उन्होंने प्रभु भक्ति का जो महान संदेश दिया, उसको सदियों तक याद किया जाएगा। कबीर जी ऐसे पहले सन्त हुए, जिन्होंने लोगों को व्यावहारिक जीवन शैली की भी शिक्षा प्रदान की। उन्होंने जुलाहे के तौर पर कपड़े बुनने का कार्य करते हुए न केवल परिवार का पालन-पोषण किया बल्कि संप्रदायों, जातियों और मतों को मानने वाले लोगों को एकता के सूत्र में पिरोने का भी कार्य किया। उनकी शिक्षाओं और सिद्धांतों पर चलते हुए हमें अपने जीवन का उत्थान करना चाहिए। इसलिए आप सभी को भी अपने स्तर पर सामाजिक बदलाव के लिए प्रयासरत रहना चाहिए ताकि प्रत्येक कमजोर व्यक्ति समाज की मुख्यधारा में शामिल हो सके।

## सेहत मंत्र

### कच्चा आम खाने से स्वस्थ रहते हैं पेट और लिवर, दूर होगी मोटापे और गैस की समस्या

आम को फलों का राजा कहा जाता है। मगर क्या आपको पता है कि सेहत के लिए पके आम से ज्यादा कच्चे आम (कैरी) फायदेमंद होते हैं। कच्चे आमों का स्वाद खट्टा होता है इसलिए इससे कई तरह के चटपटी डिशेज बनाई जा सकती हैं। कच्ची कैरी विटामिन सी का बहुत अच्छे स्रोत होते हैं। इसके अलावा हरे आम में पेक्टिन बहुत अच्छी मात्रा में होता है, जो पथरी को रोकता है। इसलिए पथरी के मरीजों के लिए कच्चे आम का सेवन बहुत फायदेमंद हो सकता है। कच्चे आम में सिट्रिक, ऑक्सेलिक, सक्सीनिक और मैलाइस नाम के एसिड्स पाए जाते हैं, इसलिए इसका स्वाद खट्टा होता है। आइए आपको बताते हैं कच्चा आम (कैरी) खाने के 5 फायदे। गर्मी के मौसम में हीट स्ट्रोक यानी लू का खतरा बहुत ज्यादा बढ़ जाता है। कच्चे आम का सेवन करने से आप लू से बच सकते हैं। दरअसल हरे आम पोटैशियम का बहुत अच्छा स्रोत होते हैं इसलिए ये शरीर में सोडियम की मात्रा को कंट्रोल करते हैं और शरीर में पानी की कमी को मेनटेन करते हैं। इसलिए गर्मी के मौसम में कच्चे आम का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। गर्मी में आप आम का खट्टा-मीठा पना, कच्चे आम की चटनी, कैरी की सब्जी आदि स्वादिष्ट डिशेज बना सकते हैं। गर्मी के मौसम में अक्सर ज्यादा खाने, या तेल-मसाले वाला खाना खाने से पेट में भारीपन (पेट फूलना), अपच, कब्ज, पेट दर्द, गैस आदि की समस्या हो जाती है। कच्चे आम फाइबर से भरपूर होते हैं। इसमें मौजूद कई एसिड्स आंतों में जाकर पाचक रस का उत्पादन बढ़ा देते हैं, जिससे पेट से जुड़ी हर समस्या ठीक हो जाती है। गर्मी में आपके आम से बनी डिशेज जरूर खाने चाहिए। आपको जानकर हैरानी होगी कि कच्चे और हरे आम लिवर के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। दरअसल कच्चे आम खाने से आंतों की अच्छी तरह सफाई हो जाती है, जिससे बाइल जूस (लिवर में बनने वाला रस) का उत्पादन बढ़ जाता है। इसके अलावा कच्चे आम में विटामिन सी भरपूर होता है, जो शरीर को कैंसर से और हार्ट अटैक से बचाने में मददगार है।

## धर्म मंत्र

### अनोखा और बहुत बड़ा है भगवान शिव का परिवार, कैलास पर है निवास

भगवान शिव का परिवार बहुत बड़ा है। वहां सभी द्वंद्वों और द्वैतों का अंत दिखता है। एकादश रुद्र, रुद्राणियां, चौंसठ योगिनियां, षोडश मातृकाएं, भैरव आदि इनके सहचर और सहचरी हैं। माता पार्वती की सखियों में विजया आदि प्रसिद्ध हैं। गणपति परिवार में उनकी पत्नी सिद्धि बुद्धि तथा शुभ और लाभ दो पुत्र हैं। उनका वाहन मूषक है। कार्तिकेय की पत्नी देवसेना तथा वाहन मयूर है। भगवती पार्वती का वाहन सिंह है और स्वयं भगवान शंकर धर्मावतार नन्दी पर आरूढ़ होते हैं। स्कन्दपुराण के अनुसार यह प्रसिद्ध है कि एक बार भगवान धर्म की इच्छा हुई कि मैं देवाधिदेव भगवान शंकर का वाहन बनूं। इसके लिए उन्होंने दीर्घकाल तक तपस्या की। अंत में भगवान शंकर ने उन पर अनुग्रह किया और उन्हें अपने वाहन के रूप में स्वीकार किया। इस प्रकार भगवान धम्र ही नंदी वृषभ के रूप में सदा के लिए भगवान शिव के वाहन बन गये। बाण, रावण, चण्डी, भृंगी आदि शिव के मुख्य पार्षद हैं। इनके द्वार रक्षक के रूप में कीर्तिमुख प्रसिद्ध हैं, इनकी पूजा के बाद ही शिव मंदिर में प्रवेश करके शिव पूजा का विधान है। इससे भगवान शंकर परम प्रसन्न होते हैं। यद्यपि भगवान शंकर सर्वत्र व्याप्त हैं तथापि काशी और कैलास इनके मुख्य स्थान हैं। भक्तों के हृदय में तो ये सर्वदा निवास करते हैं। इनके मुख्य आयुध त्रिशूल, टंक, कृपाण, वज्र, अग्नियुक्त कपाल, सर्प, घंटा, अंकुश, पाश तथा पिनाक धनुष हैं।

## पर्यटन




### हनीमून कप्लस के लिए बनी है कश्मीर की हसीन वादियां

शादी के भीड़-भाड़ वाले माहौल, समाजिक रीति-रिवाज भरी दिनचर्या को निभाने के बाद सभी कप्लस का दिल करता है कि अब अपने जीवन साथी के साथ किसी शांत जगह पर जाकर सुकून भरा कुछ समय बिताया जाए। असल में यही हसीन पल होते है जिन्हें आने वाली जिंदगी के उतार-चड़ाव में याद कर फिर से जीवन में खुशियां भर सकते है। अगर आप भी अपने हनीमून की प्लानिंग कर रहें हैं तो चलिए आज हम आपको हनीमून का बैस्ट डैस्टीनेशन माने जाने वाले कश्मीर की कुछ मुख्य टूरिस्ट अट्रैक्शन्स के बारे में बताते है, जहां आपको जरूर जाना चाहिए। श्रीनगर में आप पहाड़ों पर ट्रैकिंग करने से लेकर वॉटर स्पोर्ट्स का मजा ले सकते है। आप यहां डल झील में स्कीइंग का लुत्फ उठा सकते हैं। साथ ही दाचीगम में वाइलड लाइफ सैंचुरी को भी एंजॉय कर सकते है, जहां आप टाईगर से लेकर तरह तरह के पक्षी देखने को मिलेंगे। यहां के मुगल गार्डन भी बेहद खूबसूरत हैं। इसके अलावा आप यहां हजरतबल श्राइन, जामा मस्जिद और शंकराचार्य मंदिर जैसे एतिहासिक इमारतों के दर्शन भी कर सकते हैं। कप्लस के लिए यहां दूर-दूर तक घूमने के लिए बहुत से वॉकिंग ट्रैक्स हैं। अगर यहां घूमने का प्लान बना रहें हैं तो तत्ता पानी में जाकर डुबकी लगाना मत भूलिए। माना जाता है कि यहां गर्म पानी का झरना है, जिसके पानी के छींटे अपने उपर डालने से हमारा शरीर कइ प्रकार के रोगों से मुक्त होता है। कहा जाता है कि 15वीं सदी में जहांगीर अपने पिता अकबर से साथ यहां घूमने के लिए आए थे, जहांगीर को ये जगह इतनी पसंद आई थी कि उन्होंने यही रहने का फैंसला कर लिया था। यहां के गुरुद्वारे, मंदिर, मठ और मस्जिद सबसे ज्यादा आर्कषण का केंद्र हैं। यहां पर स्थित मोहिनेश्वर शिवालय मंदिर की मान्यता बहुत ज्यादा है। इन धार्मिक स्थलों पर जाकर आप अपने जीवन की शुरुआत भगवान के आर्शीवाद के साथ कर सकते हैं। कशमीर की यात्रा फूलों के लिए मशहूर गुलमुर्ग जाए बिना अधूरी है। पहले इस इलाके का नाम 'गौरीमर्ग' हुआ करता था। लेकिन 16 वीं सदी से इसका नाम 'गुलमुर्ग' रख दिया गया। गुलमर्ग यानी 'फूलों की घाटी' कर दिया गया। यदि आप में से कोई गोल्फ खेलने के शौकीन हैं तो आपके लिए गुलमुर्ग हसीन वादियों को एंजाय करने के साथ साथ अपने खेल के शौंक को भी पूरा कर सकते हैं।

# कृषक कल्याण दुर्घटना योजना से लाभांवित हुए परिवार, जनप्रतिनिधियों ने बांटे प्रतीकात्मक चेक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी । मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत तहसील क्षेत्र के प्रभावित परिवारों के एक दर्जन से अधिक लाभार्थियों को पांच पांच लाख की आर्थिक सहायता चेक वितरित किए गए। सोमवार को तहसील पारिजात सभागार में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सभी लाभार्थियों को बुला कर अम्बेडकर नगर में मुख्यमंत्री की चल रही जनसभा का लाइव प्रसारण दिखाया गया। इसके बाद मुख्य अतिथि भाजपा नेता टिकैतनगर के चेयरमैन जगदीश प्रसाद गुप्ता के हाथों सभी को चेक प्रदान किया गया। उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में सर्प दंश, सड़क दुर्घटना, विद्युत करंट और आग से जलने की घटनाओं में मृतक परिवारों को सहायता प्रदान की गई। प्रत्येक लाभार्थी को 5 लाख रुपए की सहायता राशि दी गई। लाभार्थियों में प्रिया तिवारी मरौचा सीमा देवी बरदरी, लक्ष्मी वर्मा सफीपुर, महिमा शुक्ला टिकैतनगर लवकुश खजुरिहा कृष्णावती जमलापुर और शीला देवी अकबरपुर सैदनपुर समेत कुल 15 लोग शामिल थे। रामनगर संवाददाता अनिल कुमार शुक्ला के अनुसार रामनगर तहसील सभागार में एसडीएम विवेकशील की मौजूदगी में पूर्व विधायक शरद अवस्थी ने क्षेत्र के मृतक किसानो के आश्रितो को आपदा राहत के तहत प्रतीकात्मक चेक प्रदान की। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाईव प्रसारण भी दिखाया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक ने कहा कि सरकार पीड़ितों के साथ खड़ी है।सभी के लिए काम कर रही है। कार्यक्रम में सर्प दंश,सडक दुर्घटना, बिजली करंट व आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु होने सहित अन्य दुर्घटनाओ मे जान गँवाने वाले किसानो के 39 परिजनों को राहत चेक दी गई।मानक अनुसार मृतक के परिजनों के खाते मे 5 लाख तो अपंग होने वालों को ढाई लाख की चेक दी गई। इस अवसर पर तहसीलदार महिमा मिश्रा,नायब तहसीलदार तहजीब हैदर,जिला उपाध्यक्ष भाजपा शेखर ह्यारण,एम एल सी प्रतिनिधि कुलदीप सिंह, मंडल अध्यक्ष कमलेश शुक्ला,आर के अनिल श्रीवास्तव,गुड्डू बारी आदि मौजूद रहे।

## सरकारी संस्थानों के निजीकरण के खिलाफ कांग्रेस का सम्मेलन

मीरजापुर। जमालपुर क्षेत्र के रीवां गांव में सोमवार को कांग्रेस पार्टी की ओर से संगठन सृजन एवं संविधान बचाओ सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व कंाग्रेस जिलाध्यक्ष शिवकुमार पटेल ने किया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकारी संस्थानों का तेजी से निजीकरण किया जा रहा है। जब सरकारी नौकरियां ही नहीं रहेंगी, तो ओबीसी और एससी वर्ग को आरक्षण का लाभ कैसे मिलेगा? प्राइवेट क्षेत्र में आरक्षण लागू नहीं होता, जिससे इन वर्गों को नौकरी से बाहर करना आसान हो जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा की इस नीति के खिलाफ संविधान के माध्यम से संघर्ष किया जाएगा और जनता को साथ लेकर इसका मुकाबला किया जाएगा। विशिष्ट अतिथि सेवा दल के प्रदेश उपाध्यक्ष गुलाबचंद पांडेय ने कहा कि कंाग्रेस सरकार ने किसानों के लिए नरायणपुर पंप कैनाल से चंदौली से बिहार तक पानी पहुंचाया, लेकिन भाजपा के सांसद, विधायक और मंत्री उस पानी को जरगो और अहरौरा बंधी तक नहीं पहुंचा पाए। उन्होंने इसे चुनार और मड़िहान विधानसभा क्षेत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

# मानसिक तनाव से ग्रस्त युवक ने लगाई फांसी, मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिद्धौर बाराबंकी थाना असन्द्रा क्षेत्र के ग्राम पूरे दुनिया मजरे हकीमपुर में मानसिक तनाव से जूझ रहे एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार, श्यामलाल (36) पुत्र होली रावत, जो बीते कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था, सोमवार सुबह घर से निकला था। मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने सिद्धौर रजबहा के किनारे एक चिलबिल के पेड़ से उसका शव लटकता देखा। सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। थाना असन्द्रा प्रभारी आलोक मणि त्रिपाठी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को पेड़ से नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया। आवश्यक औपचारिकताओं के बाद शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया। थाना प्रभारी श्री त्रिपाठी ने बताया कि युवक मानसिक रूप से अत्यंत परेशान था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

रोपवे के निर्माण कार्य से क्षतिग्रस्त हुआ घोड़ा नाला,मकानों के गिरने की आशंका

मौके पर पहुंचे नगर आयुक्त, सुरक्षा कारणों से अगल-बगल के होटल व घरों को खाली कराने के निर्देश

वाराणसी। वाराणसी में निर्माणाधीन भारत के पहले पब्लिक ट्रांसपोर्ट रोपवे परियोजना के टॉवर निर्माण के दौरान गौदोलिया चौराहे पर स्थित 25 फीट गहरा घोड़ा नाला (शाही नाला) क्षतिग्रस्त हो गया है। इससे नाले के आसपास के मकानों और होटल के गिरने की आशंका गहराने लगी है। इसकी जानकारी पाते ही सोमवार को नगर आयुक्त अक्षत वर्मा अफसरों के साथ मौके पर पहुंच गए। नगर आयुक्त ने क्षतिग्रस्त नाले का निरीक्षण कर पाया कि नाले के टूटने के कारण अगल-बगल की मिट्टी घसक रही है, जिसके कारण अगल-

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला का शव फंदे से लटका मिला, पुलिस जांच में जुटी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामसनेहीघाट बाराबंकी । कोतवाली क्षेत्र के मुंसेपुर गांव में सोमवार सुबह एक महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के भीतर फंदे से लटका मिला। मृतका की पहचान 50 वर्षीय शर्मा देवी के रूप में हुई है। घटना के समय वह घर में अकेली थीं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शर्मा देवी के पति भानु प्रताप वर्मा एक विद्यालय में मजदूरी करने गए हुए थे, जबकि उनकी छोटी बेटी आरती खेत पर काम करने गई थी। बड़ी बेटी अंशिका (25) की शादी हो चुकी है और वह अपने ससुराल में रहती है। खेत से लौटने के बाद जब आरती ने अपनी मां को पाइप से दुपट्टे के सहारे लटका पाया, तो वह घबरा गई और शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुलाया। देखते ही देखते गांव में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों के अनुसार, शर्मा देवी शांत स्वभाव और पारिवारिक विचारों वाली महिला थीं। उनके घर में किसी प्रकार के विवाद या कलह की कोई जानकारी नहीं थी, जिससे यह घटना और भी रहस्यमयी बन गई है। सूचना पर पहुंची रामसनेहीघाट पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आत्महत्या समेत अन्य सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। परिवार के सदस्यों और ग्रामीणों से पूछताछ की जा रही है ताकि घटना के पीछे के कारणों का पता चल सके। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी। फिलहाल पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# शराबी आरक्षी ने मारा टक्कर और लिखवाया उल्टे मुकदमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। मातहतों की निगरानी भी उच्चाधिकारियों के दायित्वों में कभी अहम एक भाग होता था। 'कभी' इसलिए कहा गया है क्योंकि वर्तमान में मान्यताएं बदल गई है। अब कोई मातहत अगर संगीन अपराध भी करता है तो उच्चाधिकारी उस पर मिट्टी डालने अर्थात मैनेज तात्पर्य मातहत के रक्षण में तनिक भी संकोच नहीं करते। 10 अप्रैल को थाना सफदरगंज अंतर्गत चौराहा के निकट घटित दुर्घटना वाक्या इस बात का पुख्ता प्रमाण बन कर सामने है। चौराहे के करीब खड़ा एक व्यक्ति को एक आरक्षी जो कि पड़ोसी थाना बड़ोसराय में तैनात रहा ने लापरवाही से टक्कर मार दी पथिक जख्मी बेहोश हो गया। साथी ग्रामीण उसको एंबुलेंस द्वारा अस्पताल ले गए। इधर खाकीधारी मौके से फरार हो गया उसकी बाइक उसका एक साथी खाकीधारी अपने साथ ले गया। स्थानीय ग्रामीणों की माने तो बाइक चालक नशे में था उसके मुंह से शराब की बदबू आ रही थी।घटना के समय से लेकर कई दिनों बाद तक खाकीधारी अजय कुमार संवेदन शून्य रहा,कुशल छेम लेना भी उसे नहीं भाया। जख्मी पूर्व प्रधान अस्पताल में भर्ती रहा। कई दिनों बाद उसके भाई मनोज कुमार ने लिखा पढी की। वह लिखा पढी बेमतलब इसलिए रही की आरक्षी की पत्नी कप्तान कार्यालय में तैनात है। पीड़ित के मुताबिक कप्तान कार्यालय में ही प्रार्थना पत्र डंप हुए। हालांकि अब? उसका अन्यत्र स्थानांतरण हो गया है।

**''कप्तान कार्यालय बोलता है''–**

जबरा मारे और रोवे भी ना देय। बदोसराय थाने में तैनात आरक्षी उक्त का प्रभाव कि पीड़ित की प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई। पुलिस अधीक्षक से लेकर अपर पुलिस अधीक्षक सबसे मिन्नत के बाद भी पीड़ित की औपचारिक प्राथमिकी भी नहीं दर्ज हुई। जिससे कि वह बीमा क्लेम ले सके। इधर चतुर आरक्षी ने अपनी मोटरसाइकिल का बीमा क्लेम जरूर प्राप्त कर लिया,वह भी घटना की वास्तविकता दर्शाए बिना ही। जिसके अनेक प्रत्यक्ष गवाह है।

इसे वर्दी की ही धमक कहा जाएगा की स्थानीय थाने में पहले उक्त आरक्षी की प्राथमिकी दर्ज की गई उसके बाद पीड़ित की। पुलिसिया मिसाल की 24 घंटे में ही अंतिम रिपोर्ट भी जांच कर्ता उपनिरीक्षक रणवीर द्वारा लगा दी गई। शायद यह कहकर की घटना का कोई साक्ष्य नहीं। जबकि घटनास्थल से ही घायल रोहित तिवारी को सरकारी एंबुलेंस लेकर अस्पताल गई थी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैदपुर में उसका इलाज हुआ उसके बाद पूर्व ग्राम प्रधान रोहित को रेनबो हॉस्पिटल बाराबंकी में भर्ती कराया गया। पीड़ित पूर्व प्रधान रोहित तिवारी के भाई मनोज तिवारी ने पुलिस कप्तान को सारे अभिलेख उपलब्ध कराते हुए विवेचना किसी अन्य से कराए जाने का अनुरोध किया है। आरोपी आरक्षी अपने ही बुने जाल में फंसकर उलझ गया है। आगे देखिए होता क्या है।

# सरयू में नहा रहे तीन युवकों में एक लापता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।रविवार को सरयू नदी में भैस नहलाने के दौरान तीन किशोर गहरे पानी में फंस गए। इनमें से दो किसी तरह तैरकर बाहर आए, लेकिन तीसरा किशोर नदी की तेज धार में लापता हो गया। तीनों बालक गोंडा जनपद के गौरा बाजार निवासी बताए गए हैं। बताते हैं कि राजू यादव 18 आलोक 15 और गोलू 16 सरयू नदी में भैस नहलाने आए थे। तीनों युवक नदी के उस हिस्से में भैस नहला रहे थे । जहां एक नाला आकर मिलता है लेकिन यहां बहाव तेज से वे अप्रचलित थे। नहाते समय तीनों गहराई में चले गए और डूबने लगे। आलोक और गोलू किसी तरह खुद को बचाते हुए बाहर निकल आए, लेकिन उनका तीसरा साथी राजू यादव गहराई में समां गया। घटना की जानकारी परिजनों और स्थानीय लोगों को दी गई। थोड़ी ही देर में पीआरवी फायर सर्विस सिरौलीगौसपुर की टीम मौके पर पहुंच गई और राजू की तलाश शुरू कर दी। सोमवार की सुबह एसडीआरएफ की टीम व कोतवाली टिकैतनगर पुलिस तथा राजस्व की टीम जिसमें लेखपाल आनंद यादव दीपक पांडे आदि घटनास्थल पर युवक की तलाश में जुटे हुए हैं लेकिन युवक की अभी तक तलाश नहीं हो पाई है वही डूबे हुए युवक के चचेरे भाई जसवंत यादव ने बताया कि गांव से कई लोग भैंस चराने के लिए घर से करीब 3:30 बजे निकले थे और इसी दरमियान यह सरयू नदी में भैंसों को नहलाने के साथ ही खुद नहाने लगे । अचानक राजू यादव पुत्र हरिराम यादव निवासी गौरा सिगनापुर पानी में डूबा । जिससे चारों तरफ नहा रहे अन्य लोगों में हाहाकार मच गया। सोमवार को एसडीआरएफ की टीम नदी में पहुंची जहां तलाश कर रही है इस संबंध में उप जिलाधिकारी प्रीति सिंह ने बताया कि टीम लगाई गई है युवक की तलाश की जा रही है।

## हज यात्रियों की सुरक्षा को लेकर प्रदेश सरकार सतर्क : दानिश अंसारी

बलिया,। यूपी हज कमेटी के चेयरमैन व यूपी सरकार में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आज़ाद अंसारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश हज कमेटी, केंद्रीय सरकार के माइनॉरिटी वेलफ़ेयर डिपार्टमेंट व केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्रालय लगातार सऊदी अरेबिया एयरलाइन और सऊदी अरेबिया गवर्नमेंट से संपर्क में है। वे हज यात्रियों को लेकर आए विमान में गड़बड़ी को लेकर सोमवार को पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे।

# स्टेटस सिंबल बना निजी गाड़ियों में हूटर व विभागीय, सरकारी चिन्ह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । निजी वाहनों पर हूटर व सरकारी तथा पुलिस सूचक चिन्ह लगाकर सैकड़ो की संख्या में गाड़ियां फर्राटा भरती हैं। जबकि शासन द्वारा सख्त आदेश है कोई भी व्यक्ति अपने वाहनों में हूटर का प्रयोग नहीं कर सकता है। फिर भी चेकिंग दल पर रौब जमाने के लिए खुलेआम ऐसे वाहन मुख्य चौराहों से गुजरते हुए नजर जरूर आएंगे। बहुत से ऐसे वाहन हैं जिनका सवारी व माल ढोने में प्रयोग किया जा हैं। उनके शीशे पर पत्रकार ,पुलिस, न्यायालय, सचिवालय, राजनीतिक पार्टियों के नाम लिखे हुए देखे जा रहे हैं ।कुछ वाहन ऐसे हैं जो सवारियां ढोते हैं। उनके वाहनों पर प्रेस लिखा हुआ रहता है ।बहुत से वाहनों के अंदर पुलिस की कैप रखी हुई दिखाई देती है ।ऐसे वाहनों को शासन प्रशासन द्वारा समय-समय पर चेक करना चाहिए। जिससे क्राइम पर रोक लग सके ।क्योंकि बहुत से ऐसे वाहन हैं, जिनका विभाग से कुछ लेना देना नहीं है। लेकिन आगे पीछे शीशे पर ट्रेडमार्क बनवा कर घूम रहे हैं ।जो लोग किसी विभाग से संबंधित हैं, उनकी छवि धूमिल हो रही है। क्योंकि प्रेस संविधान का चौथा स्तंभ माना जाता है। अगर ऐसे वाहनों में सवारी ढोई जा रही हैं, तो प्रेस का क्या मतलब रह गया। अगर किसी का निजी वाहन है और वह किसी विभाग में कार्यरत है, तो लिखवाना वाजिब है। नहीं तो ऐसे वाहनों पर कार्यवाही होना चाहिए। जिससे समाज में गलत संदेश ना जा सके। तथा प्रेस आदि लिखी गाड़ियों को देखकर लोग अपनी बात मजबूती से कह सकें।

## कुएं में गिरी मासूम, मौत

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम किठूरी मे तीन वर्षीय मासूम की कुआ मे गिरने से मृत्यु हुई ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने बालिका के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सोमवार की भोर सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम किठूरी निवासी विजय की तीन वर्षीय पुत्री खेल रही थी। घर के सामने स्थित कुए पर लोहे की टीन रखी हुई थी जिस पर बालिका चढ़ गयी और कुए मे जा गिरी।परिजन जब तक कुछ कर पाते मासूम की सांस थम गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## हाईवे पर खड़ी ट्रक में घुसी डीसीएम

बाराबंकी प। थाना राम सनेही घाट अंतर्गत चौकी हथौंधा क्षेत्र में लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोटवा सड़क ओवरब्रिज के पास साबुन से भरी डीसीएम हाइवे पर पहले से खड़ा ट्रक में जा घुसी।डी सीएम का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।ड्राइवर दीपू सिंह पुत्र शिव बालक सिंह जख्मी हुआ। चालक थाना माखी के गांव **रायगढ़ी जनपद उन्नाव**
गंभीर रूप से घायल है। जिसे भी दशा में जिला सकता लिख किया गया। हाईवे पर वाद से से आवागमन काफी देर तक बाधित रहा। हिंदुस्तान लीवर लिमिटेड का माल लेकर वाहन रूदौली जा रहा था।

## फांसी फंदे पर झूला शराबी युवक

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बीती रात्रि सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम दादरा मे एक 27 वर्षीय युवक ने घर में फांसी लगा कर आत्महत्या की। पुलिस ने शव को कब्ज मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना क्षेत्र के ग्राम दादरा निवासी 27 वर्षीय दिलीप रावत पुत्र राजेश रविवार की देर रात्रि शराब के नशे मे आया और बहन से कहा खाने मे सब्जी नही बनी इसलिए हम नही खाएंगे इसके बाद दिलीप अपने कमरे मे सोने चला गया रात्रि मे दिलीप ने साड़ी की रस्फंमें दा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## लेखपाल के कदाचार की जिलाधिकारी से शिकायत, गुहार

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुर्सी थाना क्षेत्र के रहमलीपुरवा मजरे बहरौली निवासी किसान अशोक कुमार ने जिलाधिकारी को दिए प्राथना पत्र में बताया है कि गांव में चकबंदी प्रक्रिया चल रही है। चकबंदी प्रक्रिया के अंतर्गत लेखपाल द्वारा उसकी जमीन की माप नहीं की जा रही है। जबकि आसपास के अन्य खेतों की माप पूर्ण हो चुकी है। लेखपाल द्वारा जमीन माप के लिए रुपये की मांग की जा रही है। इसके अतिरिक्त कुछ माह पूर्व लेखपाल ने उसकी एक जमीन संक्रमणीय दर्कजरवाने के नाम पर उससे 60,000 रुपये लिए थे।परंतु अभी तक वह कार्य भी पूर्ण नहीं हुआ है। किसान ने जिलाधिकारी से मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।संबंध में लेखपाल का कहना है कि किसान द्वारा जो आरोप लगाए गए हैं वो निराधार है।वहीं चकबंदी कानूनगो राजीव कुमार का कहना है कि मामला उनकी जानकारी में नहीं है अगर ऐसा है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## चोरी की बाइक समेत बदमाश गिरफ्तार

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बड्डूपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चोरी की बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष मनोज ने बताया कि गुप्त सूचना पर टड़वा गदमानपुर पुल के पास से शमी अहमद उर्फ भूरे निवासी औलियापुर मजरे बीबीपुर नकटौली को गिरफ्तार किया गया है। इसके पास से चोरी की एक बाइक बरामद की गई है।

## कुर्सी क्षेत्र में शीघ्र लगेंगे स्मार्ट मीटर

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जल्द ही विकास खंड क्षेत्र केबिल मुफ्त स्मार्ट मीटर से सुसज्जित होगा । विद्युत उपकेंद्र कुर्सी के उपखंड अधिकारी सर्वेश कुमार ने बताया कि विभागीय उच्चाधिकारियों द्वारा निर्देशित किया गया है कि अयोध्या मण्डल के अंतर्गत जिले के निंदूरा क्षेत्र में सभी विद्युत उपभोक्ताओं के परिसरों पर स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य कार्यदायी संस्था मै. पोलारिस द्वारा किया जा रहा है जिसमें मीटर स्थापना का कार्य आर्मर्ड केबल लगाकर ही किया जायेगा। आर्मर्ड केबल कार्यदायी संस्था मै. पोलारिस द्वारा ही उपलब्ध कराकर आपके परिसर पर निःशुल्क लगाया जायेगा। यदि मीटर स्थापित करने वाले किसी व्यक्ति द्वारा आपके परिसर पर आर्मड केबल नहीं लगाते हैं या मीटर या केबल लगाने का पैसा मांगते हैं तो मीटर लगाने वाले व्यक्ति का फोटो खींचकर, अन्य विवरण प्राप्त कर सम्बन्धित थाने में प्राथमिकी दर्ज करायें तथा साथ ही विद्युत विभाग के किसी कार्यालय, किसी कार्मिक या मोबाइल नंबर 9415902000 पर भी सूचित करने का कष्ट करें।

# अंतर्राष्ट्रीय शायर खुर्शीद अफसर बिसवानी की 24वीं पुण्यतिथि पर विशेष

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां (सीतापुर)। 16 जून 1940 को बाबा विश्वनाथ की नगरी बिसवां में जन्मे शायर खुर्शीद अफसर बिसवानी अनोखी साहित्यिक प्रतिभा के धनी थे। वह हिंदी उर्दू साहित्य के लिए एक अनोखी मिसाल थे। उनकी बचपन से ही साहित्य में रुचि रहने लगी थी। उन्होंने अपने बचपन में कानपुर में रहकर मशहूर शायर एवं महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मौलाना हसन मोहानी के घर जाकर शिक्षा ग्रहण की। उसके बाद अपने गृह नगर बिसवां में आकर उस समय के मशहूर शायर जिगर बिसवानी के शागिर्द हो गये। ऐसे मशहूर अन्तर्राष्ट्रीय शायर खुर्शीद अफसर बिसवानी की 24वीं पुण्यतिथि की पूर्वसंध्या पर कस्बा जहांगीराबाद में बज़्म ए सुखनो अदब एण्ड वेलफ़ेयर सोसाइटी के तत्वावधान में बज़्म के सदर मशहूर शायर एवं चिकित्सक डा0 वकील अहमद खां ''अज़हर खैराबादी'' के आवास पर एक सादे समारोह में उन्हें याद कर खरीदेअकीकत पेश की गईं। अज़हर खैराबादी ने कहा कि कौमी एकजहती का शायर खुर्शीद अफसर बिसवानी तंग हालातों से लड़ने और मुश्किलों का सामना करने का संदेश लोगों को देते रहे। उनकी शायरी में भारतीय सभ्यता एवं इंसानियत की तस्वीर नजर आती है। ''मैं आबसार नहीं जो बुलंदियों से गिरूं , वह सब्जा हूं जो जमीं पे सर उठाता है।'' सैय्यद खुर्शीद अफसर बिसवानी का यह शेर खुद्दारी की झलक लिए हुए दुनिया ए अदब में खुर्शीद की तरह चमकता रहेगा। उन्होंने जीवन पर्यंत साहित्य की सेवा की जिसे बुलाया नहीं जा सकता है। 21 वर्ष से कम उम्र में ही साहित्य का लेखन शुरू कर दिया था। अपने नाम के साथ-साथ दुनिया में बिसवां का भी नाम रोशन किया। उन्होंने दर्जनों काव्य संग्रहों गीत एवं गजल संग्रहों के अलावा दर्जनों साहित्यिक ग्रंथों की रचना की और तमाम पत्र पत्रिकाओं के लिए नियमित रूप से लेखन का भी कार्य किया। पेशे से वह एक अच्छे वकील भी थे। उन्हें साहित्य लेखन के लिए दर्जनों राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिले हैं। इस मौके पर फतेह अली खान टीपू, हाफिज शफकत अली खान फूलमियां, परवीन बेगम, अजय नमन, हसीर खान, खिजिर खान,महद खान, अशोक कुमार, सबाहुद्दीन अंसारी, लवी,अमन, कमर, समर व मनाल सहित दर्जनों शुभचिंतक मौजूद रहे। मोहब्बत व भाईचारे का पैगाम देते हुए 17 जून 2001 को वह हम सभी को छोड़कर इस फानी दुनिया से रुख्सत हो गये।

# एमएलसी ने सौंपे प्रतीकात्मक चेक, विधिक वारिसों को मिली आर्थिक संबल की सौगात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी । मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत जिले के 401 विधिक आश्रितों को 15 करोड़ 82 लाख 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी गई। अटल सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सीएम के कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग हुई, जिसके बाद लाभार्थियों को सहायता राशि का वितरण किया गया। तहसील स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यक्रम का सफल संचालन एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद अनूप गुप्ता ने सीडीओ अभिषेक कुमार एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, ब्लॉक प्रमुख दिव्या सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विश्वनाथ सिंह के साथ योजना के अंतर्गत तहसील सदर, मितौली और गोला के आश्रित परिवारों को सहायता राशि के प्रतीकात्मक चेक प्रदान किए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सदस्य, विधान परिषद अनूप गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत ऑनलाइन व लेखपाल के माध्यम से आवेदन की सुविधा उपलब्ध है, जिससे पात्र लाभार्थी आसानी से योजना का लाभ ले सकें। सरकार चाहती है कि देश, समाज और जिले का कोई भी परिवार खुद को बेसहारा न समझे। इस योजना से मिलने वाली आर्थिक सहायता आश्रित परिवारों को न केवल सहारा देगी, बल्कि उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की दिशा भी दिखाएगी।

उन्होंने अपील की कि प्राप्त धनराशि का सदुपयोग करते हुए परिवार को मजबूत व आत्मनिर्भर बनाया जाए। केंद्र और प्रदेश सरकार मिलकर जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से प्रत्येक नागरिक को सक्षम और सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। ल्लसबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वासङ्क के मूलमंत्र को लेकर सरकार पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। अंत में उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि सभी आश्रित परिवारों को संबल और शक्ति प्रदान करें। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना सरकार की संवेदनशील सोच का प्रतीक है। योजना के तहत दुर्घटना में मृत या दिव्यांग किसानों के परिवारों को आर्थिक सहारा देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया जा रहा है। प्रशासन सभी पात्र किसानों को समय पर लाभ दिलाने के लिए पूरी निष्ठा से काम कर रहा है।

# महिला एकदिवसीय विश्वकप में भारत पाकिस्तान की पांच अक्टूबर को होगी भिड़ंत

एजेंसी



दुबई। आगामी महिला एकदिवसीय क्रिकेट विश्वकप में भारत और पाकिस्तान के बीच पांच अक्टूबर को होने वाला मुकाबला कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जायेगा।

आज जारी किये महिला एकदिवसीय विश्वकप कार्यक्रम के अनुसार 30 सितंबर को भारतीय टीम और श्रीलंका के बीच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले मैच से टूर्नामेंट की शुरुआत होगी। 26 अक्टूबर को भारत का मुकाबला बंगलादेश के खिलाफ बेंगलुरु में होगा। गत विजेता ऑस्ट्रेलिया अपना अभियान एक अक्टूबर को इंदौर के होल्कर स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू करेगी, वह आठ अक्टूबर को कोलंबो में पाकिस्तान से भिड़ेगी। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच मैच 22 अक्टूबर को इंदौर में होगा।

बारह साल बाद भारत महिला विश्वकप की मेजबानी करेगा। टूर्नामेंट में भारत के अलावा, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका ने सीधे क्वालीफाई किया था। वहीं पाकिस्तान और बंगलादेश ने लाहौर में हुए क्वालीफायर के बाद टूर्नामेंट में जगह बनाई।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के बीच हुए हाइब्रिड समझौते के तहत पाकिस्तान अपने सभी मैच कोलंबो में खेलेगा।

महिला विश्वकप में पाकिस्तान के शेष मैच दो अक्टूबर को बंगलादेश, 15 अक्टूबर को इंग्लैंड, 18 अक्टूबर को न्यूजीलैंड, 21 अक्टूबर को दक्षिण अफ्रीका और 24 अक्टूबर को श्रीलंका के साथ होंगे। बेंगलुरु में 30 सितम्बर को भारत बनाम श्रीलंका, इंदौर में एक अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया बनाम न्यूजीलैंड, तीन अक्टूबर को दक्षिण अफ्रीका बनाम इंग्लैंड, कोलंबो में पांच अक्टूबर को भारत बनाम पाकिस्तान, इंदौर में छह अक्टूबर को दक्षिण अफ्रीका बनाम न्यूजीलैंड, गुवाहाटी में 11 अक्टूबर को श्रीलंका बनाम इंग्लैंड, कोलंबो 15 अक्टूबर को पाकिस्तान बनाम इंग्लैंड, इंदौर में 22 अक्टूबर को इंग्लैंड बनाम ऑस्ट्रेलिया, इंदौर में 25 अक्टूबर को दक्षिण अफ्रीका बनाम ऑस्ट्रेलिया, गुवाहाटी में 26 अक्टूबर (अपराह्न) को इंग्लैंड बनाम न्यूजीलैंड, बेंगलुरु में 26 अक्टूबर को भारत बनाम बंगलादेश के बीच मैंच होंगे।

टूर्नामेंट में कुल 28 लीग मैच और तीन नॉकआउट मुकाबले होगे। पहला सेमीफाइनल 29 अक्टूबर को गुवाहाटी या कोलंबो में, दूसरा सेमीफाइनल 30 अक्टूबर को बेंगलुरु में होगा। फाइनल मुकाबला दो नवम्बर को बेंगलुरु या कोलंबो खेला जायेगा।

# मैंने वाशिंगटन सुंदर से प्रेरणा ली: साईं सुदर्शन

एजेंसी




बेकेनहैम (ब्रिटेन)। वाशिंगटन सुंदर का बहुत कम समय में आयु वर्ग से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट तक का शानदार सफर उनके युवा साथी बी साई सुदर्शन के लिए प्रेरणास्रोत रहा है। सुदर्शन 20 जून को लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण कर सकते हैं। वाशिंगटन 2016 में जूनियर विश्व कप में भारत अंडर-19 के लिए विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में खेल रहे थे और इसके डेढ़ साल के अंदर उन्होंने 18 वर्ष के खिलाड़ी के रूप में भारत के लिए अपना पहला वनडे खेला। जब वह 20 वर्ष के थे तब 2021 में उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया तथा आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी की जीत में अहम भूमिका निभाई। वाशिंगटन से दो साल जूनियर साईं सुदर्शन ने बताया कि किस तरह से उनके इस सीनियर साथी के सफर ने उन्हें भारतीय टीम में शामिल होने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। साई सुदर्शन ने इंट्रा-स्क्वाड (टीम के बीच आपस में मैच) अभ्यास मैच के दौरान बीसीसीआई टीवी से कहा, ''मैंने उनके साथ (जूनियर स्तर पर) कुछ मैच खेले हैं। इसलिए, यह हमेशा विशेष होता है। हम उनसे काफी प्रेरणा लेते हैं और जिस तरह से उन्होंने बहुत कम समय में भारत की तरफ से खेलना शुरू किया वह बात मेरे दिमाग में थी। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने वाशिंगटन की प्रशंसा करते हुए कहा, उन्होंने (वाशिंगटन) आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया। फिर वह देश के लिए खेले। इसलिए यह मेरे लिए बहुत बड़ी प्रेरणा थी कि चेन्नई का कोई खिलाड़ी भारत के लिए खेल रहा है। उन्हे जानने और उनके साथ खेलने से मुझे लगा कि मैं भी उसी तरह से खेलना चाहता हूं। वह एक प्रेरणा था। भारत के लिए नौ टेस्ट, 23 एकदिवसीय और 54 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके वाशिंगटन ने उस समय के बारे में बात की जब साई सुदर्शन चेन्नई के एक प्रतिभाशाली क्रिकेटर के रूप में उभर रहे थे। वाशिंगटन ने कहा, ''मेरे कई कोच और मित्र भी लगातार उसके (साई सुदर्शन के) क्रिकेट करियर के बारे में बात करते थे। वह अपने खेल में लगातार निखार लाता रहा और आगे बढ़ता रहा। उन्होंने कहा, ''जब भी मैंने उसे (सुदर्शन को) टीवी पर देखा, तो उसके कौशल और कार्यशैली से बहुत कुछ सीखने को मिला, जिसने निश्चित रूप से बहुत से युवा खिलाड़ियों को प्रेरित किया।

# जसप्रीत बुमराह और संजना बने केनरा एचएसबीसी लाइफ के ब्रांड एम्बेसडर

एजेंसी

नयी दिल्ली। जीवन बीमा क्षेत्र की कंपनी केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने तेज़ गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह और उनकी पत्नी एवं प्रसिद्ध खेल प्रस्तोता संजना गणेशन को अपना नया ब्रांड एम्बेसडर बनाया है। कंपनी ने आज यहां कहा कि इस जोड़ी का प्रतिनिधित्व राइज़ वर्ल्डवाइड द्वारा किया जा रहा है। यह साझेदारी कंपनी के उद्देश्य आधारित ब्रांड दृष्टिकोण को और सशक्त बनाती है और इसके मूल विचार 'प्रॉमिसेज़ का पार्टनर', यानी जीवन के हर मोड़ पर भरोसेमंद साथ निभाने वाले साथी, को प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत करती है। कंपनी का मानना है कि जसप्रीत और संजना का रिश्ता भरोसे, जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता जैसे मूल्यों पर आधारित है, वही मूल्य जो न केवल उनके खेल में उत्कृष्टता की पहचान हैं, बल्कि जीवन बीमा के क्षेत्र की भावना से भी मेल खाते हैं। केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस के अनुसार, यह रियल-लाइफ दंपति इस सोच को दर्शाता है कि जब ज़रूरत पड़े, तब साथ निभाना ही एक सच्चे 'प्रॉमिसेज़ का पार्टनर' की असली पहचान है। जसप्रीत ने इस साझेदारी पर कहा, हर वादा, चाहे वह मैदान पर हो या जीवन में, जिम्मेदारी के साथ आता है। संजना और मैं हमेशा से पहले से योजना बनाकर चलने और हर दौर में एक-दूसरे का साथ देने में विश्वास रखते हैं। ऐसे में केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस के साथ यह साझेदारी हमारे लिए एक सहज और स्वाभाविक जुड़ाव जैसा है। कंपनी यह समझती है कि लोगों के लिए लगातार उपस्थित रहना कितना महत्वपूर्ण है, ठीक वैसे ही जैसे एक सच्चे साथी को होना चाहिए। संजना ने कहा, मेरे लिए एक सच्चे साथी का मतलब है ऐसा साथ, जिस पर हर परिस्थिति में भरोसा किया जा सके, सिर्फ तब नहीं जब सब कुछ आसान हो, बल्कि तब भी जब हालात चुनौतीपूर्ण हों।

# पूर्व क्रिकेटरों की राय, इंग्लैंड जीतेगा श्रृंखला लेकिन भारत कड़ी चुनौती देगा

एजेंसी



नयी दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन का मानना है कि अगर भारत लीड्स और मैनचेस्टर में मैच जीतने में सफल रहता है तो उसके पास इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला जीतने का शानदार मौका होगा, लेकिन दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने पांच मैच की श्रृंखला में मेजबान टीम को 3-2 से जीत का दावेदार बताया।

भारत और इंग्लैंड पांच मैचों की श्रृंखला के साथ अपने नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत करेंगे। इस श्रृंखला का पहला मैच शुक्रवार से लीड्स में खेला जाएगा। मैनचेस्टर 23 जुलाई से चौथे टेस्ट की मेजबानी करेगा। हेडन ने जियो हॉटस्टार पर कहा, ''मुझे नहीं लगता कि इंग्लैंड के गेंदबाज इतने अच्छे हैं। उसके कई गेंदबाज चोटिल हैं और कई खिलाड़ी संन्यास ले चुके हैं। उसके लिए यही बड़ी चुनौती होगी। उन्होंने कहा, ''उत्तरी इंग्लैंड में होने वाले टेस्ट मैच काफी महत्वपूर्ण होंगे। भारत अगर इन मैच में जीत हासिल कर लेता है तो वह श्रृंखला अपने नाम कर सकता है। भारत के इंग्लैंड के पिछले दौरे के बाद से मेजबान टीम के दो सबसे अनुभवी गेंदबाजों जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। यही नहीं इंग्लैंड के कुछ प्रमुख तेज गेंदबाज चोटिल हैं। तेज गेंदबाज मार्क वुड चोट के कारण कम से कम पहले तीन टेस्ट मैचों से बाहर हो गए हैं। उनके साथी तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भी शुरुआती मैच में नहीं खेल पाएंगे और गस एटकिंसन हैमस्ट्रिंग में खिंचाव से उबर रहे हैं। इस बीच भारत नए कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में मैदान पर उतरेगा। इस तरह से भारत रोहित शर्मा, विराट कोहली और आर अश्विन जैसे दिग्गजों के संन्यास के बाद एक नए युग की शुरुआत करेगा। स्टेन ने भारत को हारा हुआ नहीं माना, लेकिन इंग्लैंड को जीत का दावेदार बताया। उन्होंने कहा, ''भारतीय टीम काफी युवा है। यह कहा जा सकता है कि इंग्लैंड श्रृंखला जीतने जा रहा है, लेकिन यह बिना संघर्ष के नहीं होने वाला है। मुझे लगता है कि एक या दो टेस्ट ऐसे होंगे जिन्हें भारत अपने नाम कर सकता है। दक्षिण अफ्रीका के इस क्रिकेटर ने कहा,''सभी मैच करीबी होंगे। लेकिन हर मैच का नतीजा निकलेगा। मुझे लगता है कि यह 3-2 से इंग्लैंड के पक्ष में होगा। पूर्व भारतीय क्रिकेटरों दीप दासगुप्ता और संजय मांजरेकर ने भी इंग्लैंड को श्रृंखला में जीत का दावेदार बताया लेकिन साथ ही कहा कि मुकाबला काफी करीबी होगा। दासगुप्ता ने कहा, ''भारतीय टीम काफी युवा है और उसका कप्तान भी युवा है। टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है, जिससे इंग्लैंड को थोड़ा फायदा मिलेगा। इंग्लैंड को घरेलू मैदान पर खेलने का भी फायदा मिलेगा, लेकिन यह (श्रृंखला) काफी करीबी होगी। मुझे लगता है कि इंग्लैंड 3-2 से जीतेगा।

# जर्मन क्वालीफायर तात्याना मारिया ने 37 साल की उम्र में क्वींस क्लब का खिताब जीता

लंदन। जर्मन क्वालीफायर तात्याना मारिया ने विंबलडन के अभ्यास टूर्नामेंट क्वींस क्लब में जीत हासिल करके अपने करियर का सबसे बड़ा खिताब जीतने के साथ खुद को 'क्वीन ऑफ क्वींस' साबित किया। दो बच्चों की 37 वर्षीय मां मारिया ने लंदन में ग्रास कोर्ट पर खेले गए इस टूर्नामेंट के फाइनल में आठवीं वरीयता प्राप्त अमांडा अनिसिमोवा को 6-3, 6-4 से हराकर अपना पहला डब्ल्यूटीए 500 खिताब जीता। विश्व रैंकिंग में 86वें नंबर की खिलाड़ी मारिया ने अपनी बेटियों चार्लोट और सेसिलिया तथा अपने पति और कोच चार्ल्स एडौर्ड मारिया के सामने जीत हासिल की। मारिया ने कहा, ''यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैं एक अच्छा उदाहरण हूं कि मेरी उम्र में भी आप बड़ी ट्रॉफियां जीत सकते हैं। मुझे खुद पर बहुत गर्व है। उन्होंने अपने चौथे डब्ल्यूटीए खिताब की राह में कैरोलिना मुचोवा, एलेना रयबाकिना और मैडिसन कीज़ सहित विश्व रैंकिंग में शीर्ष 20 में शामिल चार खिलाड़ियों को हराया।

# थोक महंगाई दर मई में घटकर 14 महीने के निचले स्तर 0.39 फीसदी पर

एजेंसी



नई दिल्ली। महंगाई के मोर्चे पर आम जनता को बड़ी मिली है। खुदरा महंगाई के बाद थोक महंगाई दर में भी गिरावट आई है। मई महीने में थोक महंगाई दर घटकर 0.39 फीसदी पर आ गई है, जो इसका 14 महीने का निचला स्तर है। इससे पहले अप्रैल में थोक महंगाई दर 0.85 फीसदी रही थी, जबकि पिछले साल मई में यह 2.74 फीसदी थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया कि थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर मई महीने में घटकर 0.39 फीसदी पर आ गई है। रोजाना की जरूरत के सामान और खाने-पीने की चीजों की कीमतों के घटने से थोक महंगाई दर में गिरावट दर्ज हुई है। ये इसका 14 महीने का निचला स्तर है। मंत्रालय के मुताबिक इससे पहले अप्रैल महीने में थोक महंगाई दर 2.05 फीसदी से घटकर 0.85 फीसदी पर आ गई थी, जो इसका 13 महीनों का निचला स्तर था। इससे पहले मार्च 2024 में थोक महंगाई दर 0.26 फीसदी रही थी। मार्च 2025 में यह 2.05 फीसदी पर था। जनवरी 2025, में 2.38 फीसदी थी, जबकि फरवरी 2025 में थोक महंगाई दर 2.38 फीसदी रही थी, जबकि मई 2024 में यह दर 0.53 फीसदी पर थी। आंकड़ों के अनुसार खाने-पीने के सामानों में कटौती का असर थोक महंगाई दर के आंकड़ों के तौर पर साफ देखा जा सकता है। खाने-पीने की चीजों (फूड इंडेक्स) की महंगाई 2.55 फसदी से घटकर 1.72 फीसदी पर आ गई है। वहीं, फ्यूल और पावर की थोक महंगाई दर -2.18 फीसदी से घटकर -2.27 फीसदी रही है। इसके अलावा मैन्युफैक्चरिंग प्रोडक्ट्स की थोक महंगाई दर 2.62 फीसदी से घटकर 2.04 फीसदी रही है। पिछले हफ्ते जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार खुदरा महंगाई दर घटकर 2.82 फीसदी पर पहुंच गई है, जो छह साल का सबसे निचला स्तर था। दरअसल, फरवरी खुदरा महंगाई दर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के लक्ष्य से नीचे बनी हुई है।

# अमिताभ कांत ने जी–20 के शेरपा पद से दिया इस्तीफा

एजेंसी

नई दिल्ली। अमिताभ कंात ने जी-20 शेरपा के पद से इस्तीफा दे दिया है। उनको भारत के जी-20 शेरपा के रूप में जुलाई, 2022 में नियुक्त किया गया था। अमिताभ कंात की नियुक्ति भारत की ओर से जी-20 की अध्यक्षता संभालने से कुछ महीने पहले की गई थी। उन्होंने 45 वर्ष की अपनी सरकारी सेवा के दौरान कई कार्यभार संभाले हैं। अमिताभ कंात ने सोमवार को 'एक्स' पोस्ट पर लिखा है कि नए अवसरों को तलाशने और जीवन में एक नया अध्याय शुरू करने का फैसला किया है। अपने इस्तीफ़े के साथ उन्होंने भारत के जी-20 शेरपा के रूप में अपना इस्तीफा स्वीकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने लिखा है कि प्रधानमंत्री ने मुझे कई विकासात्मक पहलों को आगे बढ़ाने और भारत की वृद्धि, विकास और प्रगति में योगदान करने का अवसर दिया। उन्होंने आगे लिखा है कि मैं अपने सभी सहकर्मियों, साथियों और मित्रों का उनके धैर्य, समझ और समर्थन के लिए आभारी हूं। अब मैं मुक्त उद्यम, स्टार्टअप, थिंक टैंक और शैक्षणिक संस्थानों को सुविधा और समर्थन देकर विकसित भारत की ओर भारत की परिवर्तनकारी यात्रा में योगदान देने के लिए तत्पर हं। इस अविश्वसनीय यात्रा का हिस्सा बनने के लिए आप सभी का धन्यवाद। मेरी लिंक्ड इन पोस्ट संलग्न है। अमिताभ कंात ने अपने करियर के महत्वपूर्ण मील के पत्थरों पर प्रकाश डालते हुए 2023 में भारत की जी-20 प्रेसीडेंसी को याद किया। उन्होंने कहा, ''भारत ने अफ्रीकी संघ को जी-20 में सफलतापूर्वक शामिल किया, जिससे वैश्विक समानता और वैश्विक दक्षिण की आवाज़ के प्रति भारत की प्रतिबद्धता पूरी हुई।'' कंात ने सरकार की कुछ प्रमुख पहलों जैसे कि ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस, मेक इन इंडिया और स्टार्टअप इंडिया को आगे बढ़ाया, जिससे देश को विश्व बैंक की रैंकिंग में 79 पायदान ऊपर चढ़ने में मदद मिली।

## संक्षिप्त समाचार

### वेस्टइंडीज ने आयरलैंड को 62 रन से हराकर टी20 श्रृंखला जीती

ब्रेडी (उत्तरी आयरलैंड)। वेस्टइंडीज ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना दूसरा सर्वोच्च स्कोर बनाया और आयरलैंड को 62 रन से हराकर बारिश से प्रभावित तीन मैचों की श्रृंखला 1-0 से जीती। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए एविन लुईस (44 गेंदों में 91 रन) और कप्तान शाई होप (27 गेंदों में 51 रन) के बीच पहले विकेट के लिए 10.3 ओवर में 122 रन की साझेदारी की मदद से पांच विकेट पर 256 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने कुल 20 छक्के लगाए। लुईस ने आठ जबकि होप और कीसी कार्टी ने चार-चार छक्के लगाए। कार्टी ने 22 गेंदों पर नाबाद 49 रन का योगदान दिया। आयरलैंड इसके जवाब में सात विकेट पर 194 रन ही बना पाया। उसकी तरफ से रॉस अडायर (36 गेंदों में 48 रन) और हैरी टेक्टर (25 गेंदों में 38 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 101 रन की साझेदारी की। पहला और दूसरा मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया था। दोनों टीमों ने मई में डबलिन में तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला 1-1 से बराबर की थी।

### क्लब विश्व कप: पेरिस सेंट जर्मेन ने एटलेटिको मैड्रिड को 4-0 से हराया

पासाडेना (अमेरिका)। चैंपियंस लीग में पहली बार चैंपियन बनने के बाद आत्मविश्वास से भरी पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) की टीम ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एटलेटिको मैड्रिड पर 4-0 की जीत के साथ क्लब विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता में अपने अभियान का जोरदार आगाज किया। पीएसजी ने 31 मई को इंटर मिलान को 5-0 से हराकर अपना पहला चैंपियंस लीग खिताब जीतने के बाद अपने पहले मैच में एटलेटिको पर काफी हद तक दबदबा बनाया। विश्व कप 1994 के फाइनल के स्थल रोज बाउल में 80,619 दर्शकों के सामने यूरोप की इन दो दिग्गज टीमों के बीच खेले गए ।

# जम्मू–कश्मीर की चेरी हुई वैश्विक, पहली अंतरराष्ट्रीय खेप को दिखाई गई हरी झंडी

एजेंसी




नई दिल्ली। जम्मू और कश्मीर के बागवानी क्षेत्र को बढ़ावा देते हुए कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के तत्वावधान में प्रीमियम गुणवत्ता वाली कश्मीरी चेरी की पहली अंतरराष्ट्रीय खेप को आधिकारिक तौर पर रवाना किया गया, जो वैश्विक ताजा उपज बाजारों में घाटी के प्रवेश करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि जम्मू-कश्मीर से प्रीमियम चेरी की पहली वाणिज्यिक खेप सऊदी अरब और यूएई के लिए रवाना हुई। इससे हमारे चेरी किसानों के लिए एक बड़ा बाजार खुल गया है, जिन्हें अब अपनी उपज के लिए बेहतर कीमत मिलेगी। पीयूष गोयल ने आगे लिखा है मोदी सरकार भारत को प्रीमियम कृषि उत्पादों के वैश्विक आपूर्तिकर्ता के रूप में स्थापित करने के लिए रसद संबंधी कमियों को दूर करने में जुटी है। ये उपलब्धि भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अधीन कार्यरत कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के तत्वावधान में हासिल की गई है। ताजा चेरी की यह पहली खेप संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब को निर्यात की जा रही है, जो कश्मीरी बागवानी उत्पादों के लिए एक संरचित वैश्विक निर्यात पाइपलाइन की शुरुआत है।

# सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट, सोना और चांदी की घटी कीमत

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज मामूली गिरावट नजर आ रही है। सोना आज 150 रुपये से लेकर 170 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हुआ है। भाव में कमजोरी आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,01,510 रुपये से लेकर 1,01,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 93,050 रुपये से लेकर 93,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी आज 100 रुपये की मामूली कमजोरी आई है, जिसके कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 1,09,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,01,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 93,200 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,01,510 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 93,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,01,560 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,100 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,01,510 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 93,050 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,01,510 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 93,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,01,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 93,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 93,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,01,660 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 93,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना सस्ता हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 1,01,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।


## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता, कर्मशाला, उत्तर रेलवे, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | विद्युत / डब्ल्यू0 / आलमबाग / 203 / 2025–26 |
| क | कार्य का विवरण | कैरेज एण्ड वैगन वर्कशाप, आलमबाग, लखनऊ में एस0बी0सी0 एवं आर0एम0पी0यू0 से सम्बन्धित विभिन्न उपकरणों के मरम्मत एवं आवश्यकतानुसार बदलने का कार्य। |
| ख | अनुमानित लागत | रू0 99,35,110/– |
| ग | धरोहर राशि | रू0 1,98,700/– |
| घ | निविदा प्रपत्र मूल्य | शून्य |
| ङ | कार्य समापन अवधि | 24 माह |
| अन्य सूचना | | |
| 3 | निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि एवं समय | 08.07.2025 को अपरान्ह 15:00 बजे तक। |
| 4 | निविदा खुलने की तिथि व समय | 08.07.2025 को अपरान्ह 15:00 बजे के बाद। |

• निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा निर्धारित तिथि के अनुसार भरा जा सकता है। • मैनुअल आफर पर विचार नहीं किया जायेगा। • निविदाकर्ता निविदा फार्म की धरोहर राशि का भुगतान केवल www.ireps.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली द्वारा ही किया जायेगा। • डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/डिपॉजिट रसीद/एफ०डी०आर० या अन्य किसी रूप में निविदा धरोहर धनराशि का भुगतान स्वीकार नहीं किया जायेगा। • प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज़ की प्रस्तुति एवं उससे संबन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। **निविदा संख्या:– विद्युत / डब्ल्यू0 / आलमबाग / 203 / 2025–26 दिनांक: 16.06.2025** 1785/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# गुणवत्ता युक्त दवाओं तक सार्वभौमिक पहुंच जरुरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत ने वैश्विक स्तर पर गुणवत्ता युक्त दवाओं की सार्वभौमिक पहुंच पर बल देते हुए कहा है कि संबद्ध देशों के औषधि नियामकों को आपसी सहयोग और संवाद आवश्यक है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने सोमवार को यहां भारतीय फार्माकोपिया आयोग के नीति निर्माताओं के द्वितीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारत संवाद और नियोजन से अपने साझेदार देशों की सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और नियामक सहयोग को आगे बढ़ाने तथा फार्माकोपियल मानकों की मान्यता को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करना जारी रखने की आशा कर रहा है, ताकि 'सभी के लिए स्वास्थ्य' के साझा लक्ष्य की दिशा में तेजी से प्रयास किये जा सकें। गुणवत्तापूर्ण दवाओं तक समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता और वैश्विक स्वास्थ्य समानता के लिए नियामक सामंजस्य के महत्व पर जोर देते हुए श्रीमती पटेल ने कहा कि भारत किफायती स्वास्थ्य सेवा समाधानों के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में उभरा है और ज्ञान-साझाकरण, क्षमता-निर्माण और स्वास्थ्य कूटनीति से अन्य देशों के साथ अपनी साझेदारी को गहरा करना चाहता है। उन्होंने जन औषधि केंद्र उल्लेख करते हुए कहा कि टीके उपलब्ध कराने की दिशा में भारत ने बहुत तेज प्रगति की है। भारत टीकों का अग्रणी आपूर्तिकर्ता बना हुआ है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के कुल टीकों में से 70 प्रतिशत भारत के होते हैं। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान भारत ने 'वैक्सीन मैत्री' पहल शुरू की और एक सौ से अधिक मित्र देशों को टीके की आपूर्ति की।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत जेनेरिक दवा निर्माण में अग्रणी बना हुआ है। अमेरिका में जेनेरिक दवाओं का 14 प्रतिशत हिस्सा भारत से आता है।

# आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में विश्व में अग्रणी बनने की दिशा में बढ़ रहा है भारत : शाह

एजेंसी



नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भारत आपदाओं के प्रबंधन में क्षमता, दक्षता, गति और सटीकता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल कर विश्व में अग्रणी देश बनने की दिशा में बढ रहा है।

श्री शाह ने सोमवार को यहां राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के राहत आयुक्तों तथा आपदा मोचन बलों के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने पिछले दो वर्षों में राहत तथा आपदा प्रबंधन से जुड़ी सभी एजेंसियों की विभिन्न कार्यशालाओं को एक ही बैठक के तहत लाकर संपूर्ण सरकार के दृष्टिकोण के साथ एक वैचारिक मंच बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इससे कमियों को दूर करने और पूरे देश को आपदा से लड़ाइ के लिए तैयार करने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि इससे सभी हितधारक और एजेन्सियां मिलकर अच्छे तालमेल से काम कर पाती हैं। गृह मंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण पूरा विश्व आपदाओं से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और आपदा प्रतिरोधी अवसंरचना के लिए राष्ट्रीय गठबंधन (सीडीआरआई) के योगदान के कारण भारत आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की दिशा में अग्रसर है।

श्री शाह ने कहा कि जब भी भारत के आपदा प्रबंधन का इतिहास लिखा जाएगा तो मोदी सरकार के ये दस वर्ष परिवर्तनकारी दशक के रूप में दर्ज किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने क्षमता, गति, दक्षता और सटीकता के चारों क्षेत्रों में बड़ी उपलब्धियाँ हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि न सिर्फ क्षमता को बढ़ाया गया बल्कि उसे संवर्धित कर तहसील तक पहुंचाने का काम किया गया है। गति का भी ध्यान रखा गया है क्योंकि समय पर आपदा से लोगों को बचाना सबसे महत्वपूर्ण होता है। आधुनिक तकनीक और समर्पित स्वभाव वाले आपदा मोचन बल के कारण दक्षता में भी वृद्धि हुई है और सटीकता के साथ पूर्वानुमान तथा अग्रिम सूचना पहुंचाकर समाज को जागृत कर उसे आपदा प्रबंधन में राहत और बचाव के काम में जोड़ने में सफलता प्राप्त की गयी है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आपदा प्रबंधन को लेकर दृष्टिकोण में बहुत बड़ा परिवर्तन आया है।

इससे 'ज़ीरो कैजुअल्टी' के लक्ष्य को सफलता के साथ हासिल किया गया है। इसके साथ ही अब दृष्टिकोण राहत केन्द्रित से बदलकर समग्र और एकीकृत बना है। उन्होंने कहा कि अब केन्द्र सरकार, राज्य सरकारें और स्थानीय इकाइयां एक इकाई के रूप में आपदाओं का सामना करने के लिए आगे आ रही हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले दस वर्षों में देश का हर युवा इस मदद की भावना के साथ आपदाओं से लड़ने के लिए तैयार होगा। श्री शाह ने कहा कि भारत ने पूर्व चेतावनी प्रणाली के विकास में बहुत कुछ हासिल किया है, यथासमय पूर्व तैयारी को कैलेंडर के साथ जोड़ा गया है। सक्रिय निवारण और शमन में वैज्ञानिक तरीके से पद्धति को तैयार किया गया है औऱ आपदा जोखिम के न्यूनीकरण में भी बड़ी सफलता प्राप्त की गयी है। उन्होंने कहा कि भारत ने 'न्यूनतम कैजुअल्टी' के लक्ष्य पर चलते हुए 10 वर्षों में 'जीरो कैजुअल्टी' के लक्ष्य को हासिल कर पूरे विश्व को अचंभित किया है।

गृह मंत्री ने कहा कि सरकार ने आपदा प्रबंधन के लिए हर क्षेत्र में बजट को बढावा गया है। पन्द्रहवें वित्त आयोग के 14वें आयोग के अनुपात में बजट में 4 गुना वृद्धि की गयी है। राष्ट्रीय स्तर पर भी 68 हजार करोड़ रुपये से पहली बार राष्ट्रीय आपदा जोखिम प्रबंधन कोष की रचना की गयी है। उन्होंने कहा कि अंतराज्यीय मॉक ड्रिल को वार्षिक कार्यक्रम बनाया जायेगा।

# मनरेगा खत्म करने करने की कोशिश में मोदी सरकार, यह संविधान के खिलाफ अपराध : खरगे

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के आवंटन में कटौती करके इसे खत्म करने की कवायद में जुटी है, जो संविधान के खिलाफ अपराध है।

उन्होंने खबरों का हवाला देते हुए दावा किया कि मोदी सरकार ने अब वर्ष के पहले 6 महीनों के लिए मनरेगा खर्च की सीमा 60 प्रतिशत तय कर दी है। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''मोदी सरकार गरीबों की जीवन-रेखा मनरेगा को तड़पा-तड़पा कर ख़त्म करने की कवायद में जुटी है। मोदी सरकार ने अब वर्ष के पहले 6 महीनों के लिए मनरेगा खर्च की सीमा 60 प्रतिशत तय कर दी है। मनरेगा जो संविधान के तहत काम के अधिकार का क़ानूनी अधिकार सुनिश्चित करती है, उसमें कटौती करना संविधान के ख़िलाफ़ अपराध है। उन्होंने सवाल किया, ''क्या ऐसा मोदी सरकार केवल इसलिए कर रही है, क्योंकि वो गरीबों की जेब से करीब 25,000 रुपये करोड़ छीनना चाहती है, जो कि हर साल, साल के अंत तक, मांग ज़्यादा होने पर उसे अगले वित्तीय वर्ष में अलग से ख़र्च करने पड़ते हैं? खरगे ने कहा कि मनरेगा एक मांग आधारित योजना है, इसलिए यदि आपदाओं या प्रतिकूल मौसम की स्थिति में पहली छमाही के दौरान मांग में वृद्धि होती है, तो क्या होगा? क्या ऐसी सीमा लागू करने से उन गरीबों को नुकसान नहीं होगा, जो अपनी आजीविका के लिए मनरेगा पर निर्भर हैं? उन्होंने कहा, ''सीमा पार हो जाने पर क्या होगा? क्या राज्य मांग के बावजूद रोज़गार देने से इनकार करने के लिए मजबूर होंगे, या श्रमिकों को समय पर भुगतान के बिना काम करना होगा? कांग्रेस अध्यक्ष ने सवाल किया कि क्या ये सच नहीं कि एक ताज़ा रिपोर्ट के अनुसार, केवल 7 प्रतिशत परिवारों को वादा किए गए 100 दिन का काम मिल पाया है? खरगे ने पूछा, ''करीब 7 करोड़ पंजीकृत श्रमिकों को मनरेगा से आधार आधारित भुगतान की शर्त लगाकर बाहर क्यों किया गया? 10 वर्षों में मनरेगा बजट का पूरे बजट के हिस्से में सब से कम आवंटन क्यों किया गया? ग़रीब विरोधी मोदी सरकार, मनरेगा मजदूरों पर जुल्म ढाने पर क्यों उतारू है? उन्होंने इस बात पर जोर दिया, ''मनरेगा पर ख़र्च रोकने की कुल्हाड़ी, हर ग़रीब के जीवन पर मोदी सरकार द्वारा किया गया गहरा आघात है। कंाग्रेस पार्टी इसका घोर विरोध करेगी। कंाग्रेस अध्यक्ष ने आग्रह किया, ''मनरेगा श्रमिकों के लिए रोजाना 400 रुपये की न्यूनतम मजदूरी तय की जाए। दूसरी, साल में कम से कम 150 दिन का काम मिले।

# उड्डयन क्षेत्र में सुरक्षा को प्राथमिकता नहीं देने की लापरवाही चिंताजनक: कांग्रेस

नयी दिल्ली। कंाग्रेस ने उड्डयन क्षेत्र में सुरक्षा को प्राथमिकता नहीं देने की मोदी सरकार की कथित लापरवाही को चिंताजनक करार देते हुए कहा है कि संबंधित संस्थानों में खाली पदों को शीघ्र भरा जाना चाहिए। कंाग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोमवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि रिपोर्टों के अनुसार नागरिक उड्डयन महानिदेशालय, नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में अधिकारियों और कर्मियों की भारी कमी है। आंकडों के हवाले से उन्होंने कहा कि नागरिक उड्डयन महानिदेशालय में 53 प्रतिशत,नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो में 35 प्रतिशत और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में 17 प्रतिशत पद रिक्त हैं। श्री रमेश ने कहा कि कर्मियों की कमी होने से सुरक्षित उड़ान सुनिश्चित संभव नहीं होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि विमानन सुरक्षा, निरीक्षण, विनियमन और परिचालन से संबंधित प्रमुख विभाग आधे से भी कम स्टाफ़ पर कार्य कर रहे हैं।

# तटरक्षक बल के गश्त पोत 'अचल' का जलावतरण

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय तटरक्षक बल के गश्त पोत 'अचल' का सोमवार को गोवा में जलावतरण किया गया जिससे बल की निगरानी क्षमता मजबूत होगी।

गोवा शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा तटरक्षक बल के लिए बनाये जाने वाले आठ पोत में से 'अचल' पांचवां पोत है। इस 'फास्ट पैट्रोल वेसल' का जलावतरण तटरक्षक कमांडर (पश्चिमी समुद्र तट), अतिरिक्त महानिदेशक अनिल कुमार हरबोला की उपस्थिति में श्रीमती कविता हरबोला ने किया।

इस पोत को अमेरिका और भारत के जहाजरानी पंजीकरण से दोहरा प्रमाणन हासिल है और इसमें 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल किया



गया है। पोत की लंबाई 52 मीटर , चौड़ाई 8 मीटर और इसका वजन 320 टन है। यह पोत 27 समुद्री मील प्रति घंटे की रफ्तार से चलने में सक्षम है। यह पोत भारतीय तटरक्षक बल और गोवा शिपयार्ड के बीच दीर्घकालिक साझेदारी में मील का पत्थर है। यह रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में सामूहिक प्रयास को और मजबूत करता है। इस पोत के निर्माण पर 473 करोड़ रूपये की अनुमानित लागत आयेगी। समारोह में शिपयार्ड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक ब्रजेश कुमार उपाध्याय के साथ-साथ नौसेना, तटरक्षक बल और शिपयार्ड के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।

# पेज एक का शेष

## गृह मंत्रालय ने...

करने के ऑपरेशन (एचएलओ) में प्रत्येक घर की आवासीय स्थिति, संपत्ति और सुविधाओं का विवरण एकत्र किया जाएगा। इसके बाद, दूसरे चरण यानी जनसंख्या गणना (पीई) में प्रत्येक घर में प्रत्येक व्यक्ति की जनसांख्यिकीय, सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक और अन्य जानकारी एकत्र की जाएगी। जनगणना गतिविधियों के लिए लगभग 34 लाख गणनाकार और पर्यवेक्षक तथा लगभग एक लाख 30 हजार जनगणना कार्यकर्ता तैनात किए जाएंगे। यह जनगणना शुरू से अब तक की 16वीं और स्वतंत्रता के बाद की 8वीं जनगणना है। आगामी जनगणना मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग करके डिजिटल माध्यम से की जाएगी। लोगों को स्व-गणना का प्रावधान भी उपलब्ध कराया जाएगा। संग्रह, प्रेषण और भंडारण के समय डेटा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बहुत कड़े डेटा सुरक्षा उपाय लागू किए जाएंगे।

## बगैर पैसे के पहलगाम...

से अधिक अधिकार क्षेत्रों के मूल्यांकन में योगदान देने वाले विशेषज्ञों का समर्थन करने के लिए आतंकवादी वित्तपोषण जोखिम पर मार्गदर्शन विकसित किया है। एफएटीएफ पिछले 10 वर्षों से देशों को आतंकवादी वित्तपोषण जोखिम से दूर रहने में मदद करने के लिए काम कर रहा है।

## कुछ लोगों को ...

पर्व त्योहार के उत्साह और उमंग को फीका करते हैं। उन्होंने समाज को बांटने वालों को बेनकाब करने की बात भी कही। उन्होने 'मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना' के तहत पूरे उत्तर प्रदेश के 11,690 किसान परिवारों को 561.86 करोड़ रुपये की सहायता राशि वितरित करने की बात कही। इसमें अम्बेडकरनगर के 431 परिवार शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना में किसानों, बटाईदारों, कृषि श्रमिकों और उनके परिवार के सदस्यों को शामिल किया गया है। योजना के तहत 2020-21 से 2025-26 तक क्रमशः ?500 करोड़ से ?1,050 करोड़ तक की धनराशि उपलब्ध कराई गई है। मुख्यमंत्री ने कहा, ल्लपैसे की कमी नहीं है। हम हर तहसील में इस कार्यक्रम को चला रहे हैं ताकि आपदा प्रभावित किसान परिवारों को तुरंत सहायता मिले। मुख्यमंत्री ने शिव बाबा धाम और श्रवण धाम के पर्यटन विकास पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिव बाबा धाम में कई कार्य पूरे हो चुके हैं और शेष कार्य प्रगति पर हैं। श्रवण धाम को मातृ-पितृ भक्ति के केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इसके अतिरिक्त, तहसील भीटी में अग्निशमन केंद्र और फायर ब्रिगेड यूनिट की स्थापना को मंजूरी दी गई है, जिसका शिलान्यास जल्द होगा। इन प्रयासों से क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के साथ-साथ पर्यटन और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। लोकार्पित और शिलान्यास की गई परियोजनाओं में लोक निर्माण विभाग की 14, जल जीवन मिशन की 72, विद्युत विभाग की 4, सुरक्षा से संबंधित 6, नलकूप की 13 परियोजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा, राजे सुल्तानपुर में मुख्यमंत्री कल्याण मंडपम का लोकार्पण, ग्रामीण स्टेडियम का शिलान्यास, राजकीय आईटीआई, पॉलिटेक्निक, मेडिकल कॉलेज, पेयजल, सड़क विकास और नर्सरियों के पुनरोद्धार जैसी योजनाएं जनपद के विकास को गति देंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये योजनाएं अम्बेडकरनगर को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगी। योगी ने चिकित्सकों, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, एएनएम और रोजगार सेवकों को नियुक्तिपत्र वितरित किए। उन्होंने बताया कि हाल ही में गृहमंत्री अमित शाह के हाथों 60 हजार से अधिक युवाओं को उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही के रूप में नियुक्तिपत्र दिए गए, जिनमें 12 हजार से अधिक बेटियां शामिल हैं। उन्होंने 2017 से पहले की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि पहले नौकरियों की बोली लगती थी, लेकिन अब योग्यता के आधार पर नौजवानों को उनका हक मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति पर बल देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश अब दंगा मुक्त और अपराध मुक्त हो चुका है। उन्होंने चेतावनी दी कि बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा को खतरा पहुंचाने वालों को कड़ा दंड दिया जाएगा। उन्होंने कहा, ल्लकानून का डंडा ऐसा चपेटे में लेगा कि सात पीढ़ियां याद रखेंगी।ङ्क इसके अलावा, राजस्व वादों के लिए समय सीमा तय की गई है, ताकि गरीबों को त्वरित न्याय मिले। उन्होने निराश्रित महिलाओं के लिए पेंशन योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसी महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके साथ ही, आगामी सावन माह की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि यह पर्व उत्साह और उमंग का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब बीमारू राज्य की छवि से बाहर निकलकर देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था बन चुका है। अम्बेडकरनगर में हो रहे विकास कार्य, जैसे मेडिकल कॉलेज, पॉलिटेक्निक, और पर्यटन विकास, जनपद को नई पहचान दे रहे हैं। उन्होंने कटेहरी के मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने धर्मराज निषाद जैसे गरीब परिवार के बेटे को विधायक बनाकर क्षेत्र की प्रगति में योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि 20 से 25 हजार की आबादी वाले बाजारों को नगर पंचायत बनाया जा सकता है, बशर्ते वो मानक को पूरा करें। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव, एमएलसी हरिओम पांडेय, विधायक धर्मराज निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा, जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी, त्रिवेणी राम, संजू देवी, अनिता कमल, जयराम विमल सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## पटाखा फैक्ट्री में ...

मंजर डरावना बना और मृतकों के स्वजन में कोहराम मच गया। धमाके के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने भी महिलाओं के शवों को काफी जिद्दोजहद के बाद मलबे में से बाहर निकाला। आसपास के थानों की पुलिस फोर्स और दमकल विभाग के लोग मौके पर पहुंचे और सुलगती हुई आग को बुझाया। अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया, मुख्य अग्निशमन अधिकारी अनिल कुमार आदि लोग पहुंच गए।

## मेरठ से सिपाहियों ...

संस्तुति की है। यातायात निदेशालय ने इस बार कुछ अलग तरीके से ट्रैफिक प्रबन्धन किया था ताकि सिपाहियों को उनके लाने के स्थान से लेकर लौटने तक कहीं कोई गड़बड़ी न रहे। एडीजी ट्रैफिक के. सत्यनारायण ने परिवहन विभाग के अफसरों से कहा था कि जो भी बस सिपाहियों को लेकर लखनऊ आएगी, उसके बस ड्राइवर का मेडिकल परीक्षण जरूर कराया जाएगा। साथ ही बस का फिटनेस प्रमाण पत्र जरूरी होगा। हर बस में जीपीएस जरूर होगा। इसके अलावा ड्राइवर लाइव लोकेशन पर रहेगा। जब 14 जून को मेरठ की दो बसों में चार ड्राइवर गए तो उनका मेडिकल टेस्ट हुआ। फिर ब्रेथ एनालाइजर से परीक्षण हुआ तो उनके शराब पीने की पुष्टि हुई थी। बताया जाता है कि ड्राइवर बदलने पर ही बस वहां से रवाना की गई। अब इन ड्राइवरों के खिलाफ कार्रवाई तय मानी जा रही है। इस कार्यक्रम के लिए हर बस में दो ड्राइवर जरूर रखने को कहा गया था। करीब 2500 ड्राइवरों की व्यवस्था की गई थी।

## ईरान पर...

में अब तक 24 लोग मारे गए हैं, जबकि 600 से ज्यादा घायल हैं। जरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी अधिकारियों के उस दावे को खारिज किया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि इजरायल ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को मारना चाहता था लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उसे ऐसा करने से रोक दिया। गौरतलब है कि इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) की ओर से किये गये हमलों में ईरान के कई शीर्ष अधिकारी मारे गये थे, जिनमें इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) कमांडर जनरल होसैन सलामी और ईरानी सेना के चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (सीओएएस) जनरल मोहम्मद बाघेरी शामिल थे। श्री नेतन्याहू ने इस अभियान को ईरानी परमाणु बुनियादी ढांचे पर 'पूर्व-खाली हमला' बताया था। अमेरिका की डिजिटल मीडिया पोलिटिको की रिपोर्ट के अनुसार श्री खामेनेई के प्रति शत्रुता के भाव के बावजूद श्री ट्रम्प उन्हें एक समझौते पर पहुंचने के लिए बातचीत की मेज पर लाने के लिए तैयार है जो दोनों देशों के लिए व्यवहारिक हो और दोनों को स्वीकार्य हो ताकि कूटनीति के जरिये इजरायल-ईरान के बीच खतरनाक टकराव रोका जा सके। श्री ट्रम्प ने इजरायली हमलों के बाद श्री खामनेई को अल्टीमेटम देते हुए शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा था ल्ल इससे पहले की कुछ भी न बचे ईरान को समझौता कर लेना चाहिए और ईरानी साम्राज्य को बचाना चाहिए। श्री नेतन्याहू ने हालांकि रिपोर्ट को गलत बताते हुए इसकी निंदा की है। उन्होंने रविवार को फॉक्स न्यूज से कहा, ल्ल ऐसी कई झूठी रिपोर्ट हैं जो कभी हुई ही नहीं और मैं इसमें नहीं पड़ने वाला। लेकिन मैं आपको बता सकता हूं कि हमें जो करना चाहिए, हम वही करेंगे और मुझे लगता है कि अमेरिका जानता है कि उसके लिए क्या अच्छा है। इस दौरान उन्होंने इस बात से इनकार नहीं किया कि ईरान के साथ इजरायल के युद्ध में शासन परिवर्तन उनके लक्ष्य का हिस्सा था। उन्होंने कहा ल्ल यह निश्चित रूप से परिणाम हो सकता है, क्योंकि ईरान शासन बहुत कमजोर है। मुझे लगता है कि उसके पास मूल रूप से दो चीजें बची हैं, परमाणु बम और बैलिस्टिक मिसाइल रखने की उनकी योजना। अमेरिका में इजरायल के राजदूत येचिएल लीटर ने भी रविवार को श्री खामेनेई पर कार्रवाई की संभावना से इनकार नहीं किया था। उन्होंने एबीसी न्यूज चैनल से कहा मुझे लगता है कि यह कहना उचित होगा कि जो कोई भी इजरायल के विनाश की धमकी दे रहा है, उसे लक्ष्य सूची से बाहर नहीं किया जाना चाहिए। लेकिन हम ऑनलाइन विशिष्ट व्यक्तियों पर चर्चा नहीं करेंगे।

## यह युग युद्ध...

में एक नया अध्याय लिखने का ''स्वर्णिम अवसर'' है। पिछले दो दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस की यह पहली यात्रा है। सोमवार को राष्ट्रपति भवन पहुंचने पर उनका स्वागत किया गया। बाद में, मोदी ने भारत-साइप्रस संबंधों को बढ़ावा देने के लिए कई मुद्दों पर चर्चा करने के लिए राष्ट्रपति के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। विदेश मंत्री एस जयशंकर, विदेश सचिव विक्रम मिसरी और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल वार्ता के दौरान मौजूद थे। साइप्रस पहुंचने के तुरंत बाद मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''यह यात्रा भारत-साइप्रस संबंधों को महत्वपूर्ण गति प्रदान करेगी, खासकर व्यापार, निवेश और अन्य क्षेत्रों में। संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के दौरान साइप्रस के राष्ट्रपति ने कहा, ''हमने प्रधानमंत्री के साथ साइप्रस मुद्दे पर भी चर्चा की।'' उन्होंने विवादित उत्तरी क्षेत्र का जिक्र करते हुए कहा कि तुर्किये के ''अवैध कब्जे'' को साइप्रस समाप्त करना चाहता है। उन्होंने कहा, ''हम भारत और उसके लोगों के समर्थन के लिए साइप्रस गणराज्य की ओर से आभार व्यक्त करते हैं। साइप्रस की क्षेत्रीय अखंडता और हमारे एकीकरण के लिए समर्थन। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि लोकतंत्र और कानून का शासन में परस्पर विश्वास ''हमारे संबंधों की मजबूत नींव'' है। उन्होंने कहा, ''हमारे संबंध न तो परिस्थितियों से बने हैं और न ही सीमित हैं। हम एक-दूसरे की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करते हैं।'' दोनों देशों के साझा मूल्यों और द्विपक्षीय संबंधों की भविष्य की दिशा को रेखांकित करते हुए मोदी ने कहा, ''हम साथ मिलकर भविष्य को आकार देंगे। मोदी ने कहा कि साइप्रस भारतीयों के लिए भी पसंदीदा पर्यटन स्थल है और दोनों देशों के बीच सीधी उड़ान के लिए प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा, ''सांस्कृतिक संबंधों को कैसे प्रगाढ़ किया जाए, हमने इस पर भी चर्चा की। साइप्रस में योग और आयुर्वेद की लोकप्रियता बढ़ रही है, जिसे देखकर खुशी होती है। पर्यटन एक और क्षेत्र है, जहां काफी संभावनाएं हैं। हमने संपर्क को बेहतर बनाने के तरीकों पर भी विचार-विमर्श किया। भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) और भारत-यूरोपीय संघ संबंधों पर भी उनकी बातचीत के दौरान चर्चा हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने साइप्रस के राष्ट्रपति को भारत आने का न्योता भी दिया। मोदी ने यहां क्रिस्टोडौलिडेस के साथ व्यापक वार्ता के बाद उनके साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''हम दोनों ने पश्चिम एशिया और यूरोप में चल रहे संघर्षों पर चिंता जताई। उनका नकारात्मक प्रभाव केवल उन क्षेत्रों तक ही सीमित नहीं है। हम दोनों का मानना है कि यह युद्ध का युग नहीं है। बातचीत के जरिए समाधान और स्थिरता बहाल करने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी यात्रा भारत-साइप्रस संबंधों में एक नया अध्याय लिखने का एक ''स्वर्णिम अवसर'' है। घोषणापत्र में साझा मूल्यों और वैश्विक प्रतिबद्धताओं के बारे में दोनों नेताओं ने शांति, लोकतंत्र, कानून के शासन, प्रभावी बहुपक्षवाद और सतत विकास के प्रति अपनी साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून पर आधारित नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था के लिए अपने समर्थन की पुष्टि की, जिसमें नौवहन की स्वतंत्रता और संप्रभु समुद्री अधिकारों के संबंध में समुद्र के कानून पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (यूएनसीएलओएस) पर विशेष जोर दिया गया। दोनों नेताओं ने सभी राष्ट्रों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए अपने अटूट समर्थन की पुष्टि की। उन्होंने मध्य पूर्व की स्थिति और यूक्रेन में युद्ध सहित अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। दोनों नेताओं ने परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह में शामिल होने के भारत के मूल्य को मान्यता देते हुए वैश्विक अप्रसार संरचना को बनाए रखने के महत्व पर भी चर्चा की। नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र और राष्ट्रमंडल सहित अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के भीतर समन्वय को मजबूत करने का अपना इरादा व्यक्त किया और 2024 एपिया राष्ट्रमंडल महासागर घोषणा को लागू करने पर मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की, जिसमें महासागर शासन को वैश्विक स्थिरता और लचीलेपन के स्तंभ के रूप में उजागर किया गया। इस संदर्भ में, राष्ट्रमंडल महासागर मंत्रियों की उद्घाटन बैठक अप्रैल 2024 में साइप्रस में आयोजित की गई थी, जिसमें स्थायी महासागर शासन को आगे बढ़ाने और राष्ट्रमंडल सदस्य देशों में क्षमता को मजबूत करने के लिए ब्लू चार्टर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना भी की गई थी।

घोषणापत्र में कहा गया कि दोनों नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की आवश्यकता पर चर्चा की, जिसमें इसे अधिक प्रभावी, कुशल और समकालीन भू-राजनीतिक चुनौतियों का प्रतिनिधि बनाने के तरीके शामिल हैं। दोनों नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सुधार पर अंतर सरकारी वार्ताओं में आगे बढ़ने के लिए समर्थन व्यक्त किया और पाठ-आधारित वार्ताओं की दिशा में आगे बढ़ने के लिए निरंतर प्रयास करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। साइप्रस ने विस्तारित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक स्थायी सदस्य के रूप में भारत के साथ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार के प्रतिनिधि चरित्र को बढ़ाने के लिए अपना समर्थन दोहराया। दोनों पक्ष बहुपक्षीय मंचों पर एक-दूसरे की उम्मीदवारी का समर्थन करने सहित संयुक्त राष्ट्र में घनिष्ठ सहयोग और एक-दूसरे का समर्थन करने पर सहमत हुए। घोषणापत्र में दोनों देशों के बीच राजनीतिक संवाद के बारे में कहा गया कि दोनों पक्ष नियमित राजनीतिक बातचीत करने और अन्य बातों के साथ-साथ साइप्रस के विदेश मंत्रालय और भारतीय विदेश मंत्रालय के बीच मौजूदा द्विपक्षीय तंत्रों का उपयोग करने पर सहमत हुए, ताकि विभिन्न क्षेत्रों में समन्वय को सुव्यवस्थित किया जा सके और सहयोग को आगे बढ़ाया जा सके। उपरोक्त सक्षम मंत्रालय दोनों देशों के सक्षम अधिकारियों के साथ घनिष्ठ समन्वय में तैयार की जाने वाली कार्य योजना में शामिल सहयोग के क्षेत्रों के कार्यान्वयन का अवलोकन और निगरानी करेंगे। साइप्रस और भारत ने संयुक्त राष्ट्र के सहमत ढांचे और प्रासंगिक संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद प्रस्तावों के अनुसार राजनीतिक समानता के साथ एक द्वि-क्षेत्रीय, द्विसदनीय संघ के आधार पर साइप्रस प्रश्न का व्यापक और स्थायी समाधान प्राप्त करने के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा सुगम प्रयासों को फिर से शुरू करने के लिए अपनी मजबूत प्रतिबद्धता व्यक्त की। भारत ने साइप्रस की स्वतंत्रता, संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और एकता के लिए अपने अटूट और निरंतर समर्थन को दोहराया।

# मुख्यमंत्री नीतीश ने मीठापुर-महुली-पुनपुन परियोजना एलिवेटेड/एटग्रेड सड़क का किया लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना जिला के भूपतिपुर में आयोजित कार्यक्रम स्थल से मीठापुर-महुली-पुनपुन परियोजना अंतर्गत 1105 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित भूपतिपुर से पुनपुन (एनएच-22) तक एलिवेटेड/एटग्रेड पथांश का लोकार्पण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पथ के निर्माण से गयाजी, जहानाबाद, अरवल, औरंगाबाद और राजगीर जाने में लोगों को सुविधा होगी। साथ ही दक्षिण बिहार के विभिन्न जिलों में आना-जाना भी अब बेहद आसान हो जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश ने कहा कि पटना को जाम मुक्त बनाने और शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने में यह एलिवेटेड सड़क काफी उपयोगी होगी। इस एलिवेटेड सड़क के शुरू होने से राजधानी के दक्षिणी इलाकों में रहनेवाले लाखों लोगों को यातायात में काफी सहूलियत होगी एवं आवागमन में समय की बचत होगी। मुख्यमंत्री लौटने के क्रम में सिपारा के पास रुके। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि मीठापुर-महुली एलिवेटेड का निर्माण सिपारा पुल के ऊपर से होगा और मीठापुर फ्लाईओवर गोलंबर पर आकर मिलेगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस बचे हुये कार्य को दो माह में पूर्ण करें।सिपारा से महुली एलिवेटेड पथ पर जाने के लिए भूपतिपुर के पास बने रैंप से होकर लोग अब सफर कर सकेंगे और सिपारा से महुली की दूरी महज 5 से 6 मिनट में पूरी हो जाएगी। लोकार्पण के पश्चात मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित एलिवेटेड/एटग्रेड पथांश का भूपतिपुर से पुनपुन तक निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री पुनपुन में रुके और वहां उपस्थित लोगों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम पूछा।

# मादक पदार्थों से आय के लाभार्थियों का पता लगाने को मुख्य न्यायाधीश की निगरानी में जांच हो: जाखड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने सोमवार को कहा कि यदि पंजाब सरकार राज्य से नशा माफिया को जड़ से खत्म करने के अपने इरादे और विश्वसनीयता को साबित करना चाहती है, तो उसके लिए 'नशे के पैसों के रास्ते' का अनुशरण कर असली ताक़तवर लाभार्थियों तक पहुँचना अनिवार्य है। श्री जाखड़ ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को लिखे एक पत्र आग्रह किया कि वे पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश शील नागू से इस मामले में हस्तक्षेप कर एक उपयुक्त 'समयबद्ध' जांच किसी विश्वसनीय एजेंसी, या फिर बहु-एजेंसी जांच, मुख्य न्यायाधीश की निगरानी में कराने का अनुरोध करें ताकि नशे के पैसों के असली लाभार्थियों का पर्दाफाश हो सके। उन्होने कहा,ल्लहजारों नशे के आदी लोगों और छोटे मोटे तस्करों की गिरफ्तारी से इस बुराई का खात्मा संभव नहीं है। बड़े लोगों तक पहुँचने और असली लाभार्थियों की गिरफ्तारी के लिए पैसों के प्रवाह की कड़ी को उजागर करना जरूरी है, चाहे वे किसी भी पार्टी के राजनेता हों या अधिकारी। इसके बिना पंजाब में नशे के खिलाफ सरकार का दावा एक दिखावा ही रहेगा।ङ्क उन्होंने कहा कि पंजाब में नशे के कार्टेल किसी न किसी संरक्षण के बिना फल-फूल नहीं सकते, और यह स्थिति काफी समय से बनी हुई है। श्री जाखड़ ने कहा कि पंजाब में नशीली दवाओं की बरामदगी कई हजार करोड़ रुपये में है, जो इस सड़ांध का प्रमाण है। साथ ही, हाल के वर्षों में पंजाब के कई नेताओं की संपत्ति में जबरदस्त इज़ाफा हुआ है। इससे उनके फंड के स्रोत पर संदेह उठता है। किसी का नाम लिए बिना उन्होंने कहा,ल्लजो विधायक पहले साइकिल पर चलते थे, वे अब कई करोड़ की लग्जरी कारों के मालिक हैं। कई लोगों के पास कई एकड़ के फार्महाउस भी हैं।ङ्क चूंकि नशे के पैसों की मात्रा बहुत बड़ी है, इसमें मनी लॉनड्रिंग की भी आशंका है, जिसकी जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) या मुख्य न्यायाधीश द्वारा उपयुक्त मानी गई किसी अन्य एजेंसी से कराई जा सकती है क्योंकि मनी लॉनड्रिंग का मामला बड़े-बड़े रसूखदार लोगों तक जा सकता है। केवल विधायकों और अन्य लोगों द्वारा अनिवार्य आयकर रिटर्न दाखिल कर देने से बात नहीं बनेगी क्योंकि उनके दावों और जमीन पर हकीकत में स्पष्ट अंतर है। श्री जाखड़ ने कहा कि मंत्री, विधायक, पार्टी अध्यक्ष, पार्टी प्रभारी और सभी दलों के नेता इस जांच का हिस्सा बनाए जाएं। साथ ही उन्होंने कहा कि वह स्वयं, एक भाजपा अध्यक्ष के तौर पर, सबसे पहले जांच के लिए तैयार हैं ताकि उनकी और उनकी पार्टी की नीयत व ईमानदारी साबित हो सके। उन्होने कहा, मुख्यमंत्री को प्राथमिकता के आधार पर मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर किसी भी उपयुक्त एजेंसी से जांच शुरू कराने का आग्रह करना चाहिए।

# नौ वर्षों से फरार चल रहे आरोपित को दबोचा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने 9 वर्षों से फरार चल रहे एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी वर्ष 2014 में सीमापुरी में हुए दंगा मामले से जुड़ी है। जिसमें आरोपित ने पुलिस टीम पर पथराव कर चार कर्मियों को घायल कर दिया था। क्राइम ब्रांच के डीसीपी विक्रम सिंह ने बताया कि 9 मई 2014 को उप्र पुलिस की एक टीम, थाना साहिबाबाद के तत्कालीन एसएचओ इंस्पेक्टर उपेंद्र के नेतृत्व में सीमापुरी के एफ-30 पते पर वांछित आरोपितों नौशाद, अजीज और शेरू की गिरफ्तारी के लिए पहुंची थी। तभी आरोपित अकील ने अपने भाई, भतीजे और अन्य साथियों के साथ मिलकर पुलिस टीम पर हमला कर दिया। पथराव में चार पुलिसकर्मी घायल हो गए और एक सरकारी बोलेरो वाहन को भी क्षति पहुंचाई गई। इसके बाद थाना सीमापुरी में मुकदमा दर्ज कर आरोपित अकील को गिरफ्तार किया गया। लेकिन बाद में वह न्यायिक प्रक्रिया से बचते हुए फरार हो गया। 30 सितंबर 2016 को उसे कोर्ट ने भगोड़ा घोषित कर दिया था। डीसीपी के अनुसार 15 जून को हेड कांस्टेबल प्रिंस द्वारा प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर एसआई शैलेन्द्र ने सीमापुरी क्षेत्र से आरोपित अकील को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद स्थानीय थाना पुलिस को सूचित कर आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# उद्योग मंत्री ने परवाहा जाते अत्याधुनिक मशीनों से सुसज्जित माही बेकरी का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अररिया। बिहार सरकार के उद्योग मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री नीतीश मिश्रा ने सोमवार को जिले के परवाहा हाट स्थित माही बेकरी का निरीक्षण किया। ग्रामीण इलाके में अत्याधुनिक मशीनों से सुसज्जित एवं बड़े ही हाइजिन तरीके से तैयार हो रहे बेकरी के उत्पादों का जायजा लिया।उन्होंने बेकरी संचालक आशीष कश्यप से बातचीत की और उत्पादन,वितरण,बैंकिंग सहायता,सुरक्षा और विपणन के साथ मजदूरों की संख्या और संचालन में होने वाली परेशानियों को जानकर समझने की कोशिश की।उन्होंने जिला उद्योग विभाग से मिली सहायता को लेकर भी कई जानकारियां प्राप्त की और बेकरी संचालक को साफ सफाई और गुणवत्ता को सदा बरकरार रखने की सलाह दी। मौके पर उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि राज्य सरकार न केवल बड़े बड़े उद्योग लगाने की दिशा में ही काम करती है।बल्कि लघु और कुटीर उद्योगों के माध्यम से ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम करती है।उन्होंने कहा कि सरकार और उद्योग विभाग अपनी माटी अपना रोजगार के सिद्धांत काम करते हुए छोटे से छोटे और बड़े से बड़े उद्यमियों को प्रोत्साहित करने का काम करती है। फलस्वरूप बिहार में निवेश बढ़ रहा है।उन्होंने बड़े पैमाने पर लगाए गए बेकरी से 50 से अधिक की संख्या में प्रतिदिन रोजगार मिलने के साथ हो सैकड़ों परिवारों के जीवनयापन होने की बात कही।उन्होंने कहा कि उद्योग छोटा हो या बड़ा रोजगार सृजित करने का काम करती है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि युवाओं को गांवों ही जोड़कर रोजगार दिया जाय। बिहार सरकार के उद्योग मंत्री के साथ भाजपा और जदयू के नेता सहित जनप्रतिनिधि शामिल थे। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा, पूर्व विधायक लक्ष्मी नारायण मेहता, परमानंद ऋषिदेव,जदयू जिलाध्यक्ष आशीष पटेल, शाद अहमद बबलू, केशव मोहन चौधरी, कलपु केशरी, निशांत ठाकुर, इंद्रकांत ठाकुर, रविन्द्र ठाकुर, ललित चौधरी, आकाश राजा, राजा मिश्रा, अनुपम सागर आदि मौजूद थे। वहीं मंत्री के साथ जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक कृष्ण कुमार भारती,उप महाप्रबंधक शिव कुमार,परियोजना पदाधिकारी निखिल कश्यप,उद्योग विस्तार पदाधिकारी देवेंद्र कुमार,उग्रणारायण कुमार,विजय कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने भी बेकरी की स्थिति और संचालन का निरीक्षण किया।

# मोहाली में हत्या व दुष्कर्म का आरोपित मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

चंडीगढ़। मोहाली पुलिस ने मुठभेड़ के बाद हत्या, दुष्कर्म व नशा तस्करी समेत कई मामलों में वांछित आरोपित को रविवार की रात एक मुठभेड़ में घायल होने के बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस इस आरोपित को 26 मई से तलाश कर रही थी, लेकिन वह हर बार पुलिस को चकमा देकर फरार हो जाता था। आरोपित की पहचान संदीप कुमार के रूप में हुई है। मोहाली के एसएसपी हरमनदीप सिंह हंस ने सोमवार को बताया कि आरोपित संदीप को फ़ेज-6 के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना में कोई पुलिसकर्मी घायल नहीं हुआ है। एसएसपी ने बताया कि 26 मई को मोहाली फ़ेज-1 में एक हत्या हुई थी। पुलिस ने जब इसकी जांच शुरू की, तो पता चला कि इस मामले में बबलू और संदीप नामक युवक शामिल थे। इस दौरान बबलू बाइक चला रहा था, जबकि संदीप पीछे बैठा हुआ था। संदीप ने ही गोली चलाई थी। इसके बाद दोनों फरार हो गए थे।

# श्री अकाल तख्त साहिब के स्थापना दिवस पर समारोह आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमृतसर। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने आज श्री अकाल तख्त साहिब का स्थापना दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया। इस संबंध में श्री अकाल तख्त साहिब में एक समारोह आयोजित किया गया। श्री अखंड पाठ साहिब के भोग के बाद हजूरी रागी भाई भूपिंदर सिंह के जत्थे ने प्राचीन सारंगी पर गुरबाणी कीर्तन से संगत को निहाल किया। भाई प्रेम सिंह द्वारा अरदास की गयी तथा सचखंड श्री हरमंदिर साहिब के ग्रंथी सिंह साहिब ज्ञानी परविंदरपाल सिंह द्वारा पवित्र हुक्मनामा पढ़ा गया। ज्ञानी परविंदरपाल सिंह ने संगत के साथ आज का इतिहास साझा करते हुए कहा कि छठे गुरु जी ने श्री अकाल तख्त साहिब की रचना करके मीरी-पीरी का सिद्धांत दिया। जुल्म के खिलाफ लड़ने के लिए सिखों को शस्त्र विद्या का अभ्यास करवाया गया तथा राष्ट्र में एकता की भावना पैदा की गयी। गुरु साहिब ने गद्दी पर बैठने के बाद सिख योद्धाओं में जोश भरने के लिए 'ढाडी वारां' शुरू किये। यह सिख इतिहास की वह घटनायें हैं, जिसने राष्ट्र के भीतर गर्व, जुनून और दृढ़ संकल्प का संचार किया।

इस अवसर पर तख्त श्री केसगढ़ साहिब के जत्थेदार एवं श्री अकाल तख्त साहिब के कार्यवाहक जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गडगज ने देश को श्री अकाल तख्त साहिब के स्थापना दिवस की बधाई देते हुये कहा कि श्री गुरु हरगोबिंद साहिब ने रूहानियत के केंद्र सचखंड श्री हरमंदिर साहिब के समक्ष श्री अकाल तख्त साहिब की स्थापना की थी, ताकि राजनीति धर्म के अनुसार हो, ताकि ईश्वरीय न्याय वाला समाज बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि श्री अकाल तख्त साहिब अकाल पुरख का तख्त है, जिसे गुरु साहिब ने स्वयं बनाया था। उन्होंने कहा कि सिख हमेशा श्री अकाल तख्त साहिब को समर्पित रहे हैं और हमेशा समर्पित रहेंगे। अठारहवीं सदी में जब सरकारों ने सिखों को खत्म करने का एलान किया, तो देश ने श्री अकाल तख्त साहिब से ही अगुवाई करते हुए अब्दाली को खदेड़ दिया था। उन्होंने सिख युवाओं से विशेष रूप से अपील की कि आज हमें गुरु से अलग करने के लिए भ्रम फैलाया जा रहा है, जिसका मुकाबला सचेत तरीके से किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए और अपने बच्चों को धर्म से जोड़ना चाहिए ताकि उन्हें ऐसे बुरे प्रभावों से बचाया जा सके।

# नकली प्रोफाइल के जरिए वीडियो कॉल पर न्यूड वीडियो बनाकर ठगे रुपये, दो गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। शाहदरा जिले की साइबर थाना पुलिस ने डिजिटल तरीके से की गई ब्लैकमेलिंग की वारदात का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपित एक फर्जी डेटिंग ऐप प्रोफाइल बनाकर लोगों को जाल में फंसा कर नग्न वीडियो कॉल कर रिकॉर्डिंग करते थे और फिर वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पैसे ऐंठते थे। पुलिस के मुताबिक पीड़ित अंकित कुमार ने साइबर थाना पुलिस क दी शिकायत में बताया कि एक डेटिंग ऐप पर एक महिला से बातचीत शुरू की। बाद में बातचीत व्हाट्सएप्प पर होने लगी। जहां आरोपित महिला ने न्यूड वीडियो कॉल शुरू की। जिसमें अंकित का चेहरा साफ दिख रहा था। उसी दौरान वीडियो रिकॉर्ड कर लिया गया और बाद में उसे वायरल करने की धमकी देकर 35 हजार की मांग की गई। डर के मारे पीड़ित ने पैसा आरोपित के बताए बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिया। जब आरोपितों ने और पैसे मांगने शुरू किए तो पीड़ित ने एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही एसआई श्वेता शर्मा की देखरेख में एक टीम गठित की गई। पुलिस जांच में सामने आया कि 35 हजार की रकम बंधन बैंक के उस खाते में गई, जो मंगल सिंह नामक व्यक्ति के नाम पर ऑनलाइन खोला गया था। यह खाता श्याम सिंह नामक आरोपित ने खुलवाया था और उसका संचालन भी वही कर रहा था। मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी के जरिए ओटीपी लेकर ट्रांजेक्शन को अंजाम दिया गया। पुलिस ने दोनों आरोपितभरतपुर निवासी श्याम सिंह (21) और अलीपुर निवासी मंगल सिंह को दबोचा। पूछताछ में सामने आया कि श्याम सिंह लोगों को पैसा देकर उनके नाम पर बैंक खाते खुलवाता था और फिर उन्हें ठगी के लिए इस्तेमाल करता था। मंगल सिंह को खाता खोलने के बदले 10 हजार रुपये दिए गए।

# ऑपरेशन लगाम के तहत सख्त एक्शन 180 से अधिक वाहनों की जांच

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रुड़की। रुड़की के गंगनहर क्षेत्र में सोमवार को सड़क सुरक्षा और कानून व्यवस्था के उद्देश्य से गंगनहर कोतवाली पुलिस ने 'ऑपरेशन लगाम' के तहत विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 180 से अधिक दोपहिया और चारपहिया वाहनों की गहन जांच की गई, जिनमें काले शीशे, हूटर, सायरन, प्रेशर हॉर्न और अनधिकृत वीआईपी स्टीकर लगे वाहन भी शामिल रहे। अभियान का नेतृत्व कर रहे प्रभारी निरीक्षक गंगनहर ने बताया कि यह अभियान किसी व्यक्ति, संगठन या पद विशेष के खिलाफ नहीं है, बल्कि यह एक व्यवस्थित कानून व्यवस्था और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मुहिम है। उन्होंने कहा कि जो भी वाहन नियमों का उल्लंघन करेगा, उस पर कार्रवाई की जाएगी, चाहे वह किसी भी संगठन या पद से जुड़ा क्यों न हो। इस दौरान एक वाहन, जिस पर भारतीय किसान यूनियन लिखा हुआ था, उसके काले शीशे मौके पर ही उतरवाए गए। साथ ही, वाहन से हूटर हटवाया गया और नियम के तहत उचित कार्रवाई की गई। इसी प्रकार कई अन्य वाहनों पर भी चालान की कार्रवाई की गई, जिनमें गैरकानूनी नंबर प्लेट, स्टंट ड्राइविंग के उपकरण और खुले साइलेंसर लगे पाए गए। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस की इस कार्रवाई का समर्थन किया है। क्षेत्रीय दुकानदार राजेश कुमार ने कहा कि ऐसे अभियान समय-समय पर चलते रहने चाहिए, ताकि सड़कें सुरक्षित रहें और दिखावेबाज गाड़ियों पर रोक लग सके। पुलिस के अनुसार, यह अभियान आगे भी रुड़की शहर और इसके आसपास के क्षेत्रों में जारी रहेगा। सड़क पर चलने वाले प्रत्येक व्यक्ति को यह समझना होगा कि नियम सभी के लिए समान हैं। गौरतलब है कि कुछ समय पहले रुड़की क्षेत्र में ऐसे वाहनों के माध्यम से झगड़े, ट्रैफिक अव्यवस्था और धौंसबाजी की घटनाएं सामने आई थीं। इन्हीं घटनाओं को मद्देनजर रखते हुए ऑपरेशन लगाम' को क्रियान्वित किया गया है, जो आगे भी अनियमितताओं पर लगातार चोट करता रहेगा।

# एडवोकेट धामी ने जसवंत सिंह ईसेवल की पुस्तक 'पाकिस्तान दे गुरुधामा दी यात्रा' का किया विमोचन

अमृतसर। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने सोमवार को जसवंत सिंह ईसेवल की पुस्तक 'पाकिस्तान दे गुरुधामा दी यात्रा' का विमोचन किया। इस पुस्तक में पाकिस्तान स्थित विभिन्न गुरुद्वारा साहिबों का इतिहास संक्षेप में दर्ज है। एसजीपीसी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि 1947 में भारत-पाकिस्तान के विभाजन के दौरान सिखों के प्रिय कई गुरुद्वारा साहिब अलग हो गये थे, जिनके दर्शन और सेवा-रखरखाव के लिए खालसा पंथ द्वारा रोजाना अरदास की जाती है। उन्होंने कहा कि बहुत सारी संगत हैं, जो कठिन वीजा प्रक्रिया के कारण इन गुरुद्वारों के दर्शन करने से वंचित रह जाती हैं और हमारी अगली पीढ़ी में बहुत से लोग ऐसे हैं, जिन्हें पाकिस्तान स्थित अधिकतर गुरुद्वारा साहिबों के इतिहास की जानकारी नहीं है। एडवोकेट धामी ने कहा कि श्री ईसेवल की इस पुस्तक में पाकिस्तान में सिख इतिहास से संबंधित गुरुद्वारा साहिबों और स्मारकों के बारे में संक्षिप्त जानकारी है। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक सिख श्रद्धालुओं के लिए उपयोगी सिद्ध होगी तथा पाठकों को अपने गुरुद्वारों के इतिहास के बारे में जानकारी मिलेगी।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063